RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 290
नई दिल्ली, रविवार, 27 अगस्त, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




शासन का आधार है मंत्रिमंडल
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# चांद पर जहां लैंडर उतरा, शिवशक्ति पॉइंट कहलाएगा: मोदी

- चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों से मिलकर भावुक हुए पीएम ने कहा-आप लोगों के दर्शन करना चाहता था, सुबह यूनान की राजधानी एथेंस से सीधे बेंगलुरु पहुंचे मोदी
- कहा-23 अगस्त का दिन राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा, चंद्रयान-2 ने 2019 में जहां अपने पदचिह्न छोड़े थे, उसे तिरंगा पॉइंट के नाम से जाना जाएगा





चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर सफल लैंडिंग पर बेंगलुरु में शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**पीएनएस/एजेंसी।** बेंगलुरु/नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की कि चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल का नाम शिवशक्ति पॉइंट रखा जाएगा और 23 अगस्त का दिन राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

शिखर वार्ता के बाद आज सुबह यूनान की राजधानी एथेंस से सीधे बेंगलुरु पहुंचे मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए और उनसे बातचीत करते हुए यह घोषणा की। चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल ने 23 अगस्त को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रच दिया था और भारत ऐसा साहसिक कारनामा करने वाला दुनिया का पहला और अब तक का एकमात्र देश बन गया। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के इतिहास में एक असाधारण क्षण और अनंत अंतरिक्ष में भारत के वैज्ञानिक सामर्थ्य का शंखनाद करार देते हुए मोदी भावुक हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चंद्रमा की सतह पर जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने 2019 में अपने पदचिह्न छोड़े थे, उसे तिरंगा पॉइंट के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि टचडाउन के स्थान (लैंडिंग स्थल) का नामकरण करने की एक वैज्ञानिक परंपरा है।

भारत ने उस चंद्र क्षेत्र का नाम रखने का निर्णय लिया है जहां हमारा चंद्रयान-3 उतरा है। जिस स्थान पर विक्रम लैंडर उतरा है उसे शिवशक्ति पॉइंट के रूप में जाना जाएगा। प्रधानमंत्री ने यहां स्थित इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा, शिव में मानवता के कल्याण का संकल्प है और शक्ति हमें उन संकल्पों को पूरा करने की शक्ति देती है। चंद्रमा का यह शिवशक्ति बिंदु हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक के संबंध का भी बोध कराता है। भावुक हुए मोदी ने रुंधे हुए गले से कहा, मैं आपसे मिलने और आपके परिश्रम, समर्पण, साहस, भक्ति और जुनून को सलाम करने के लिए बेसब्र और उत्सुक था। भारत चांद पर है, हमारा राष्ट्रीय गौरव चांद पर है। चंद्रयान-3 की सफलता में महिला वैज्ञानिकों की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, देश की नारी शक्ति ने बड़ी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने 23 अगस्त का दिन राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की भी घोषणा की, जिसका उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की भावना का जश्न मनाना और लोगों को अनंत काल तक प्रेरित करना है।

इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मोदी को चंद्रयान-3 मिशन और इसकी प्रगति के बारे में जानकारी दी। अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि नई पीढ़ी को भारत के शास्त्रों में वर्णित खगोलीय सूत्रों को वैज्ञानिक रूप से सिद्ध करने और उनका नए सिरे से अध्ययन करने के लिए आगे आना चाहिए। उस स्थल का नामकरण करने पर जहां चंद्रयान-2 ने अपनी छाप छोड़ी थी, मोदी ने कहा, यह भारत के हर प्रयास के लिए एक प्रेरणा के रूप में काम करेगा और हमें याद दिलाएगा कि विफलता कोई अंत नहीं है। उन्होंने कहा, 'जहां दृढ़ इच्छाशक्ति हो वहां सफलता एक गारंटी है।' चंद्रयान-2 का लैंडर विक्रम 7 सितंबर, 2019 (शेष पेज 9)

## पाक ने सफलता को महान वैज्ञानिक उपलब्धि बताया

**इस्लामाबाद (भाषा)।** भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को 'महान वैज्ञानिक उपलब्धि' बताते हुए पाकिस्तान ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों की सराहना की। पाकिस्तान के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों ने अमीर देशों की तुलना में कम बजट में इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए भारत की तारीफ की। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने अपनी संक्षिप्त प्रतिक्रिया में कहा, मैं केवल यह कह सकती हूं कि यह एक महान वैज्ञानिक उपलब्धि है। इसके लिए इसरो के वैज्ञानिक सराहना के पात्र हैं। पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर अब तक भारत की ऐतिहासिक सफलता को नजरअंदाज किया था। हालांकि, पाकिस्तानी समाचार पत्रों ने इस ऐतिहासिक क्षण को पहले पन्ने पर स्थान दिया।

## इसरो की नजरें अब दो सितंबर को आदित्य-एल1 लांच करने पर

- यह सूर्य के अवलोकन के लिए पहला भारतीय अंतरिक्ष मिशन होगा

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**चंद्रयान-3** अभियान के सफल रहने के बाद, सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब एक हफ्ते के अंदर आदित्य-एल। सौर मिशन भेजने की तैयारियों में जुट गया है। आदित्य-एल। मिशन को दो सितंबर को भेजे जाने की संभावना है।

इस अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल। (सूर्य-पृथ्वी लाग्रेंज बिंदु) पर सौर वायु के यथास्थिति अवलोकन के लिए तैयार किया गया है। एल। पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है। यह सूर्य के अवलोकन के लिए पहला भारतीय अंतरिक्ष मिशन होगा। आदित्य-एल। मिशन का लक्ष्य एल। के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है। यह अंतरिक्ष यान सात पेलोड लेकर जाएगा, जो अलग-अलग वेव बैंड में फोटोस्फेयर (प्रकाशमंडल), क्रोमोस्फेयर (सूर्य की दिखाई देने वाली सतह से ठीक ऊपरी सतह) और सूर्य की सबसे बाहरी परत (कोरोना) का अवलोकन करने में मदद करेंगे। इसरो के एक अधिकारी ने कहा कि आदित्य-एल। पूरी तरह से स्वदेशी प्रयास है, जिसमें राष्ट्रीय संस्थानों की भागीदारी है। बेंगलुरु स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स (आईआईए) की विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ पेलोड के विकास में अहम भूमिका है, जबकि पुणे के इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स ने मिशन के लिए सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजर पेलोड विकसित किया है।

आदित्य-एल। अल्ट्रावॉयलेट पेलोड का उपयोग करके सूर्य की सबसे बाहरी परत (कोरोना) और एक्स-रे पेलोड का उपयोग कर सौर क्रोमोस्फेयर परतों का अवलोकन कर सकता है। पार्टिकल डिटेक्टर और मैग्नेटोमीटर पेलोड आवेशित कणों के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं। उपग्रह को दो सप्ताह पहले आंध्र प्रदेश के (शेष पेज 9)

# लाल डायरी के मुद्दे पर त्यागपत्र देकर चुनाव मैदान में उतरें गहलोत: शाह

**भाषा।** जयपुर



**केन्द्रीय** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कथित लाल डायरी के मुद्दे पर इस्तीफा देने के बाद चुनाव मैदान में उतरना चाहिए। शाह ने कहा कि डायरी में करोड़ों, अरबों रुपए के भ्रष्टाचार का कच्चा-चिट्ठा है। साथ ही शाह ने कहा कि केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार ने किसानों के लिए ढेर सारे काम किए हैं। शाह राजस्थान के गंगापुर सिटी शहर में सहकार किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

राजस्थान में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि आजकल गहलोत साहब लाल डायरी से बहुत डर रहे हैं। क्यों डर रहे हैं भला... जरा बताओ तो राजस्थान वालों? ...डायरी का आगे का कलर लाल है, अंदर काले कारनामे छिपे हुए हैं। अरबों, करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार का कच्चा-चिट्ठा... उस लाल डायरी के अंदर है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, मैं गहलोत साहब से कहने आया हूं कि चंद लोग भेजकर नारे लगाने से कुछ नहीं होता... जरा भी शर्म बची है, तो लाल डायरी के मुद्दे पर इस्तीफा देकर चुनाव के मैदान में आइए... हो जाए दो-दो हाथ। अपने संबोधन के आखिर में उन्होंने कहा, घर में कोई भी डायरी हो, उसका रंग लाल मत रखना। गहलोत जी नाराज हो जाएंगे।

राजस्थान मंत्रिमंडल से बर्खास्त राजेंद्र गुढ़ा ने 24 जुलाई को विधानसभा में कथित लाल डायरी का मुद्दा उठाने की कोशिश की थी। गुढ़ा ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उन्होंने यह डायरी जुलाई 2020 में आयकर छापे के दौरान कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ के आवास से प्राप्त की थी और इसमें गहलोत सहित अन्य लोगों के नाम से वित्तीय लेनदेन दर्ज हैं। शाह के संबोधन की शुरूआत में कुछ लोग नारेबाजी करते दिखाई दिए थे। गृह मंत्री ने इसकी तरफ इशारा करते हुए बाद में कहा, जो लोग नारे लगा रहे थे, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि कि नारे लगाने की जगह चंद्रयान को आगे बढ़ाया होता, तो आज नारे लगाने की नौबत नहीं आती।

सहकारिता मंत्रालय बनाया होता, किसानों का कल्याण किया होता, तो आज नारे लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने दावा किया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया, जबकि भाजपा ने किसानों के लिए ढेर सारे काम किए और कई योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार थी, तो कृषि बजट 22 हजार करोड़ रुपए था, जिसे मोदी जी ने छह गुना बढ़ाकर एक लाख 25 हजार करोड़ (शेष पेज 9)

# ट्रेन डिब्बे में आग लगने से नौ तीर्थयात्रियों की मौत

## नौ मृतकों में से छह की पहचान हो गई है जिनमें तीन-तीन शव पुरुष और महिलाओं के

- दुर्घटना का कारण सिलेंडर को बताया गया, निजी पार्टी कोच था, अधिकतर यात्री राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाकों के निवासी
- तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश सरकार और रेलवे ने पीड़ितों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की

**पीएनएस/एजेंसी।** मदुरै (तमिलनाडु)



मदुरै रेलवे स्टेशन पर धू-धू कर जलता डिब्बा।

**तमिलनाडु** के मदुरै रेलवे स्टेशन पर खड़े रेलयात्री कोच में शनिवार तड़के आग लग गई जिसमें रामेश्वरम जाने वाले कम से कम नौ तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। दक्षिण रेलवे ने यह जानकारी दी।

दक्षिण रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि यात्री कोच में अवैध रूप से लाए गए गैस सिलेंडर की वजह से आग लगी। जिस डिब्बे में आग लगी, वह एक निजी पार्टी कोच (किसी व्यक्ति द्वारा बुक किया गया पूरा डिब्बा) था। इसमें सवार यात्री पिछले सप्ताह लखनऊ से तीर्थयात्रा पर निकले थे और अधिकतर यात्री उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊऔर उसके आसपास के इलाकों के निवासी थे। घटना पर शोक व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि उन्हें तमिलनाडु में मदुरै जंक्शन के पास एक खड़ी ट्रेन में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की मौत की खबर से गहरा दुख हुआ है। नौ मृतकों में से छह की पहचान हो गई है जिनमें तीन-तीन शव पुरुष और महिलाओं के हैं। हादसे के पीड़ितों में से एक ने बताया कि डिब्बे का दरवाजा बंद था और उसे तोड़ने के बाद लोग सुरक्षित स्थान पर पहुंचे और एक बड़ा हादसा टला। घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंची मदुरै की जिलाधिकारी एमएस संगीता ने कहा कि रेलकोच में लगी आग में नौ लोगों की मौत हुई है जबकि 20 अन्य घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने मौतों पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटना पर दुख प्रकट किया और मौतों पर शोक जताया। तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश सरकार और रेलवे ने पीड़ितों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। हालांकि दक्षिणी रेलवे ने शुरुआत में मौतों की (शेष पेज 9)

## डिब्बे में गैस सिलेंडर ले जाने की अनुमति नहीं

**कोई** भी व्यक्ति आईआरसीटीसी के पोर्टल का उपयोग करके प्राइवेट पार्टी कोच बुक कर सकता है, लेकिन उसे डिब्बे में गैस सिलेंडर या कोई ज्वलनशील पदार्थ ले जाने की अनुमति नहीं होती है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कोच का इस्तेमाल केवल यात्रा उद्देश्य के लिए किया जा सकता है।

# नूंह जिले में इंटरनेट सेवा बंद की गई

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के नूंह जिले में एक बार फिर इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई हैं। इसकी वजह हिंदू संगठनों द्वारा 28 अगस्त को बृजमंडल यात्रा रद्द नहीं करना है। ऐसे में किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए प्रशासन ने मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाएं को दो दिन के लिए निलंबित कर दिया है। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए जिला प्रशासन ने हिंदू संगठनों को 28 अगस्त को नूंह में बृज मंडल जल अभिषेक यात्रा निकालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। मोबाइल इंटरनेट सेवा निलंबित करने का आदेश शनिवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) टीवीएसएन प्रसाद ने जारी किया गया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सीमावर्ती राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की और स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए समन्वित प्रयास का आह्वान किया। बैठक में पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान का जासूस कोलकाता से गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूस के तौर पर काम करने वाले एक व्यक्ति (36) को गिरफ्तार किया और उसके पास से संवेदनशील दस्तावेज बरामद किए है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोलकाता पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर कार्वाई करते हुए आरोपी को हावड़ा में उसके घर से शुक्रवार रात को पकड़ा तथा यहां विशेष कार्य बल के कार्यालय में कई घंटों की पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बिहार के दरभंगा जिले का रहने वाला है। अधिकारी ने कहा, उसे देश की सुरक्षा के लिए घातक गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल पाया गया। अधिकारी ने कहा, उसके मोबाइल फोन से तस्वीरें, वीडियो और ऑनलाइन चैट (संवाद) के रूप में खुफिया जानकारी मिली। ए जानकारियां उसने पाकिस्तान के एक संदिग्ध खुफिया एजेंट को भेजी थी। उन्होंने बताया कि उसका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी कोलकाता में एक कोरियर सेवा कंपनी में काम करता था और वह दिल्ली में रह चुका है।

# ओणम त्योहार को लेकर हैं कई रोचक मान्यताएं

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि

- केरल को छोड़कर देश के बाकी हिस्से में इसे वामन जयंती के रूप में मनाया जाता है



**हिंदू** किंवदंतियों के अनुसार, ओणम केरल में एक पौराणिक राजा दैत्य राजा महाबली के शासन के तहत सुशासन की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने कभी केरल पर शासन किया था। किंवदंती है कि महाबली की लोकप्रियता और उनकी शक्ति से ईर्ष्या करते हुए, देवताओं और देवताओं ने उनके शासन को समाप्त करने की साजिश रची। केरल में इसे राजकीय त्योहार के रूप में मनाया जाता है।

भारत के राष्ट्रपति द्वारा ज्ञानपीठम के साथ-साथ पद्मश्री से सम्मानित कवि अक्कितम अच्युतन नंबूदिरी के अनुसार, महाबली नाम का उल्लेख केवल भागवतम में मिलता है और वह भी एक छोटे पात्र के रूप में। इसे वैदिक विद्वान और केरल की विरासत के विशेषज्ञ के रूप में प्रतिष्ठित के उन्नीकृष्णन नंबूदिरी ने और अधिक पुष्ट किया है। देश के बाकी हिस्से ओणम को वामन जयंती के रूप में मनाते हैं, जबकि केरल में, भगवान विष्णु के अवतारों में से एक, वामन को एक खलनायक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसने महाबली को आपसी युद्ध में हराया था। केरल में ओणम के समर्थकों का दावा है कि महाबली एक उत्कृष्ट शासक थे और उनके कार्यकाल को ईमानदारी और सख्त प्रशासनिक शासन के युग के रूप में जाना जाता था। 'लेकिन जो बात इस किंवदंती को पटरी से उतारती है वह यह तथ्य है कि जब महाबली को वामन ने पाताल लोक में निर्वासित किया था तब कोई केरल नहीं था। इतिहासकारों के अनुसार, केरल का निर्माण भगवान विष्णु के दस अवतारों में से एक, परशुराम ने किया था। नंबूदिरी ने तिरुवनंतपुरम में विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर संस्कृत में एक सप्ताह तक चलने वाले एकीकृत कार्यक्रम, श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञम के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि परशुराम का जन्म महाबली को पाताल लोक भेजे जाने के सदियों बाद हुआ था।

अक्किथम और नंबूदिरी दोनों अपने तर्कों को साबित करने के लिए भागवतम को उद्धृत करते हैं। महाबली को स्वर्ग की लड़ाई में भगवान इंद्र ने हरा दिया था और मार डाला था, जिसे ऋषि सुकाचार्य ने पुनर्जीवित किया था। भागवत में कहा गया है कि महाबली स्वर्ग पर विजय प्राप्त करना चाहते थे और इस कार्य में उन्हें सुकाचार्य से आशीर्वाद मिला था। 'चूंकि महाबली को स्वर्ग जीतने के प्रयास में सुकाचार्य ने आशीर्वाद दिया था, इसलिए एकमात्र व्यक्ति जो उस मिशन को रोक सकता था वह भगवान विष्णु थे। भगवान ने स्वयं को वामन नामक ब्रह्मचारी के रूप में वेश धरा और भिक्षा मांगने के लिए महाबली के सामने प्रकट हुए। बाली, जो अभिमान और अहंकार में अंधा हो गया था, ने ब्रह्मचारी से कहा कि वह सूर्य के नीचे कुछ भी मांग सकता है और उसे तुरंत प्रदान किया जाएगा। नंबूदिरी ने कहा, वामन ने राजा से केवल तीन माप भूमि मांगी और राजा ने उनसे आवश्यक भूमि लेने को कहा। वामन ने पहले दो कदमों में पृथ्वी और स्वर्ग को मापा और तीसरे कदम को हासिल करने के लिए खुद को कोई जगह नहीं मिली।

वैदिक विद्वान ने भागवतम का हवाला देते हुए कहा कि अहंकार के प्रायश्चित के रूप में बलि ने ब्रह्मचारी को भूमि के तीसरे माप के लिए पैर रखने के लिए अपना सिर देने की पेशकश की। वामन ने बलि के सिर पर पैर रखने से पहले उसे मोक्ष दे दिया और इसके साथ ही बलि पर अध्याय समाप्त हो गया। प्रख्यात इतिहासकार प्रोफेसर एम जी शशिभूषण का मानना? है कि महाबली और उनकी कहानी महज मिथक हैं। लेकिन ऐतिहासिक अभिलेखों में इस बात के प्रमाण हैं कि ओणम को वामन जयंती के रूप में मनाया (शेष पेज 9)

# शरद पवार ने पार्टी में फूट से फिर किया इनकार

- बोले, कुछ विधायकों के चले जाने का मतलब पार्टी में टूट नहीं है, मैं ही हूं राकांपा का अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** कोल्हापुर



**राष्ट्रीवादी** कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार ने एक बार फिर अपनी पार्टी में टूट से इनकार किया है। उन्होंने कहा, यह सच है कि कुछ विधायक चले गए हैं, लेकिन उनके जाने का मतलब पार्टी में टूट नहीं है। बागियों का नाम लेकर उन्हें महत्व क्यों दिया जाए।

शरद पवार ने कहा शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि वह राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख हैं। पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने कहा था कि पार्टी विभाजित नहीं हुई है और अजित पवार उनके नेता बने रहेंगे। इस बयान के बारे में पूछे जाने पर पवार ने शुक्रवार को कहा था, हां इसमें कोई विवाद नहीं है।

लेकिन कुछ घंटों बाद, पवार ने कहा था कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया। अजित पवार और राकांपा के आठ अन्य विधायक दो जुलाई को राज्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में शामिल हो गए थे। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पवार ने कहा (शेष पेज 9)

# नोएडा का पहला मॉडल मार्केट होगा ब्रह्मपुत्रा कांप्लेक्स

## तीन करोड़ रुपए का होगा बजट, म्यूजिकल फाउंटेन, बेंच और प्लास्टिक फ्री होगा बाजार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में ब्रह्मपुत्रा कांप्लेक्स को मॉडल बाजार के रूप में विकसित किया जाएगा। ऐसा पहली बार हो रहा है। इससे पहले सेक्टर-18 को कॉमर्शियल हब के रूप में विकसित किया गया था। इस बाजार को लुक दिया जाएगा कि लोग यहां आए और समय बिताए। उनके खाने पीने से लेकर मनोरंजन, सेल्फी पाइंट से लेकर बैठने तक के इंतजाम किए जाएंगे। प्राधिकरण की सलाहकार कंपनी ओरायन आर्किटेक्ट ने इसका मॉडल प्राधिकरण अधिकारियों के सामने प्रस्तुत किया। जिसे अप्रूव कर दिया गया है। जल्द ही इस पर काम शुरू होगा।

इस बाजार को मॉडल बनाने के लिए दो स्टेज में काम होगा। पहला इलेक्ट्रिकल और दूसरा सीविल। प्राधिकरण के ईएंडएम विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल ने बताया कि बाजार के कोने में एक ट्रांसफॉर्मर लगा है। जिसे हटाकर बाजार के पीछे किया जाएगा। इसके अलावा आकर्षक बिजली के पोल का जाल बाजार के चारों ओर बिछाया जाएगा, जो बाजार को आकर्षक लुक देंगे। इस पर करीब 60 लाख रुपए का बजट खर्च होगा। वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक विजय कुमार रावल ने बताया कि बाजार में जितनी भी दुकानें है, उन दुकानों का एक साइज का बोर्ड लगाया जाएगा, जिसमें वह अपने दुकान का नाम डिस्प्ले करेंगे। दुकानों के बाहर वाक.वे का सारा टाइल्स उखाड़ कर ग्रेनाइट पत्थर लगाया जाएगा, जो बाजार को आकर्षक लुक देगा, जिस कोने से ट्रांसफॉर्मर हटाया जाएगा, उस जगह पर म्यूजिकल फाउंटेन बनाया जाएगा।

फुटपाथ पर भी टाइल्स लगेंगे, वाकवे व फुटपाथ के बीच ड्रेन का कवर किया जाएगा। इस पर करीब ढाई करोड़ का बजट खर्च होगा। लोगों के बैठने के लिए बाजार में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के चेयर लगेंगी, पत्थर के स्टूल बनाएं जाएंगे। बाजार के दोनों तरफ ऊपरी हिस्से में ब्रह्मपुत्र मार्केट लिखा जाएगा।

सबसे अधिक आश्चर्य चकित करने वाली बात यह होगी कि बाजार पूरी तरह से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त होगा। बाजार से निकलने वाला कचरा उसी बाजार में निस्तारित किया जाएगा।

# मरने के बाद भी साढ़े तीन सौ किसानों को मिलती रही पेंशन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● आधार से लिंक होने के बाद लाभार्थियों की सही स्थिति का पता चल रहा, गलत तरीके से पेंशन लेने वालों पर कार्रवाई होगीः सीडीओ

जब से सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत खोले गए लाभार्थियों के खातों को आधर कार्ड से लिंक कराना शुरू किया है तब से पेंशन जैसी योजनाओं में नए खुलासे हो रहे हैं। आधार कार्ड लिंक होने के उपरांत जिले में बुजर्ग किसान पेंशन ले रहे साढ़े तीन सौ खाताधारक मृतक पाए गए। जांच के बाद विभाग जितनी धनराशि पहुंच गई उससे रिकवरी की तैयारी में जुट गई है। लेकिन सिर्फ किसान पेंशन ही नहीं बल्कि विधवा पेंशन, दिव्यांग जन पेंशन में भी ऐसे पेंशन धारियों का खुलासा हुआ है जिनकी मृत्यु हुए काफी समय हो गया है लेकिन उनके परिजन पेंशन का पैसा खाते से निकाल रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग, जिला महिला कल्याण विभाग व दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा पेंशनधारियों के खातों को आधार कार्ड से लिंक कराने का काम शुरू किया था। जिले में 16949 किसानों को बुर्जग पेंशन दी जा रही थी। जब इन खातों का सत्यापन किया गया तो इसमें से साढे तीन सौ ऐसे खातों का पता चला, जिसके खाताधारक की मौत काफी समय पहले हो गई थी। उन खातों को उनके परिजनों द्वारा संचालित किया जा रहा था। विभाग ने तत्काल प्रभाव से इन खातों में पेंशन जाना रोका, और जारी की जा चुकी धनराशि को रिकवरी के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं 1165 नए आवेदन भी जोड़े गए है। वर्तमान में अब 17764 लोगों को इस पेंशन का लाभ मिल रहा है। पति की मृत्यु के उपरांत महिलाओं को मिलने वाली विधवा पेंशन में भी 39 मृतक मिली तो वहीं जांच में 32 ऐसे मामले पाए गए जो गलत तरीके से पेंशन ले रहे थी। जांच के बाद इन सभी की पेंशन को रोका गया। दिव्यांग जन पेंशन ले रहे 16 खाते ऐसे मिले हैं जिनके लाभार्थी की मृत्यु हो चुकी है, 3 पेंशनधारक अपात्र पाए गए हैं। इन सभी विभाग रिकवरी में जुट गए हैं। जिले में कुल लोग जांच में ऐसे पाए गए हैं जो या तो मर चुके हैं या फिर गलत तरीके से पेंशन का लाभ ले रहे हैं। आधार सीडिंग के उपरांत सभी पर कार्रवाई की जा रही है। सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक के मुताबिक आधार से लिंक होने के बाद लाभार्थियों की सही स्थिति का पता चल रहा है। गलत तरीके से पेंशन लेने वालों पर कार्रवाई होगी।

# पूर्व पार्षद पर 50 करोड़ की जमीन कब्जा करने का लगा आरोप, निगम कराएगा एफआईआर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● मेयर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने प्रेस वार्ता में किया खुलासा

नगर निगम के पूर्व पार्षद हाजी खलील पर निगम की करीब 50 करोड़ रुपये की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगा है। यह आरोप मेयर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने मीडिया से वार्ता कर लगाया।

यह प्रेसवार्ता मेयर के तीसरी मंजिल पर स्थित ऑफिस में की गई। जिसमें अपर नगर आयुक्त एवं प्रॉपर्टी अफसर अरूण कुमार यादव, प्रॉपर्टी अधीक्षक भौलानाथ भी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा भी इस प्रेसवार्ता में शामिल थे। मेयर और नगर आयुक्त ने बताया कि एक शिकायत के आधार पर कैला भटटा में खसरा नंबर 223 में शामिल करीब 23000 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा होने की जानकारी मिली थी। प्रशासन और निगम के प्रॉपर्टी विभाग ने जांच की तो पता चला कि शिकायत सही है। मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि पूर्व पार्षद ने ही नगर निगम की कई करोड़ रुपये की जमीन पर कब्जा किया हुआ है। जांच के दौरान पाया गया कि इसमें से करीब 200 वर्ग मीटर जमीन पर धार्मिक स्थल बना है। कई हजार वर्ग मीटर जमीन पार्किंग के रूप में यूज की जा रही है। जिससे कई लाख रुपये महीने की इससे इनकम हो रही है। कुछ निगम की जमीन को पूर्व पार्षद ने किसी ओर कार्य के लिए किराए पर दिया हुआ है। मेयर और नगर आयुक्त ने बताया कि जांच में यह बात सामने आई है कि पूर्व पार्षद हाजी खलील का निगम की जमीन पर कब्जा है।

# ऐप के जरिये क्रिकेट पर सट्टा खिलाने वाले चार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● नोएडा की पॉश सोसाइटी को बनाया ठिकाना, दुबई से है कनेक्शन



थाना सेक्टर-39 पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट लाइव मैच पर सट्टा और बैटिंग कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 04 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 3.79 लाख रुपए भारतीय करेंसी और करीब 4 लाख रुपए डॉलर, दिरहम, मलेशिया, ओमान, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर व थाईलैंड की करेंसी मिली है। इनके करीब 11 खाते मिले है।

जिसमें 11 लाख रुपए है। इनको फ्रीज किया जा रहा है। इस गिरोह का दुबई कनेक्शन मिला है। जिसकी जांच की जा रही है। डीसीपी हरीश चंदर ने बताया कि ये लोग नोएडा के सेक्टर.100 में लोट्स बुल वर्ड सोसाइटी में किराए के मकान से ऑन लाइन बैटिंग और सट्टा खिलवा रहे थे। इन्होंने ये फ्लैट 50 हजार रुपए मासिक किराए पर लिया था।

इनकी पहचान गौरव गुप्ता निवासी दिल्ली, नितिन निवासी गाजियाबाद, अजीत सिंह और दिनेश गर्ग हुई है। इनके कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, चैक बुक, पासपोर्ट, सिम, पासबुक, असेंबल लाइन बुकी, 02 चार पहिया कार मिले है। ये लोग लैपटॉप पर सुप्रीम टीवी ऐप, बुलेट 24 टीवी और क्रिक लाइन ऐप आदि डाउनलोड कर क्रिकेट मैच पर सट्टा बैट लगाते है। ऐप को खोलते ही मोबाइल फोन व लैपटॉप की स्क्रीन पर मैच का भाव दिखाई देता है जो घटता व बढ़ता रहता है। उस भाव को देखकर कॉम्पैक्ट ब्रीफकेस के जरिए ये स्पीकर पर ग्राहकों को भाव बोला व सुना जाता है। इसके बाद ग्राहकों द्वारा भाव मांगे जाने पर वह जूम कॉल कर मीटिंग के माध्यम से ग्राहकों को दिया जाता है। यह जूम मीटिंग लगातार चलती है।

जूम मीटिंग के माध्यम से ग्राहक जुड़ते है जिससे हार, जीत के बाद आपस की बैट आपस में कट जाती है। कुछ ग्राहक अच्छी बैट जीत जाते है तो उन्हें जीतने से पहले ही डिस्सेक्शन कर दिया जाता है। एक लैपटॉप पर ग्राहकों का हिसाब चढ़या जाता है और एक लैपटॉप पर सुप्रीम नामक ऐप पर क्रिकेट मैच चलाया जाता है। एक लैपटॉप पर बैट देखी जाती है और मोबाइल पर ग्राहकों की बैट रिकार्ड की जाती है। जिससे ग्राहक अपनी बैट से मुकर न सके। इंटरनेट के लिए ब्रॉडबैंड का प्रयोग किया जाता है। मैच समाप्त होने के बाद जेएमडी नामक लैपटॉप अकाउंट में फीड कर लेते है, जो टीम मैच में फेवरेट आ रही है उसे जिताने वाला ग्राहक बैट लगाता है और हराने वाला ग्राहक बैट खाता है।

## संक्षिप्त समाचार



सम्मान समारोह में अस्पताल की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा व अन्य।

### आयुष्मान सेवाओं के लिए यशोदा हॉस्पिटल सम्मानित

**गाजियाबाद।** यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी को आयुष्मान सेवाओं में सुपर स्पेशलिटी चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु उत्कृष्ट कार्य एवं सराहनीय योगदान के लिए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में स्टेट हेल्थ एजेंसीज द्वारा लखनऊ के होटल फॉर्च्यून बीबीडी में आयोजित समारोह में शॉल और स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल उत्तर प्रदेश का पहला हॉस्पिटल है जिसने प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत पहला किडनी ट्रांसप्लांट किया और हार्ट की बाईपास सर्जरी भी लगातार कर रहा है। यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा को इस समारोह में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ पी.एन अरोड़ा ने इस सम्मान को अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों एवं चिकित्सा कर्मियों की सेवा भावना एवं मरीज के प्रति समर्पण की भावना का विजय प्रतीक मानते हुए कहा कि सही मायने में मैं प्रदेश सरकार द्वारा हमारे कार्यों का लिया गया अभिज्ञान इन सभी लोगों को समर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए लिए सरकार की एक उत्कृष्ट योजना है।

### सोसाइटी की पार्किंग में खड़ी गाड़ी में लगी आग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में तड़के एक हादसा देखने को मिला। जहां पर एक सोसाइटी की पार्किंग में खड़ी हुई कार में आग लग गई। यह आग उस समय लगी जिस समय चालक द्वारा गाड़ी को स्टार्ट किया गया। इसी दौरान कार में से धुआं उठा और चंद मिनट में ही कार जलकर राख हो गई। दरअसल, शनिवार सुबह बीटा 2 थाना क्षेत्र के सेक्टर पाई वन में स्थित मां अंबे भारती सोसाइटी में रहने वाले ललित कुमार अपने ऑफिस के लिए जा रहे थे। उनकी वेगनआर गाड़ी सोसाइटी की पार्किंग में खड़ी हुई थी। सुबह करीब 6;30 बजे वह पार्किंग में पहुंचे और उन्होंने जैसे ही अपनी गाड़ी में चाबी लगाकर उसे स्टार्ट किया, तुरन्त ही आगे से धुआं निकलना शुरू हो गया। उन्होंने बाहर निकाल कर जैसे ही देख इतनी देर में कार से आग की लपटें निकालनी शुरू हो गई और कार धु धु करके जलनी शुरू हो गई।

### मोदीनगर में हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के नगर पालिका परिषद में वार्ड दो स्थित धर्मशाला वाला मोहल्ला के लोगों ने शनिवार को मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। उनकी मांग थी कि आबादी के बीच से जा रही 33 हजार की हाईटेंशन लाइन को हटाया जाए। लाइन में चपेट में गंभीर रुप से घायल हुए 13 साल के बच्चे को मुआवजा दिया जाए। गत 10 अगस्त को धर्मशाला वाला मोहल्ला में 33 हजार हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर 13 साल का बच्चा गंभीर रुप से घायल हो गया था। गंभीर हालात में उसे निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। कॉलोनी के सैकड़ों लोग एकत्रित होकर तहसील पहुंचकर जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि आबादी के बीच से हाईटेंशन लाइन जा रही है। छह माह के अंदर एक दर्जन से अधिक लोग लाइन की चपेट में आकर गंभीर रुप से घायल हो चुके है। लोगों ने बिजली विभाग से चित्रांश के इलाज कराने की भी मांग की। ऋउपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए हाईटेंशन लाइन ना हटने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस मौके पर अनिल कुमार, श्रीओम कुमार, मंजू, जिला पंचायत सदस्य अनिल, पवन सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# मोबाइल देखने पर मां ने डांटा तो लगा ली फांसी

● नाराज कक्षा 5 की छात्रा ने की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




मोदीनगर के मुरादनगर थाना क्षेत्र में 10 साल की कक्षा 5 की छात्रा ने रात को कमरे में लगे हुक से लटककर आत्महत्या कर ली। मोबाइल चलाने पर मां ने बच्ची को डांट दिया था।

इस बात से नाराज होकर बच्ची ने यह कदम उठा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। 10 साल की बच्ची द्वारा आत्महत्या करने की बात पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। गांव हुसैनपुर निवासी नफीस अपनी पत्नी शबाना, पुत्र दो साल का समद, एक साल के समर व दस की पुत्री सानिया के साथ रहते है। उनकी पुत्री सानिया कक्षा पांच में पढ़ती थी। बताया जा रहा है कि रात को मां शबाना खाना बना रही थी।

सानिया मोबाइल देख रही थी। शबाना ने सानिया से कहा कि मैं खाना बना रही हूं और तू अपने भाई समद को खिला ले। लेकिन सानिया मोबाइल ही देखते रही। इसी बीच शबाना ने सानिया से मोबाइल छीनकर उसे डांट कर चांटा मार दी। इस बात से नाराज होकर छात्रा कमरे में चली गई। जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। एक कमरे दरवाजा लगा हुआ था।

परिजनों ने जब कमरे का दरवाजा तोड़ा, तो वह यह देखकर हक्के-बक्के रह गए। सानिया हुक पर रस्सी पर लटकी हुई थी। परिजनों ने उसे नीचे उतारा और स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। प्रथम दृष्यता मामला आत्महत्या का लग रहा है। ज्ञात हो कि मोबाइल के दुष्प्रभाव का इस तरह का यह पहला मामला नहीं है।

# जीडीए बोर्ड बैठक 28 को, तैयारी पूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जीडीए बोर्ड की बैठक के लिए तैयारी पूरी हो गई है। इसके लिए अधिकारी विभागवार तैयारी की समीक्षा कर रहे है। जीडीए बोर्ड की यह बैठक लंबे समय बाद सोमवार को होने जा रही है। बोर्ड की बैठक में इस बार गैर सरकारी सदस्य के तौर पर बीजेपी के पूर्व पार्षद पावन गोयल, और बीजेपी नेता बसंत त्यागी रहेंगे।

वैसे गैर सरकारी सदस्य जीडीए बोर्ड में नियम के हिसाब से सात होने चाहिए। इसमें बीजेपी के पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं बोर्ड सदस्य रहे चन्द्रमोहन शर्मा का देहांत हो चुका है। निगम के चार पार्षद जो जीडीए बोर्ड के सदस्य थे उनका कार्यकाल पूरा हो चुका है। इस तरह से गैर सरकारी सदस्य के तौर पर बोर्ड में केवल दो सदस्य ही शामिल रहेंगे।

बोर्ड की इस बैठक के लिए अभी जीडीए ने अजेंडा ओपन नहीं किया है। उसे पूरी तरह से सीक्रेट रखा है। दरअसल बोर्ड की बैठक से पहले जीडीए एजेंडे को जीडीए ओपन नहीं करता है। वहीं सूत्रों का कहना है कि बोर्ड की बैठक में इस बार करीब दो दर्जन प्रस्ताव पेश किए जा रहे है। इनमें इंजीनियरिंग, फाइनेंस, नियोजन, प्रॉपर्टी विभाग और प्रवर्तन से जुड़े विभाग शामिल है।

### नोएडा में लेंटर गिरने से पति-पत्नी घायल

**नोएडा।** नोएडा में शुक्रवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। यहां थाना फेज 3 क्षेत्र मामूरा में एक मकान के लेंटर का एक बड़ा हिस्सा गिरने से घर पति. पत्नी मलबा की चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। पति-पत्नी को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनको घर भेज दिया गया। थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-66 स्थित मामूरा गांव के एक मकान का लेंटर का बड़ा हिस्सा शुक्रवार रात को अचानक से गिर गया। लेंटर गिरने से पति पत्नी मलबा में दबे गए।

# पुलिस मुठभेड़ में जिला बदर बदमाश को लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● हत्या, लूट, गैंगस्टर एक्ट सहित दर्जन भर से ज्यादा मुकदमे है दर्ज

थाना ईकोटेक-प्रथम पुलिस ने शुक्रवार की देर रात को एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान जिला बदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली उसके पैर में लगी है। उक्त बदमाश पर हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, गैंगस्टर एक्ट सहित दर्जन भर से ज्यादा मुकदमे पूर्व में दर्ज हैं।

अपर पुलिस उपायुक्त जोन तृतीय अशोक कुमार सिंह ने बताया कि बीती रात को थाना ईकोटेक-प्रथम पुलिस सिरसा गोल चक्कर के पास चैकिंग कर रही थी, तभी एक हरियाणा नंबर की कर आती हुई दिखाई दी।

जिसे रुकने का इशारा किया गया, तो कार चालक ने कार को नहीं रोका, और तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए वहां से भागा। कार अनियंत्रित होकर कर एक पेड़ से टकरा गई। उन्होंने बताया कि कार से उतरकर बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ गोली चलाई। जवाबी कार्रवाई करते हुए आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई।

एडीसीपी ने बताया कि पुलिस द्वारा चलाई गई गोली बदमाश के पैर में लगी है। उन्होंने बताया कि उसकी पहचान टिंकू पुत्र धर्मपाल निवासी मोहल्ला मॉडल पूरिया कस्बा व थाना जेवर जनपद गौतम बुद्ध नगर के रूप में हुई है। उक्त बदमाश को पुलिस आयुक्त द्वारा जिला बदर किया गया था। इसके खिलाफ पूर्व में हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, लूट, गैंगस्टर एक्ट सहित करीब दर्जन भर मुकदमे दर्ज हैं। यह शातिर बदमाश है। मामले में अभी और ऑपराधिक रिकॉर्ड को खुगाला जा रहा है।



घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारी मामले की जानकारी लते हुए।

# निगम की जमीन पर नहीं होगा कब्जाः गौड़

● नगर आयुक्त बोले- कार्रवाई के लिए बनाई जा रही है पॉलिसी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



नगर निगम अब जमीन पर अतिक्रमण को लेकर जीरो टोलरेंस पॉलिसी बनाने जा रहा है। ताकी शहर में नगर निगम की जमीन पर कोई भी अवैध कब्जा नहीं कर पाए।

वैसे जब से नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ आए है तब से शहर में अवैध कब्जा करने वालों पर बड़ी कार्रवाई हो रही है। इसी क्रम में अब नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ इसको लेकर जीरो टॉलरेंट पॉलिसी तैयार करने जा रहा है। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ की कोशिश है कि जैसे ही नगर निगम की जमीन पर कोई अतिक्रमण हो उसकी जानकारी तुरंत ही नगर निगम की टीम को होनी चाहिए। ताकि नगर निगम की टीम तुरंत ही एक्शन ले सके और किसी भी सूरत में नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होना चाहिए।

नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम की जमीन पर कब्जा करने वालों पर बड़ा एक्शन होगा। इसके लिए विशेष कार्य योजना तैयार की जाएगी। ऐसे लोगों का पता लगाया जाएगा जो नगर निगम की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लॉट काट कर बेचते हो। ऐसे लोगों पर सटीक कार्रवाई हो इसके लिए निगम नई कार्य योजना तेयार करेगा। इस कार्य योजना के तैयार होने के बाद कहीं भी निगम की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होगा।

### कैसे हो काम, खाली पड़े हैं आंगनबाड़ी के 485 पद

**गाजियाबाद।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर सिर्फ आंगनबाडी केन्द्र में आने वाले बच्चों के पालन पोषण की नहीं बल्कि विभिन्न सरकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने की भी है।

कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार का वितरण हर माह भी इन्हीं आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा किया जाता है। लेकिन जिले में आंगनबाडी कार्यकत्री व सहायक कार्यकत्रियों के 485 पद काफी समय से खाली पडे हैं। जिले में 1373 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं।

इन केन्द्रों में 1161 आंगनबाडी कार्यकत्री कार्यरत हैं। कार्यकत्रियों के 212 पद रिक्त हैं तो वहीं सहायिकों के 273 पद रिक्त हैं। इसकी वजह से एक कार्यकत्रियी के जिम्मे कई केन्द्रों का भार है।

# बेटा होने की खुशी में हर्ष फायरिंग पड़ गई भारी, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● पुलिस ने जब्त की लाइसेंसी बंदूक

बेटा होने की खुशी में पिता की लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायरिंग करना एक युवक को खासा महंगा पड़ा। वआरोपी युवक व उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई।

इस वीडियो में एक युवक बंदूक से फायर करता हुआ दिख रहा था। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जांच पड़ताल की तो फायर करने वाले युवक की पहचान तरुण पुत्र सतबीर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी सतबीर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तरुण ने बताया कि करीब एक माह पहले उसके घर बेटा पैदा हुआ था जिसकी खुशी में उसने पार्टी दी थी। पार्टी के दौरान उसने बेटे की खुशी में अपने पिता सतबीर की लाइसेंसी बंदूक से फायर किया था जिसकी वीडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी तरुण को गिरफ्तार कर बंदूक को जब्त कर लिया गया है। लाइसेंस धारक सतवीर सिंह ने लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते हुए हर्ष फायरिंग के लिए अपने बेटे को बंदूक दी। इस कारण आरोपी सतबीर को भी गिरफ्तार किया गया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।



# असुविधा के लिए पीएम ने नागरिकों से मांगी माफी

## प्रधानमंत्री ने कहा, पांच से 15 सितंबर तक बहुत असुविधा होगी लेकिन आयोजन को सफल बनाने में मदद करें

● यातायात नियमों में बदलाव के कारण परेशानी झेलनी पड़ सकती है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान होने वाले असुविधा के लिए दिल्ली वालों से माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि दिल्ली में लोगों को यातायात संबंधित समेत अन्य तरह की असुविधा हो सकती है, लेकिन इस आयोजन को हर हाल में सफल बनाना है। वह इसके लिए दिल्ली के लोगों से माफी मांगते हैं। यह मेगा इवेंट राष्ट्रीय राजधानी में नौ और 10 सितंबर होना है। इसमें यूरोपीय संघ और आमंत्रित अतिथि देशों के 30 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष एवं शीर्ष अधिकारियों और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के भाग लेने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण अफ्रीका और ग्रीस देशों की यात्रा के बाद शनिवार को दिल्ली लौटे, जहां

हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के लिए पहुंची लोगों की भीड़ को उन्होंने संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रबंध के कारण लोगों को हो सकने वाली असुविधा के लिए उनसे पहले से ही माफी मांगी। मोदी दक्षिण अफ्रीका और यूनान की यात्रा के बाद सीधे बेंगलुरु पहुंचे थे, जहां उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा, पूरा देश जी-20 शिखर सम्मेलन का मेजबान है, लेकिन मेहमान दिल्ली में आ रहे हैं। दिल्ली वासियों पर इस जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाने की विशेष जिम्मेदारी है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि देश की प्रतिष्ठा पर तनिक भी आंच न आए।

उन्होंने स्वीकार किया कि दिल्लीवासियों को यातायात नियमों में बदलाव के कारण असुविधा झेलनी पड़ सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा, पांच सितंबर से 15 सितंबर तक बहुत असुविधा होगी और उसके लिए मैं पहले से माफी मांगता हूं। वे हमारे मेहमान हैं। यातायात नियम बदल जाएंगे। आपको कई जगहों पर जाने से रोका जाएगा लेकिन कुछ चीजें जरूरी हैं। जी-20 में दिल्लीवासियों की बड़ी जिम्मेदारी है। यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है कि देश का तिरंगा शान से ऊंचा लहराता रहे।



पालम एयरफोर्स स्टेशन के बाहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवादन करते आम लोग।

# प्रमुख सड़कों पर जेटिंग मशीनें तैनात : एमसीडी

● सड़कों और फुटपाथों की साफ-सफाई और धुलाई के लिए किया जाएगा इस्तेमाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



फाइल फोटो

जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली नगर निगम ने राजधानी को सजाने-संवारने की कवायद को और तेज कर दिया है। शहर को साफ, हरा-भरा और सुंदर स्थिति में रखने के लिए 35 प्रमुख सड़कों पर सक्शन कम जेटिंग मशीनें तैनात की हैं।

सक्शन कम जेटिंग मशीनों का उपयोग सड़कों और फुटपाथों की सफाई और धुलाई के लिए किया जाएगा ताकि सड़कों की सुदंर रूप प्रदान किया जा सके।

ये सक्शन कम जेटिंग मशीनें सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक सिंगल शिफ्ट में काम करेंगी। सेक्शन कम जेटिंग मशीनों की तैनाती के लिए पहचान की गई सड़कें हैं मथुरा रोड, भैरों मार्ग, सचिवालय रोड, पुराना किला रोड, लोधी रोड, मौलाना मोहम्मद अली जौहर मार्ग, महात्मा गांधी सड़क (शांति वन से एम्स और शांति वन से दिल्ली विश्वविद्यालय तक), लाला लाजपत राय मार्ग, जेबी टीटो मार्ग, विवेकानंद मार्ग, उलानबटार मार्ग, अफ्रीका एवेन्यू, पंचशील मार्ग, मंदिर मार्ग, दक्षिणी दिल्ली, प्रेस एन्क्लेव रोड, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, वंदे मातरम मार्ग से आईएआरआई पूसा रोड, द्वारका रोड, वसंत कुंज रोड, महरौली गुरुग्राम रोड, सेक्टर 22 रोड, द्वारका, शंकर रोड, वसंत कुंज, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज मॉल रोड, बिशम पितामह मार्ग, अब्दुल गफ्फार खान मार्ग, वेलोड्रोम रोड, सत्याग्रह रोड, महात्मा गांधी मार्ग अरिहंत मार्ग से एनएच-48 तक, मथुरा रोड से तिमारपुर चौक तक महात्मा गांधी मार्ग, ओलोफ पाल्मे मार्ग, मुद्रिका मार्ग, आस्था कुंज रोड, महात्मा गांधी मार्ग से लाला लाजपत राय मार्ग, जाकिर हुसैन मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग-एनएच-48 (धौला कुआं से एम्स तक) हैं।

दिल्ली नगर निगम ने नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे दैनिक आधार पर निगरानी सुनिश्चित करेंगे और मुख्यालय स्तर पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

# दिल्ली पुलिस आज करेगी कारों के काफिले का अभ्यास

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस अगले माह राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को विभिन्न स्थानों से प्रगति मैदान के लिए कारकेड अभ्यास करेगी। कारकेड जश्न मनाने का एक ऐसा तरीका है जिसमें बड़ी संख्या में कार चालक किसी सार्वजनिक स्थान पर धीमी गति से कार चलाते हैं, साथ ही वाहन का हॉर्न बजाते हैं।

पुलिस ने बताया कि अभ्यास को सुगम बनाने के लिए अनेक स्थानों पर सुबह नौ बजे से दोपहर बाद साढ़े बारह बजे तक यातायात को नियंत्रित किया जाएगा। उसने बताया कि सरदार पटेल मार्ग-पंचशील मार्ग, तीन मूर्ति मार्ग, बाराखंभा रोड ट्रैफिक सिग्नल, जनपथ-कर्तव्य पथ, विवेकानंद मार्ग, लोधी रोड फ्लाईओवर के नीचे, शांति वन चौक, जोसफ टीटो मार्ग-सिरी फोर्ट रोड, प्रेस एन्क्लेव रोड-लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, सी-हेक्सागन, मथुरा रोड और सलीम गढ़ बाईपास पर यातायात नियंत्रित किया जाएगा।

# मेहमानों की मदद करेंगे प्रशिक्षित पुलिसकर्मी: एलजी

● हर वाहन में आईटीबीपी का 1 कमांडो, 1 गनमैन और 1 ड्राइवर के अलावा अन्य प्रशिक्षित पुलिस कर्मी शामिल होंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



जी-20 शिखर सम्मेलन में आने वाले मेहमानों, प्रतिनिधियों, आगंतुकों और पर्यटकों की मदद के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित और आधुनिक हथियारों से लैस पुलिस कर्मी तैनात होंगे।

विशेष रूप से प्रशिक्षित लगभग 400 पुलिस कर्मियों को बोलेरो बहुउद्देश्यीय वाहनों में शहर के 21 स्थानों पर तैनात किया जाएगा, जिनमें रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट टर्मिनल, आईएसबीटी, समाधि, प्रमुख शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, लाल किला, अक्षरधाम, कुतुब मीनार, लोटस टेंपल, हुमायूंका मकबरा आदि जैसे स्मारक शामिल हैं। इन वाहनों में 40 प्रोबेशनर सब-इंस्पेक्टरों को प्रभारी के रूप में तैनात किया गया है। इसके अलावा आईटीबीपी के एक कमांडो के अतिरिक्त एक गनमैन और एक ड्राइवर के अलावा अन्य प्रशिक्षित पुलिस कर्मी शामिल होंगे। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस को राष्ट्रीय राजधानी में आने वाले प्रतिनिधियों, आगंतुकों और पर्यटकों की मदद के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित पुलिस कर्मियों को तैनात करने का निर्देश दिया था।

वह लगातार इसकी निगरानी कर रहे हैं और उनके मार्ग दर्शन में दिल्ली पुलिस और दिल्ली पर्यटन विभाग ने प्रशिक्षित और सुसज्जित कार्यबल स्थापित करने के लिए मिलकर काम किया है।जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए स्मारकों, पर्यटन स्थलों और परिवहन केंद्रों को सजाया जा रहा है। वहीं, दिल्ली पुलिस ने शहर में आने वाले आगंतुकों को कोई परेशानी न हो और उनका अनुभव अच्छा रहे, इसके लिए कई स्थानों पर पर्यटक पुलिस तैनात की है। शहर में इनके वाहनों को पर्यटक पुलिस के लेबल के साथ देखा जाएगा, ताकि मदद की जरूरत होने पर पर्यटक इन्हें आसानी से पहचान सकें और यह आसानी से दिखाई दे जाएं।

इसके अलावा पुलिस और पर्यटन विभाग ने एक व्यापक आईईसी अभियान चलाया है, जिसमें इन वाहनों में पर्यटकों के लिए क्या करें और क्या न करें, दिल्ली और एनसीआर का भौतिक और डिजिटल मानचित्र, टैक्सी-आटो, उबर और ओला जैसी क्लाउड आधारित सेवाओं की नवीनतम किराया सूची, महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्रों, वाणिज्यिक और सांस्कृतिक स्थानों और मॉल के स्थानों की सूची, दिल्ली मेट्रो और डीटीसी रूट चार्ट, आपातकालीन सेवाओं की निर्देशिका और पीने का पानी और सैनिटाइजर जैसी सुविधा शामिल होंगी।

पर्यटकों की मदद के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर 8750871111 जारी किया गया है और सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स आदि के माध्यम से पर्यटक पुलिस इस हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार कर रही है।

# श्रमिक कल्याण बोर्ड की 17 योजनाओं को मंजूरी

● उपराज्यपाल ने कहा, इसका मकसद श्रमिकों के काम करने की स्थिति, जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना और उनका कल्याण करना



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की 17 कल्याणकारी योजनाओं की अधिसूचना को मंजूरी दे दी है।

इन योजनाओं के तहत भुगतान प्रक्रिया की निरंतर निगरानी का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल ने इन योजनाओं को आधार अधिनियम, 2016 की धारा 7 के तहत मंजूरी दी है। यह योजनाएं सुनिश्चित करेंगी कि डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के जरिए केवल वास्तविक लाभार्थियों को आधार की प्रमाणिकता के बाद ही विकलांगता पेंशन, अनुग्रह भुगतान, चिकित्सा सहायता, मातृत्व लाभ, डेथ बेनेफिट जैसे सभी वित्तीय लाभ दिए जा सकें। इसका उद्देश्य दिए जाने वाले लाभ को उचित लोगों तक पहुंचाना है। साथ ही श्रमिकों के काम करने की स्थिति, जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना और निर्माण श्रमिकों का कल्याण सुनिश्चित करना है।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि एलजी ने इस संबंध में उपरोक्त योजनाओं में वितरण भुगतान प्रक्रिया की सख्त निगरानी का निर्देश दिया है।

निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण को पूरी तरह से पारदर्शी और गड़बड़ी से मुक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि केवल वास्तविक निर्माण श्रमिक ही पंजीकृत हों और परिणामस्वरूप उन्हें डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी के फंड से लाभ मिल सके। इसके लिए संबंधित जिलों के उपश्रम आयुक्तों को केवल वास्तविक लाभार्थियों को लाभ हस्तांतरण के पारदर्शी और कुशल कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकेगा।

साथ ही इससे पंजीकरण प्रक्रिया और पंजीकृत लाभार्थियों की सत्यता स्थापित करने के लिए एक ठोस प्रयास किया जा सकेगा। यह बदलाव, हाल ही में डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी के कामकाज में वित्तीय अनियमितताओं और फर्जी निर्माण श्रमिकों को लाभ प्रदान करने से संबंधित शिकायतों के बाद आया है।

# प्रदूषण से निपटने को ग्रिड आधारित योजना बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए ग्रिड आधारित रणनीति तैयार करने की उसकी योजना है। बेंगलुरु में आयोजित इंडिया क्लीन एयर सम्मिट में यह योजना पेश करते हुए सीएसआईआर नीरी के दिल्ली क्षेत्र केन्द्र के प्रमुख और मुख्य वैज्ञानिक एसके गोयल ने कहा, हर मौसम में सभी हॉट स्पॉट के लिए ग्रिड आधारित शमन रणनीति स्थानीय क्षेत्र प्रबंधन योजना विकसित करेंगे।

● वैज्ञानिक के मुताबिक हर मौसम में सभी हॉट स्पॉट के लिए स्थानीय क्षेत्र प्रबंधन योजना विकसित करेंगे

एसके गोयल ने कहा कि सभी जगहों के लिए एक समान योजना वायु प्रदूषण घटाने की दिशा में शायद ही कामयाब हुई है। उन्होंने कहा कि लैंप नीति निर्माताओं को नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के लक्ष्यों के अनुरूप अपने अधिकार क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण की रणनीति बनाने में मदद करेगा। छोटे-छोटे हिस्सों में बांटने की अवधारणा के तहत पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को दो-दो वर्ग किलोमीटर के हिस्सों में बांटा जाएगा।

# सीआरपीएफ की हेड कांस्टेबल का पति ने काटा हाथ, केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के आदर्श नगर इलाके के एक होटल में आपसी झगड़े के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक हेड कांस्टेबल का उसके पति ने कथित तौर पर हाथ काट दिया।

पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह दंपति उत्तर प्रदेश के कानपुर का रहने वाला है। उन्होंने शुक्रवार को अपराह्न करीब तीन बजे होटल में चेक इन किया था। महिला सीआरपीएफ की विभागीय परीक्षा देने के लिए शहर में थी। पुलिस के अनुसार, ऐसा संदेह है कि आरोपी ने अपनी 28 वर्षीय पत्नी को कुछ खिलाया होगा, जिसके बाद वह बेहोश हो गई और बाद में उसने शुक्रवार शाम उसका हाथ काट दिया। जब महिला को होश आया, तो उसने होटल स्टाफ को बुलाया, जिसने बाद में पुलिस को इसकी सूचना दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम पीड़िता द्वारा दी गई जानकारी की जांच कर रहे हैं।

महिला अर्धबेहोशी की हालत में है और उसे बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह फिलहाल हमें मामले के बारे में अधिक जानकारी देने की स्थिति में नहीं है।

# मिड डे मील खाकर बच्चे क्यों हो रहे हैं बीमार: भाजपा

● केजरीवाल सरकार मामले को दबाने की कर रही है कोशिश, उपराज्यपाल निष्पक्ष कराएं जांच : बिधूड़ी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पिछले एक पखवाड़े में दो स्कूलों में मिड डे मील खाने के बाद बड़ी संख्या में बच्चों के बीमार होने पर चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा है कि दिल्ली सरकार और नगर निगम के स्कूलों में हुई ये घटनाएं बड़े भ्रष्टाचार घोटाले की ओर संकेत कर रही हैं। आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा कोई कार्रवाई न करना और घटनाओं को दबाने की कोशिश से लग रहा है कि दाल में कुछ काला जरूर है। नेता प्रतिपक्ष ने इन घटनाओं की जांच के लिए समिति बनाने की मांग की है। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि 11 अगस्त को इंद्रपुरी में दिल्ली नगर निगम के प्रतिभा विद्यालय में 28 बच्चे मिड डे मील खाने के बाद बीमार पड़ गए थे। उस घटना का रहस्य अभी तक बना हुआ है कि आखिर बच्चे कैसे बीमार हो गए। हालांकि बच्चों ने बताया कि खाने में दुर्गंध आने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी थी। लेकिन नगर निगम या दिल्ली सरकार की तरफ से आज तक यह नहीं बताया गया कि आखिर दूर्गंध कहां से आई।

यह कहकर दिल्ली वालों को भ्रमित करने की कोशिश की गई कि बदबू किसी गैस की हो सकती है लेकिन इलाके की बाकी जनता को ऐसी कोई बदबू महसूस नहीं हुई। जाहिर है कि मिड डे मील में जरूर कुछ दूषित पदार्थ रहा होगा जिससे बच्चे बीमार पड़े लेकिन मिड डे मील सप्लाई करने वाली एजेंसी के खिलाफ किसी कार्रवाई की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि दूसरी घटना शुक्रवार को सागरपुर के दुर्गा पार्क के एक सरकारी स्कूल में हुई है और इस बार मिड डे मील खाने के बाद 70 बच्चे बीमार पड़ गए।

# हर क्षेत्र में कौशल को निखार रहीं आईटीआई की छात्राएं : मंत्री

## तकनीकी शिक्षा मंत्री आतिशी ने जीजा-बाई आईटीआई, सीरी फोर्ट का दौरा कर छात्राओं से किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आईटीआई सीरी फोर्ट का दौरे के दौरान आईटीआई छात्राओं से बातचीत करती मंत्री आतिशी।

फैशन डिजाइनिंग से मैनेजमेंट तो आईटी से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स तक हर क्षेत्र में अपने कौशल को निखार रही आईटीआई की छात्राएँ। तकनीकी शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगी।

शिक्षा मंत्री आतिशी शनिवार को जीजा-बाई आईटीआई सीरी फोर्ट का दौरा करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने अधिकारीयों को निर्देया दिया कि आईटीआई कोर्सेज में युवाओं खासतौर पर लड़कियों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए स्कूलों में चलाया जाए आउटरीच प्रोग्राम। आतिशी ने अपने दौरे के दौरान फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी लैब, टेक्सटाइल डिजाइनिंग लैब, हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट लैब, इनफार्मेशन एंड टेक्नोलॉजी लैब का निरीक्षण किया और वहां मौजूद छात्राओं के साथ बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आईटीआई संस्थानों से ट्रेनिंग लेकर निकलने वाले हुनरमंद छात्र भविष्य की नई इबारत लिखेंगे। देश विकसित तभी बनेगा जब हर युवा स्किल्ड हो, इसलिए डिग्री हासिल करने के साथ साथ युवाओं को हुनरमंद बनना होगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उनहें यह देखकर खुशी हो रही है कि जिस सेक्टर को केवल पुरुषों के लिए ही माना जाता था वहाँ भी अब छात्राएँ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा को निखारने का काम कर रही है। लेकिन अभी आईटीआई संस्थानों में छात्राओं की भागीदारी को और बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश दिए कि आने वाले सत्र के लिए विभाग अभी से अपने आउटरीच प्लान डिजाईन करें और सरकारी स्कूलों में जाकर छात्राओं को आईटीआई के आधुनिक कोर्सेज के बारें में बताएं।

उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा और तकनीकी व्यवसाय दोनों क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम है। ऐसे में इन संस्थानों में लड़कियों का एनरोलमेंट और बढ़ाने की जरुरत है। आमतौर पर ये धारणा होती है कि स्किल कोर्स महंगे होते है इसलिए बहुत सी लड़कियां इनमें दाखिला नहीं लेती है लेकिन दिल्ली सरकार ने अपने आईटीआई संस्थानों में लड़कियों की भागीदारी की बढाने के लिए उन्हें मुफ्त स्किल एजुकेशन देती है।

# खाखा को लेकर भाजपा का आप पर पलटवार

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी पर पलटवार करते हुए कहा कि आतिशी को बलात्कारी अधिकारी प्रेम उदय खाखा के मामले में मुख्य सचिव को पत्र भेजने से पहले अपने कैबिनेट सहयोगी कैलाश गहलोत को पत्र भेजना चाहिए था और उनसे पूछना चाहिए था कि उन्होंने नाम लेकर प्रेम उदय खाखा की सेवाएँ 2022 में ओएसडी के रूप मे क्यों मांगी।

आतिशी को स्वाति मालीवाल को एक पत्र लिखना चाहिए और उनसे पूछना चाहिए कि डीसीडब्ल्यू ने 2019 की शुरुआत में पीड़ित महिलाओं द्वारा दर्ज की गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। साथ ही कहा कि आतिशी को पता होना चाहिए कि खाखा के विरूद्ध चार में से दो मामले डीडब्ल्यूसीडब्ल्यूडी. द्वारा बंद कर दिए गए थे।

# यौन उत्पीड़न मामला: आतिशी ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

● पूछा- आरोपी डब्ल्यूसीडी अधिकारी के खिलाफ पिछली शिकयतो को क्यो किया नजरअंदाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शनिवार को मुख्य सचिव नरेश कुमार को पत्र लिखकर पूछा कि नाबालिग से बलात्कार और उसे गर्भवती करने के आरोपी अधिकारी को उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न की पिछली शिकायतों के बावजूद महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग में कार्यरत रहने की अनुमति कैसे दी गई।

आतिशी ने मुख्य सचिव से 28 अगस्त को शाम पांच बजे तक इस मुद्दे पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी। इसमें उन्होंने अधिकारी द्वारा उत्पीड़न किए जाने की शिकायतें कब मिलीं और उन्हें किस व्यक्ति ने देखा इसका भी ब्योरा देने को कहा है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, दिल्ली सरकार के डब्ल्यूसीडी विभाग में उप निदेशक प्रेमोदय खाखा ने नवंबर 2020 और जनवरी 2021 के बीच लड़की के साथ कई बार कथित तौर पर बलात्कार किया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी अधिकारी की पत्नी सीमा रानी ने कथित तौर पर लड़की को गर्भ को गिराने के लिए दवा दी थी। सोमवार को मामले में खाखा और उसकी पत्नी की गिरफ्तारी से कुछ समय पहले, मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद खाखा को पद से निलंबित कर दिया गया था।

# हर तबके के बच्चों का है अच्छी शिक्षा का अधिकार : नवीन गोयल

### अनमोल रत्न फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड-2023



रोटरी पब्लिक स्कूल में शिक्षा में अव्वल छात्रों को सम्मानित करते नवीन गोयल।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**शनिवार** को अनमोल फाउंडेशन के तत्वावधान में रोटरी पब्लिक स्कूल सेक्टर-22 में आयोजित एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड-2023 समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के सह-संयोजक नवीन गोयल मुख्य अतिथि रहे।

नवीन गोयल ने कक्षा दसवीं में मेरिट में आए छात्रों को सम्मानित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में समाज का हर व्यक्ति आगे आए।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू है। हर बच्चे को अच्छी शिक्षा का अधिकार है। हर स्कूल इस बात पर जरूर फोकस करके कि उनके प्रांगण में आने वाले अमीर-गरीब बच्चों को शिक्षा देने में किसी भी तरह का भेदभाव ना हो।

उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों को भी बच्चों को शिक्षा के अलावा खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए। नवीन गोयल ने कहा कि खेल सभी प्रकार की परिस्थितियों के लिए व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से तैयार करता है। खेल के महत्व को गंभीरता से लिया जाना चाहिए तथा इसे शिक्षा के बराबर समझा जाना चाहिए। बच्चों को उनके शुरुआती उम्र से ही इसके लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

छात्रों के बीच अधिक जागरूकता फैलाने के लिए संस्थानों में नियमित अभ्यास और फिटनेस कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। उनके माता-पिता को खेल के महत्व के बारे में जागरुक कराना चाहिए। सभी स्कूलों में खेल के लिए अनिवार्य अवधि होनी चाहिए। इस अवसर पर गरिमा श्योराण, शिवानी जिंदल, मोहित ठकराल, रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर गजेंद्र गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल व अन्य जन उपस्थित रहे।

## मारुति कंपनी की बस को ट्रक ने मारी टक्कर, 8 कर्मचारी घायल



गुरुग्राम में वाटिका चौक पर ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त बस।

### घायल कर्मचारियों को मेदांता मेडिसिटी में कराया गया भर्ती

**गुरुग्राम।** शनिवार की सुबह मारुति कंपनी के करीब 40 कर्मचारियों को लेकर बस कंपनी जा रही थी। इसी बीच वाटिका चौक पर एक ट्रक ने बस में टक्कर मार दी। इस हादसे में मारुति कंपनी के 8 कर्मचारी घायल हो गए, जिन्हें मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह मारुति कंपनी के कर्मचारियों को एक बस सोहना की तरफ से मानेसर कंपनी में ड्यूटी पर लेकर जा रही थी। सुबह 6 बजे वह बस वाटिका चौक पर पहुंची। सिगनल होने के बाद जैसे ही बस आगे बढ़ी तो एसपीआर रोड पर फरीदाबाद की तरफ जा रहे सीमेंट से भरे ट्राले ने बस में टक्कर मार दी। इस टक्कर में बस पलटकर क्षतिग्रस्त हो गई। बस में सवार करीब 40 कर्मचारियों में से 8 कर्मचारी घायल हुए, जिन्हें मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटना के बाद ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घायलों को मेदांता मेडिसिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन बुलाकर बस को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का ऑनलाईन पंजीकरण के बाद मिलेगा लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** विवाह शगुन योजना प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाईन पंजीकरण करवाने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाईन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरान्त ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अन्तर्गत 71 हजार रूपये का लाभ दिया जाएगा। सभी वर्गो की विधवाओं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रूपये से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रूपये का अनुदान दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि बीपीएल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बीपीएल सूची में नहीं है और जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है। उनको 31 हजार रूपये का अनुदान दिया जाएगा। विवाहित युगल 40 प्रतिशत या इससे ज्यादा दिव्यांग है तो उन्हें 51 हजार रूपये और पति-पत्नी में से एक जन 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग है तो उसको 31 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## गुरुग्राम विधानसभा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन आज विधायक सुधीर सिंगला ने लिया तैयारियों का जायजा

### मार्बल मार्केट स्थित शुभ वाटिका में शाम 4 बजे से होगा सम्मेलन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



पन्ना प्रमुख सम्मेलन के लिए कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते विधायक सुधीर सिंगला।

**भारतीय** जनता पार्टी का गुरुग्राम विधानसभा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन कल रविवार 27 अगस्त को होगा। इस सम्मेलन की तैयारियों के लिए पिछले कई दिनों से संगठन के पदाधिकारियों के साथ लगे गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शनिवार शाम को तैयारियों के अंतिम चरण का जायजा लिया। सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए हर चीज को उन्होंने बारीकी से देखा और तैयारियों में लगी टीम को दिशा-निर्देश दिए।

मार्बल मार्केट स्थित शुभ वाटिका में होने जा रहे पन्ना प्रमुख सम्मेलन स्थल पर मीडिया से बातचीत में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा संगठन है जो खुद की मजबूती के साथ देश-प्रदेश की मजबूत पर फोकस रखता है। पन्ना प्रमुख संगठन की मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं को भविष्य की तैयारियों, वर्तमान के कार्यों और भूतकाल में किए गए कार्यों का फीडबैक लेने का माध्यम है। वरिष्ठ नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं के साथ सम्मेलन में खुलकर मन की बात की जाती है और कार्यकर्ताओं के मन की बात जानी जाती है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्या डा. सुधा यादव, केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह समेत कई बड़े नेता शिरकत करेंगे। जिला की पूरी कार्यकारिणी समेत सभी कार्यकर्ता इस सम्मेलन में पहुंचकर संगठन की मजबूती का परिचय देंगें। सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम का यह पन्ना प्रमुख सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। वातानुकूलित हॉल में भव्यता से यह आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि हम सब भाजपा संगठन के सिपाही हैं। हम पहले भी मिलकर चले हैं और भविष्य में भी मिलकर चलेंगे। यही सीख संगठन के वरिष्ठ नेताओं द्वारा दी जाती है। दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी राजनीति के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करता है। इसलिए यह संगठन सबसे अलग है।

## भाजलाका में पांच गांवों के ग्रामीणों के साथ एसडीए और डीएसपी ने की मीटिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू



**उपमंडल** के गांव भाजलाका में शनिवार को उपमंडल अधिकारी संजीव कुमार,डीएसपी मुकेश कुमार, तहसीलदार प्रदीप देशवाल और सदर थाना प्रभारी हुकम सिंह ग्रामीणों से सीधे रूबरू हुए।

इस दौरान मौके पर गांव बावला,छारोडा,चिलावली,चीला,भाजलका आदि के ग्रामीण मौजूद रहे। एसडीएम संजय संजीव कुमार ने बताया कि क्षेत्र में भाईचारा कायम रखने के उद्देश्य से ग्रामीणों के साथ यह बैठक की गई थी, जिसमें पीस कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे।सभी ग्रामीणों से उनकी समस्याओं की भी जानकारी लेकर उचित समाधान का कराने का आश्वासन दिया गया। साथ ही पुलिस की ओर से शरारती तत्वों को पर रोक लगाने और अपराधियों को पकड़वाने में सहयोग मांगा गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने नशे की समस्या को गंभीरता से अधिकारियों के समक्ष रखा।

बैठक में सभी ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में भाईचारा और कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने में वह प्रशासन का सहयोग करने के लिए तैयार है, फिलहाल भी प्रशासन के आदेशों का पालन किया जा रहा है। इस मौके पर ग्रामीण अली नंबरदार, हनीफ बावला, सरपंच रफीक, वरिष्ठ समाजसेवी खालिद सहित आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## उच्च न्यायालय के आदेश पर श्रम विभाग ने प्रबंधन के खिलाफ की चालान की कार्यवाही

**प्रवीन शर्मा।** गुरुग्राम

**जिले** के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों स्थित कई प्रतिष्ठानों में श्रमिक विवाद पिछले काफी समय से चले आ रहे हैं। श्रमिक यूनियनें प्रतिष्ठान संचालकों पर मनमर्जी कर श्रमिकों को परेशान करने के आरोप लगाती रही हैं। सिंधरावली स्थित मेट्रो आर्टम प्रतिष्ठान में भी श्रमिक विवाद चल रहा है। श्रमिक यूनियन प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग श्रम विभाग से करती रही है, लेकिन श्रम विभाग भी किन्हीं कारणों से प्रबंधन पर कोई कार्यवाही नहीं कर सका। जिस पर श्रमिक यूनियन को पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय का द्वार खटखटाना पड़ा।

उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए श्रम विभाग को आदेश दिए हैं कि प्रतिष्ठान की प्रबंधन के खिलाफ चालान करने की कार्यवाही की जाए, क्योंकि प्रबंधन किए गए समझौते का पालन नहीं कर रही है। श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार व श्रमिक यूनियन के प्रधान धर्मराज यादव का कहना है कि वर्ष 2018 में श्रम विभाग ने प्रबंधन के खिलाफ चालान की कार्यवाही की थी, लेकिन वर्ष 2019 में श्रम विभाग ने चालान को वापिस ले दिया था। स्थानीय अदालत में भी श्रमिकों ने गुहार लगाई थी, लेकिन यहां से भी उन्हें न्याय नहीं मिल सका था। जिस पर उन्हें उच्च न्यायालय का सहारा लेना पड़ा।

उच्च न्यायालय ने उनकी गुहार को स्वीकार करते हुए श्रम विभाग को आदेश दिए कि प्रबंधन के खिलाफ चालान की कार्यवाही की जाए। उच्च न्यायालय के इस आदेश से श्रमिक यूनियन के सदस्य बड़े ही उत्साहित हैं और अब उन्हें उम्मीद जगी है कि उन्हें न्याय अवश्य मिलेगा। अनिल पंवार ने श्रमिक यूनियन से जुड़े श्रमिकों से आग्रह किया कि वे संगठित रहें, तभी वे अपने हकों की लड़ाई लड़ सकते हैं।

## बच्चों को नारियल पानी व अन्य सामान किया वितरित

**कुरुक्षेत्र।** महान समाज सेविका मदर टेरेसा की जयंती के अवसर पर स्वस्थ भारत, स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा गांव थाना के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 250 से ज्यादा बच्चों को अपनी को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से नारियल पानी, ग्लूकोज, टूथपेस्ट,हेयर आयल, देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने की।

प्रेम, करूणा एवं ममता की मूर्ति एवं नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित स्नेह सेवा व त्याग की प्रतीक मदर टेरेसा की जयंती पर उन्हे कोटि कोटि नमन करते है। उन्होने अपना सारा जीवन मानव सेवा मे लगा दिया। सभी बच्चों को भी उनसे प्रेरणा लेकर मानव सेवा के कार्य करते रहना चाहिए। उनकी जयंती के उपलक्ष्य मे आज कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

## प्रतियोगिता में खिलाड़ी हार से निराश न हो, हार से सबक लेकर जाए : जिला खेल अधिकारी



शनिवार को जिला जेल अधिकारी संधू बाला सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में तीरंदाजी प्रतियोगिता में तीर चलाकर उद्घाटन करते हुए तथा निशान लगाते हुए खिलाड़ी।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**स्थानीय** देवीलाल खेल स्टेडियम में जिला खेल अधिकारी ने तीर से निशाना साधते हुए जिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। जिला खेल अधिकारी ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की सलाह दी।

शनिवार से स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में जिला तीरंदाजी तीन दिवसीय प्रतियोगिता शुरु हुई। इस प्रतियोगिता में जिले के सोहना, गुडगांव व पटौदी से खंड स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर आए खिलाड़ी भाग ले रहे है। फारुखनगर ब्लॉक के एक भी खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने नहीं पहुंचा।

प्रतियोगिता में 150 के लगभग खिलाड़ी अंडर 14, 17 और 19 उम्र वाले वर्ग में भाग ले रहे है। राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा को इस प्रतियोगिता का नॉडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ-साथ स्थानीय खेल कमेटी की टीम प्रतियोगिता में अपना पूरा सहयोग दे रही है। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रतियोगिता की शुरुआत जिला खेल अधिकारी संधू बाला ने कमान से तीर चलाकर की।

शुरुआत में पहला मुकाबला अंडर-14 उम्र वाले खिलाड़ियों की प्रतियोगिता कराके की गई। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी संधू बाला ने प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हे पहले राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का करने को कहा। दूसरा मिशन ओलिंपिक को लक्ष्य मानकर कड़ी मेहनत करने की सलाह दी।

जिला खेल अधिकारी ने कहा कि प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी के उत्साहित होने के साथ-साथ हारने वाले खिलाड़ियों को फिर से जीत का लक्ष्य लेकर आने को कहा। उन्होने कहा कि हार के बाद कभी निराश नहीं बल्कि अगली बार पहला स्थान पर आने का लक्ष्य लेकर जाए। संधू बाला ने तीरंदाज कोच भगवत सिंह समेत अन्य सभी साथी कोच की सहयोग को सहराया।

## वालीबाल प्रतियोगिता में राजकीय स्कूल फरमाणा ने पाया प्रथम स्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरमाणा में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें वालीबाल प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फरमाणा से लड़ ?कियों की अंडर-19 की टीम ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्यस्तर पर इस विद्यालय की 08 लड़कियों का चयन किया गया तथा अंडर-17 की वालीबाल प्रतियोगिता में भी अच्छा प्रदर्शन किया।

जिसके कारण विद्यालय की 03 लड़कियों का राज्य स्तर की टीम में चयन हुआ। विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार वशिष्ठ, सुभाष मोर एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया एवं भविष्य में अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी। सुमन देवी के प्रयासों से यह सब सम्भव हो पाया।




वालीबाल की विजेता टीम स्कूल स्टाफ के साथ।

## संक्षिप्त समाचार

### निजी स्कूल में कीमती सामान व जरुरी कागजात हुए चोरी

**सोहना।** शहर के निजी स्कूल में लाखों रुपये का सामान व जरुरी कागजात चोरी हो गए। पुलिस ने स्कूल संचालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरी की जांच में जुट गई है। शहर के वार्ड-18 में रहने वाले नरेश कुमार ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिल्ली-गुरुग्राम मार्ग पर वार्ड-21 में एलडीको सोसायटी के निकट वह निजी स्कूल चलाता है। यह स्कूल वह 15-20 साल से चलाता है। स्कूल स्तरीय परीक्षा के बाद तीन दिन से बंद है। शुक्रवार को दोपहर बाद दो बजे के लगभग वह स्कूल में पहुंचा। स्कूल के ऑफिस का सामान इधर से उधर बिखरा हुआ था। अज्ञात व्यक्ति चोरी करके कीमती सामान ले गया। उसके द्वारा सामान की जांच करने पर पाया गया कि दो एसी स्प्रीट, एलइडी टीवी, 4 पंखे बिजली के, एक रसोई गैस सिलेंडर, साइंस का सामान, इंनेटर बैट्री, वोल्टेज, बिजली की तारों के मंडल आदि व जरुरी कागजात गायब मिले। अज्ञात चोर स्कूल की दीवार को कूदकर परिसर में आया। ऑफिस में लगे शीशों को तोड़कर अंदर घुसा था। पुलिस ने स्कूल संचालक की शिकायत पर चोरी होने का मामला दर्ज करने के बाद तलाश में जुट गई है।

### दो कबाड़ा गाडी बेचने के नाम पर लाखों रुपये ठगे

**सोहना।** प्रदेश गृहमंत्री अनिल विज के आदेश पर भोंडसी थाना पुलिस ने जिला नूंह निवासी की शिकायत पर कबाड़ा गाड़ी बेचने के नाम पर 3 लाख 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पीडित ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज न करने का आरोप लगाया है। जिला नूंह का गांव रिठठ निवासी आरिफ उर्फ लल्लू ने प्रदेश गृहमंत्री को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि उसने महिन्द्रा श्री राम फाइनेंस भोंडसी यार्ड के मालिक मोनू उर्फ सूखा खटाना निवासी रिठौज व हवासिंह मलिक के माध्यम से कबाड़ा दो गाड़ियों खरीदने की बात हुई थी। दोनों गाड़ियों का सौदा 6 लाख 50 हजार रुपये में तय हुआ था। 15 जून 2023 को सूखा के कहने पर उसने 60 हजार रुपये फोन पे किए। यें नकदी 9813508265 से मोनू उर्फ सूखा के फोन पे नंबर 9899864114 पर किए। इसी दिन 11 बजकर 47 मिनट पर 10 हजार रुपये, 20 हजार रुपये 12 बजकर 5 मिनट पर, 10 हजार रुपये एक बजरक 14 मिनट पर तथा 50 हजार रुपये नकद दिए गए। 15 जून को कुल 1 लाख 10 हजार रुपये का भुगतान किया। दिनांक 18 जून को मोनू उर्फ सूखा खटाना ने 10 हजार रुपये पर मांगे और उसने तुरन्त 9 बजे फोन पे कर दिए। 16 सितम्बर 2022 को आरोपियों ने उससे 2 लाख रुपये नकद लिए थे। 10 जुलाई 2022 को पार्किंग के नाम पर आरोपियों ने उससे 10 हजार रुपये की मांग की। यह राशि भी उसने फोन पे कर दी। लेकिन आज तक उसे सौदा की गई न तो गाड़ियां दी और नकदी वापस मांगने पर जान से मार देने की धमकियां दे रहे है। पीड़ित आरिफ ने पुलिस को बताया कि उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ भोंडसी थाने में मामला दर्ज कराने के लिए लिखित में शिकायत दी। लेकिन पुलिस ने उसके द्वारा आरोपियों के खिलाफ दी गई शिकायत पर न तो मामला दर्ज किया और न ही उसके पैसे वापस करवाए। भोंडसी पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

### शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए शिविर

**सोनीपत।** वोटर चेतना महाअभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न वार्डों में दो दिन तक शिविर लगाकर नए मतदाताओं के वोट बनाने का अभियान चलाया। शिविरों में सैकड़ों की संख्या में नागरिकों के वोट बनवाये तथा अपने नाम या बूथ की त्रुटियों को ठीक करवाया। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन के नेतृत्व में लगाए गए मुरथल अड्डा, विकास नगर, ककरोई रोड, आईटीआई चौक, तारा नगर, सैनीपुरा, सिक्का कॉलोनी, अग्रवाल भवन गुड़मंडी आदि स्थानों पर लगाए गए शिविरों में मतदाताओं को वोट बनवाने एवं चुनाव में मतदान अवश्य करने बारे जागरूक किया। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने 25 एवं 26 अगस्त को पुरे प्रदेश में वोटर चेतना महा अभियान चलाने के निर्देश कार्यकर्ताओं को दिए थे। राजीव जैन ने शिविरों का दौरा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जब तक सौ फीसदी मतदान का अभियान सफल नहीं होगा तब तक लोकतंत्र मजबूत नहीं होगा।

### पन्हेड़ा खुर्द स्कूल में पौधे लगाकर मनाया त्रिवेणी समारोह



**फरीदाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्हैड़ा खुर्द में खंड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार के द्वारा मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य बिमलेश कुमारी की अध्यक्षता में त्रिवेणी लगाने का कार्य किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को अपने जन्मदिवस पर एक पौधा लगाकर मनाने को कहा तथा उनकी देख-रेख के लिए व विशेष रूप से पढाई के लिए संकल्पित किया गया। सभी अध्यापकों द्वारा भी विद्यालय में एक-एक पौधा लगवाया गया और उनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी उन्हें दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने अध्यापक एवं विद्यार्थियों से ई-अधिगम को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की। अध्यापकों सहित विद्यार्थियों ने खंड शिक्षा अधिकारी को पूरी तरह से आश्वस्त किया कि हम सभी ई-अधिगम बनेंगे। प्रधानाचार्य बिमलेश कुमारी एवं विद्यालय के अध्यापकों द्वारा मुख्य अतिथि का माला एवं पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर योगेश राठी, कुलदीप, सरपंच प्रतिनिधि जेपी शर्मा, गोपाल शास्त्री, जगदीश, दयाचंद, देवेंद्र, दीपक चमन, प्रदीप कुमार, पुष्पा, नीतू, दर्शन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### अध्यापकों को दी खेती की पारम्परिक तकनीक संबंधी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक कृषि के स्टेट एडवाइजर डॉ. हरिओम ने कहा कि प्राकृतिक खेती से किसान प्रति एकड़ 600 क्विंटल गन्ने का उत्पादन ले सकता है क्योंकि गुरुकुल के फार्म पर प्राकृतिक कृषि से ऐसा संभव हो चुका है। इतना ही नहीं यहां पर गन्ने की बुवाई हर सीजन में नहीं की जाती बल्कि एक बार लगाने के बाद गन्ने से 4-5 वर्ष तक फसल ली जाती है और इसमें किसी प्रकार का कोई यूरिया, पेस्टीसाइड या दवाइयों का प्रयोग नहीं किया जाता। डॉ. हरिओम फार्म पर पहुंचे गुरुकुल कुरुक्षेत्र के अध्यापक वर्ग को सम्बोधित कर रहे थे। उनके साथ व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, फार्म मैनेजर गुरदीप, राजेश कुमार भी मौजूद रहे। व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने बताया कि गुरुकुल के फार्म पर गन्ने की सीओजे-85 किस्म का उत्पादन भी 400 क्विंटल से अधिक लिया गया है। जूस और पौष्टिकता के मामले में गन्ने की यह किस्म सबसे अच्छी मानी जाती है मगर अधिक बीमारियों के कारण किसानों ने इसे लगाना बंद कर दिया। गुरुकुल के फार्म पर कई एकड़ में गन्ना लगा है जिसमें कोई बीमारी नहीं है और उत्पादन भी दूसरे किसानों से बहुत अधिक मिल रहा है। रामनिवास आर्य ने बताया कि अध्यापकों की इस विजिट का उद्देश्य यह है कि अध्यापक सीधे तौर पर छात्रों और उनके अभिभावकों से जुड़ा होता है। प्राकृतिक खेती को बारीकी से जानने-समझने हेतु गुरुकुल कुरुक्षेत्र के अध्यापकों का शिष्टमंडल प्राचार्य सूबे प्रताप के नेतृत्व में फार्म पर पहुंचा जहां पर डॉ. हरिओम ने अध्यापकों को खेती की इस पारम्परिक तकनीक के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।

# पलवल का नेताजी सुभाषचंद्र स्टेडियम आज भी कृत्रिम घास की सुविधा से वंचित

### सुविधा के अभाव में खेलों में पिछड़ रहे क्षेत्र के खिलाड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**पलवल** के खिलाड़ियों को कृत्रिम घास की सुविधा देने में हरियाणा खेल विभाग पूरी तरह से विफल रहा है। पलवल के नेताजी सुभाष चन्द्र बोष स्टेडियम आज भी कृत्रिम घास की सुविधा नहीं है। जिसकी वजह से पलवल जिला खेलों में पिछड़ता जा रहा है। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए कृत्रिम घास न होने से यहां के खिलाड़ी साधारण घास के मैदान पर तैयारी करने को मजबूर होते हैं। प्रतियोगिताएं आधुनिक ट्रैकों पर होती हैं। लेकिन यहां कृत्रिम घास जैसी सुवधि न होने से खिलाडियों को अपनी दौड़ की तैयारी फरीदाबाद, गुरुग्राम, नई दिल्ली, पंचकूला शहरों में रहकर करनी पड़ती है। इस प्रकार से तैयारी सभी खिलाडियों के वश की बात नहीं होती। इस पर हजारों रुपये महीना खर्च आता है। वहीं इसका अधिक नुकसान महिला खिलाड़ियों पर पड़ता है, क्योंकि उनके माता-पिता उनको बाहर जाने की मंजूरी नहीं देते हैं। जिससे वे आधुनिक ट्रैक पर तैयारी करने से वंचित रह जाती है। जिससे यहां के खिलाड़ियों को साधारण घास के मैदानों पर अपने खेलों की तैयारी करनी पड़ती है। खिलाडियों का कहना है कि कृत्रिम घास पर तैयारी करने से गति में तेजी आती है। वहीं कृत्रिम घास से पैरों की मसल्स पर भी अधिक जोर पड़ता है, इससे मसल्स में मजबूती मिलती है। कृत्रिम घास का मैदान नहीं होने की वजह से जब पलवल क्षेत्र के खिलाड़ी राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में आधुनिक ट्रैक पर भाग लेते हैं तो कई बार पिछड़ जाते है। वहीं ट्रैक पर अभ्यास का अनुभव नहीं होने पर वे घायल तक हो जाते हैं। खिलाड़ियों का कहना है कि आज के युग में सभी प्रतियोगिताएं कृत्रिम घास के मैदानों



पर ही होती है। जो खिलाड़ी इन मैदानों पर अपनी तैयारी करता है, आगे कामयाब हो पाता है। इन मैदानों पर तैयारी से खिलाड़ी का स्टेमिना बढ़ता है। खिलाड़ियों का कहना है कि उन्होंने कई बार खेल प्रशासन से पलवल स्टेडियम में आधुनिक ट्रैक बनवाने की मांग उच्च अधिकारियों से की है, परंतु आज तक कोई सुनवाई खिलाड़ियों की नहीं हुई है। जिससे खिलाड़ियों में खेल प्रशाशन के खिलाफ रोष है। खिलाड़ियों का कहना है कि फरीदाबाद-गुरुग्राम जाकर दौड़ आदि की तैयारी करने में एक से दो घंटे आने जाने में लग जाते हैं। जिससे उनकी तैयारी प्रभावित होती है। वहीं पलवल से बाहर जाने पर हजारों रुपये का खर्चा आता है। पलवल स्टेडियम में कृत्रिम घास न होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों की तैयारी पर बुरा असर पड़ रहा है। इसकी वजह से कड़ी मेहनत के बाद भी समय में सुधार नहीं हो पाता है। जिससे आगे उनकी परफॉर्मेंस पर असर पड़ता है।



“ **पलवल** जिले में कृत्रिम ट्रैक की सुविधा न होने से क्षेत्र खेलों में पिछड़ता जा रहा है। कृत्रिम घास का ट्रैक तेज होता है। इस ट्रैक पर तैयारी करने से समय में सुधार होता है। जो आगे सफलता का कारण होता है। उन्होंने तुरंत ही सेंथटिक ट्रैक की सुविधा स्टेडियम में लगवाने की मांग की है। जिससे क्षेत्र खेलों में तरक्की कर सकें।

**भगत सिंह, राष्ट्रीय खिलाड़ी**



“ **आज** के समय कृत्रिम घास के मैदान एक जरूरत है। इनके बगैर आगे नहीं बढ़ सकते है। कृत्रिम घास के ट्रैक तैयारी के लिए जरूरी है। इस पर तैयारी के बाद ही खिलाड़ी आगे बढ़ सकते हैं।

**-दलबीर सिंह, खिलाड़ी**

“ **अभी** तक पलवल शहर स्टेडियम में कृत्रिम घास का कोई प्रपोजल नहीं है। जल्द ही खेल विभाग के उच्च अधिकारियों से इस पर चर्चा की जाएगी। जिससे पलवल स्टेडियम में खिलाडियों के लिए कृत्रिम घास का मैदान बनवाया जा सके।

**- एलडीसी लोकेश कुमार, खेल विभाग पलवल**

खिलाड़ियों का कहना है कि जिले को बने 15 साल होने के बाद भी कृत्रिम घास जैसे ट्रैक की सुविधा नहीं होना शर्म की बात है। उन्होंने बताया कि आज के समय में सभी राज्य व राष्ट्रीय स्तर की सभी प्रतियोगिताएं कृत्रिम घास के मैदानों पर ही होती है। जब तैयारी के लिए कृत्रिम मैदान नहीं होगा तो खिलाड़ियों से बेहतर की उम्मीद करना नाइंसाफी है। खिलाड़ियों का कहना है कि जल्द से जल्द पलवल में कृत्रिम घास बनवाना चाहिए, जिससे खिलाड़ियों को सुविधा रहे।

# अलग-अलग हादसों में तीन की मौत

### दो लोग वाहन की चपेट में आए व एक व्यक्ति चलती ट्रेन से गिरा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**अलग**-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। जिनमें दो लोग वाहन की चपेट में आए गए तथा एक व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर सिंह के अनुसार, संजय कॉलोनी सेक्टर-23 निवासी धर्मानंद शर्मा ने दी शिकायत में कहा है कि उसका छोटा बेटा 42 वर्षीय सुधीर शर्मा शादीशुदा था और उस पर एक बेटी व एक बेटा है। जिसकी पत्नी रेनू दोनों बच्चों को लेकर पिछले सात वर्ष से अपने मायके जेवर में रह रही है। पीड़ित का बेटा सुधीर इंटर पास है, जो घर पर ही बच्चों को कंप्यूटर सिखाता था।

सुधीर अपनी मां से कहकर गया था कि वह अपने बच्चों से मिलने के लिए बाइक से अपनी ससुराल जेवर



जा रहा है। अगले दिन उसका बेटा ससुराल से वापस लौट कर संजय कॉलोनी अपने घर आ रहा था। लेकिन जब उसकी बाइक नेशनल हाईवे पर डूंडसा मोड़ के पास पहुंची तभी किसी अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से घायल हुए सुधीर की मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिरजनों के हवाले कर दिया। वहीं, सदर थाना प्रभारी विश्व गौरव ने बताया कि अटोंहा चौक स्थित हनुमान मंदिर के संत सुखराम दास ने बताया कि वह मंदिर पर था उसी दौरान एक व्यक्ति साधू के वेश में था, जिसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भिजवा दिया, लेकिन अस्पताल में मौत हो गई। मृत साधु का नाम-पता मालुम नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पहचान व पोस्टमॉर्टम के लिए जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

इसके अलावा करमन गांव के निकट रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन से गिरकर एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पहचान व पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। होडल जीआरपी चौकी प्रभारी चंद्रपाल सिंह के अनुसार, शनिवार को सुबह करीब सात बजे उन्हें सूचना मिली की करमन रेलवे क्रॉसिंग के निकट गेट नंबर 562 के निकट पंजाब से मुंबई जा रही ट्रेन से एक व्यक्ति गिर गया है। ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो चुकी है और शव रेलवे लाइन के बीच में पड़ा हुआ है।

सूचना मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद जीआरपी ने मृतक की जेबों की तलाशी ली, लेकिन कोई पहचान संबंधी कागजात नहीं मिला। गेटमैन ने मृतक व्यक्ति को गाड़ी से गिरते हुए देखा था, जिसकी सूचना उसने स्टेशन मास्टर को दी और स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को।

जीआरपी के अनुसार, मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है और उसने नीले रंग की जींस, सफेद रंग की कमीज पहनी हुई है और पैरों में हवाई चप्पल है। जीआरपी का कहना है कि मृतक की जेब में टिकट भी नहीं मिली, ताकि पता चल सके की वह कहां से ट्रेन में बैठा था और कहां जा रहा था। फिलहाल जीआरपी ने शव को जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया और पहचान कराने के प्रयास में जुटी हुई है।

# दहेज के लिए महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**दहेज** में कार व 10 लाख रुपये नहीं मिलने पर बहू को मारपीट कर घर से निकाल दिया। कैंप थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति, सास-ससुर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, आदर्श कॉलोनी पलवल निवासी पूजा ने दी शिकायत में कहा कि उसकी शादी 30 जून 2020 को खेड़ीकला गांव निवासी मुकुल के साथ हुई थी। शादी के बाद उसका पति मुकुल, सास सुनीता व ससुर कर्मवीर उसे दहेज के लिए परेशान करने लगे। आरोप है कि उसका पति मुकुल रोजाना शराब पीकर उसके साथ मारपीट व गाली-गलौच कर कहता है तू तो भूखे घर की है। मेरे परिवार लायक नहीं है। उसे पति व सास-ससुर मारते-पीटते रहे। उसे बिजली का करंट लगाकर व छत्त से



धक्का देकर मारने की भी कोशिश की। कहते हैं कि अपने मायके से 10 लाख नगद व एक कार लेकर आ नहीं तो ऐसा होता रहेगा। पीड़िता घर बसाने के चक्कर में उनकी यातनाओं को सहती रही, लेकिन वह अपनी आदतों से बाज नहीं आए।

17 अक्टूबर 2022 को पति, सास-ससुर ने उसे बुरी तरह पीटा और घर से निकाल दिया। आरोपियों ने कहा कि उनके घर आना है तो गाड़ी व 10 लाख रुपए लेकर आना। नहीं तो तुझे व तेरे माता-पिता को जान से खत्म कर देंगे। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# 100 मीटर दौड़ में रिशत चौहान प्रथम

### विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शिक्षा** विभाग की ओर से खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शुक्रवार को एथलेटिक्स, कबड्डी, वालीबॉल सहित कई अन्य खेलों के मुकाबले हुए। अंडर 14 आयुवर्ग के 100 मीटर दौड़ में रिशत चौहान प्रथम स्थान पर रहे, जबकि, अंडर 17 आयुवर्ग में शिवम और अंडर 19 आयुवर्ग में जशकृत प्रथम स्थान पर रहे।

प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। अंडर 14 आयुवर्ग में रिशत चौहान प्रथम रहे। जबकि, दूसरे स्थान पर विहान और तृतीय स्थान पर अर्व रहे। वहीं, लड़कों के अंडर 17 आयुवर्ग के प्रथम राउंड में शिवम प्रथम, नवीन द्वितीय और अभिराज तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, अंडर 19 आयुवर्ग में जशकृत प्रथम, विवेक द्वितीय और दिव्यांश तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 1500 मीटर दौड़ में अक्षित प्रथम रहे। वहीं, नेशनल स्टाइल कबड्डी के अंडर 14 आयुवर्ग में सेक्टर 7 स्थित कॉमल कॉन्वेंट प्रथम की टीम प्रथम, होमरटन ग्रामर स्कूल की द्वितीय और श्रीराम मॉडल की तृतीय स्थान पर रही। अंडर 17 आयुवर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भाखड़ी की टीम प्रथम, हॉमर्टन ग्रामर की टीम द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल की टीम तृतीय स्थान पर रही। अंडर 19 आयुवर्ग में प्रकाश बाल भारती की टीम प्रथम, एंजल पब्लिक स्कूल की द्वितीय और सेंट बीएमएल अनंगपुर की टीम तृतीय स्थान पर रही। जबकि, वालीबॉल के अंडर 14 आयुवर्ग में रावल इंटरनेशनल की टीम प्रथम, आशा ज्योति की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं अंडर 16 आयुवर्ग में सेंट थौम्स की टीम प्रथम और रावल इंटरनेशनल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। वहीं अंडर 19 आयुवर्ग में तक्षशिला की टीम प्रथम और अमर ज्योति की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में विजेता टीमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगीं।

# बेटी बचाओ अभियान अध्यापिकाओं को लडली द्रोणाचार्य अवार्ड देगा

**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान की मीटिंग सेक्टर-29 जिला कार्यालय में राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद की अध्यक्षता में रखी गई। जिसमें उन्होंने ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित करते हुए सुनील गुलाटी को चेयरमैन, संतोष सतीजा को अध्यक्ष, नीता भाटिया को महासचिव, शशि गुलाटी को कोषाध्यक्ष, हरविंद्र बक्शी को उपाध्यक्ष, वर्षा वधावन को सह सचिवए मधु नागपाल, अनीता जोहर, आशा मल्होत्रा, अनीता गुलाटी, संतोष शर्मा, विजय शारदा, सुषमा सेठी व विजय लक्ष्मी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चंद्र आजाद ने बताया कि बेटी बचाओ अभियान की ब्लॉक टीम कन्या भ्रूण हत्या रोकने के जागृति प्रचार के साथ-साथ प्रत्येक माह स्कूलों में लाडली उत्सव भी करेगी। जिसके अंर्तगत पहला कार्यक्रम पांच सितंबर को लाडली द्रोणाचार्य अवार्ड से आरंभ किया जायेगा। जिसमें हम सरकारी स्कूल में अध्यापक दिवस पर अध्यापिकाओं को लाडली द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित करेंगे और अगले माह लाडली जन्म उत्सव करेंगे।

# पांच दिन पहले घर से लापता हुए युवक को परिजनों को सौंपा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से बिना बताए निकले युवक को तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। गुमशुदा व्यक्ति 20 अगस्त को अपने घर से बिना बताए कहीं निकल गया था। जिसकी परिजनों के द्वारा काफी तलाश की गई नहीं मिलने पर परिजनों द्वारा थाना मुजेसर में व्यक्ति के गुम होने की सूचना दी गई जिस पर मामला दर्ज कर थाना पुलिस टीम के द्वारा व्यक्ति को तलाश किया जा रहा था। मामले में क्राइम ब्रांच कैट की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए गुमशुदा व्यक्ति को फरीदाबाद कंपलेक्स एरिया से सकुशल तलाश किया गया।

# दंगा नियंत्रण के लिए बनाई गई चार कंपनियों की पुलिस लाइन में हुई ड्रिल

### पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**दंगा** नियंत्रण के लिए बनाई गई रैपिड एक्शन पुलिस फोर्स की पुलिस लाइन सेक्टर 30 में ड्रिल की गई, जिसमें पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों के इक्विपमेंट चेक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ ज्वाइंट सीपी ओपी नरवाल, डीसीपी हेडक्वार्टर हेमेंद्र कुमार मीणा, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल, डीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा, डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान तथा एसीपी क्राइम अमन यादव, एसीपी सिटी बल्लभगढ़ मुनीष, एसीपी सराय देवेंद्र यादव, एसीपी एनआईटी महेश स्योराण व अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। राकेश कुमार आर्य के निर्देशानुसार चार कंपनियों का गठन किया गया, जिसमें प्रत्येक कंपनी में 100 से अधिक जवान होंगे और प्रत्येक कंपनी में तीन प्लाटून बनाई गई हैं। तीन कंपनियां तीनों जॉन के प्रत्येक डीसीपी तथा चौथी कंपनी डीसीपी क्राइम की अधीन कार्य करेगी। प्रत्येक कंपनी का कमांडर एसीपी रैंक तथा सेकेंड कमांडर इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी होगा और प्लाटून कमांडर सब इंस्पेक्टर तथा सेकेंड कमांडर एएसआई होगा।

सेंट्रल जोन में एसीपी देवेंद्र यादव, एनआईटी जोन में एसीपी महेश श्योराण, बल्लभगढ़ जॉन में एसीपी मुनीश सहगल तथा चौथी कंपनी में एसीपी अमन यादव को कंपनी कमांडर बनाया गया है। कंपनी के जवान लाठी डंडा, टियर गैस और सक्षम आधुनिक हथियार के साथ एक कॉल की तैयारी की पोजिशन में रहेंगे। पुलिस आयुक्त ने रैपिड एक्शन पुलिस फोर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फोर्स के सभी जवानों को इक्विपमेंट दुरुस्त रखने की हिदायत दी गई। सभी जवान स्मार्ट, अलर्ट और डिसिप्लिन में रहेंगे। ये कंपनी किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक या जातिगत हिंसा या किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत कार्य करेगी। सभी जवानों को एक साथ संदेश पंहुचाने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप के अलावा एक सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है जिससे सभी जवानों को एक समय पर निर्देश दिए जा सकेंगे। जिससे सभी जवानों को तुरंत पता चल जाएगा की किसी स्थान पर भी प्रकार की विपरीत परिस्थितियों को तुरंत नियंत्रण में लाया जा सकेगा। पुलिस आयुक्त ने जवानों को ड्रिल के दौरान अहम दिशा निर्देश दिए और जवानों से उनकी ड्यूटी के बारे में समझाया गया। छोटी-मोटी कमियों को दूर करने को कहा।

# जिला परिषद की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** परिषद अध्यक्ष आशिमा सांगवान की अध्यक्षता में जिला परिषद के सदस्यों और तमाम विभागों के जिला अधिकारियों की मौजूदगी में जिला परिषद की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत हाल ही में लेह में शहीद हुए पलवल और नूंह के सैनिकों की याद में दो मिनट का मौन रख कर हुई।

जिला परिषद की सीईओ आशिमा सांगवान ने जिला पार्षदों व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए जिला परिषद के सदस्यों की अहम भूमिका होती है। इसलिए सभी जिला परिषद फरीदाबाद के निर्वाचित सदस्य गण ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के सभी पार्षदों के कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्ण रूप से सुनिश्चित करें। निर्बाध रूप से जिला परिषद के सदस्यों के क्षेत्र में विकास कामों का बेहतर क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व आम लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सभी जिला परिषद सदस्यों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में होने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में पंचायत भवन के नवीनीकरण के क्रियान्वयन की बारिकी से जानकारी ली गई। सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने बैठक में विचार-विमर्श करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं, जलापूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण विकास सहित विभागों में चल रहे योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों व सामान्य एजेंडे के मामलों पर चर्चा की गई। साथ ही ग्राम सचिव पोर्टल पर प्राप्त डिमांड्स पर चर्चा की गयी। चर्चित मुद्दों में ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर लाइट, स्कूलों में वाटर कूलर लगवाने और बल्लभगढ़ में पंचायत भवन की रेनोवेशन, आंगनबाड़ी केंद्रों के मरम्मत कार्य, सीसीटीवी कैमरा की इंस्टालेशन आदि सर्व सहमति से पारित किये गए। बैठक में जिला परिषद के चेयरपर्सन विजय सिंह, आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में फुटबॉल टीम के लिए हुआ ट्रायल



**पलवल।** हरियाणा स्टेट स्कूल गेम्स के अंतर्गत पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में जिला स्तरीय फुटबॉल टीम के लिए ट्रायल लिया गया। जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। खेल सहायक शिक्षा अधिकारी राजबीर सिंह ने बताया कि अंडर-14, 17, 19 वर्ग में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगें। खेल सहायक शिक्षा अधिकारी राजबीर सिंह ने बताया कि शिक्षा निदेशालय की ओर से राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के प्रतिभागी भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि जिले में फुटबॉल की टीम बनाई जा रही है जिसके लिए ट्रायल लिया गया है। ट्रायल में चयनित खिलाडियों को राज्य स्तर पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पानीपत जिले में 26 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास करना है। एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल के कोच जोगेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में एसपीएस स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया है। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। खेलों के माध्यम से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। सरकार द्वारा भी खिलाड़ियों को नौकरी के अवसर प्रदान किए जा रहे है और खिलाड़ियों को पुरस्कार के तौर पर नगद राशि प्रदान की जाती है। फुटबॉल खिलाड़ी तनिष्क ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लिया है। प्रतियोगिता में चयनित होने पर राज्य स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाकर पलवल जिले का नाम रोशन करेंगे। फुटबॉल खिलाड़ी लक्ष्य ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित खेलों को लेकर बच्चों को जोश व उत्साह बना हुआ है। फुटबाल टीम में भाग लेने के लिए अपना ट्रायल दिया है।

### यादुपुर में आयुष विभाग ने कराया योग अभ्यास



**पलवल।** यादुपुर व्यामशाला में योगाभ्यास कराया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया कि आयुष विभाग के अंतर्गत जिले की व्यायामशालाओं में आमजन को योग से जोड़ने के लिए नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है। यादुपुर योग व्यायामशाला के आयुष योग सहायक अभयपाल रावत ने ग्राम यादुपुर में आमजन को योगाभ्यास कराया और योग के लाभों के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक बीमारियों अवसाद, चिंता आदि से भी बचा जा सकता है। योगाभ्यास के कार्य को देखने के लिए हरियाणा योग आयोग के सदस्य जयपाल शास्त्री ने यादुपुर व्यायामशाला का भ्रमण किया और योगाभ्यास करने आए ग्रामीणों को योग करते हुए देखा व उनको योग के लाभों और योग के प्रति हरियाणा योग आयोग के कार्यों के बारे में भी बताया।ग्राम के सरपंच लाल सिंह ने बताया कि ग्राम में जब से सरकार द्वारा आयुष योग सहायक की नियुक्ति हुई तब से आम जन में योग के प्रति रुझान बढ़ा है और ग्राम के लोग सुबह शाम आयुष योग सहायक अभयपाल के निर्देशन में योगाभ्यास सीख रहे हैं।

### फूलों की व्यवसायिक खेती आमदनी का एक अच्छा स्रोत




**पलवल।** धानुका एग्रीटेक रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी सेंटर में शनिवार को गांव पातली कलां में किसान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक एवं डीएआरटी के सलाहकार डॉ. बीएस सहरावत ने की। डॉ. बीएस सहरावत ने फूलों की फसल की खेती करने बारे में जानकारी देते हुए कहा कि किसान अन्य फसलों के मुकाबले फूलों की खेती से अच्छे पैसे कमा सकते है। किसान परंपरागत खेती से हटकर नई एवं आधुनिक तकनीक से फूलों की खेती करें। डॉ. सहरावत ने कहा कि बागवानी विभाग द्वारा फूलों की खेती करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। किसान फूलों की खेती की बारीकियों को सीखें और अपने खेतों में गुलाब, गेंदा, रजनीगंधा, चमेली, जरबेरा सहित फूलों की अन्य किस्मों को उगाऐं। किसानों को इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि फूल बहुत नाजुक होते हैं, इसलिए फूलों की तुड़ाई के बाद भंडारण की उचित व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि फूलों का बाजार में अच्छा भाव मिल सके। उन्होंने कहा कि पलवल जिले में किसानों का रुझान फूलों की खेती की ओर बढ़ रहा है। बागवानी विभाग द्वारा फूलों की खेती के लिए अनुदान भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. लोकेंद्र कुमार ने किसानों को मक्का और गन्ने की खेती के बारे में जानकारी दी। संजय गांधी ने कीटनाशकों के बारे में किसानों को जागरूक किया।

### अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में कार्यशाला का आयोजन




**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल ने परिणाम आधारित शिक्षा (ओबीई) उच्चतर शिक्षा संस्थान की प्रमुख जिम्मेदारियों पर एक कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संकाय का पाठ्यक्रम और कार्यक्रम के परिणाम तैयार करने की आवश्यकता और तरीकों से अवगत कराना था, ताकि छात्र किसी विशेष कार्यक्रम और पाठ्यक्रम को आगे बढ़ाने के लाभों को सीख और समझ सकें। कार्यशाला के मुख्य वक्ता गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार के कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर धमेंद्र कुमार ने परिणामों को परिभाषित करने, संचालित करने और मापने के तंत्र पर चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कांत ने सांझा किया कि संकाय और छात्रों दोनों को किसी भी कायक्रम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य और लाभों को पहले से ही अच्छी तरह से जानना चाहिए। डॉ. कांत ने अपने स्वागत भाषण में प्रोग्राम आउटकम्स और कोर्स आउटकम्स को मापने के इस विशेष क्षेत्र में प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार की विशेषज्ञता की प्रशंसा की। आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ. मनोज शुक्ला ने कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार का परिचय सांझा किया एवं डॉ. नरेश कमरा आइक्यूएसी उप समन्वयक ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# हादसों में नौ लोगों की मौत

## बुलंदशहर में नलकूप का मोटर ठीक करने कुएं में उतरे तीन किसानों की मौत

बुलंदशहर। बुलंदशहर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को नलकूप का मोटर ठीक करने कुएं में उतरे तीन किसानों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हादसे की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना कर मामले की जानकारी ली। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि खानपुर थाना क्षेत्र के जाडौल गांव निवासी कैलाश (42), हंसराज (38) और अनिल (30) शनिवार सुबह आठ बजे के करीब खेत पहुंचे थे, जहां नलकूप का मोटर ठीक करने के लिए कैलाश कुएं में उतरा। सिंह के मुताबिक, अंदर दिक्कत महसूस होने पर कैलाशने आवाज लगाई, जिस पर हंसराज और अनिल भी कुएं में उतर गए। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद एक ग्रामीण ट्यूबवेल पर पहुंचा और कुएं में झांककर देखा, तो तीनों बेहोश पड़े नजर आए। सिंह के अनुसार, ग्रामीण ने अन्य लोगों की मदद से तीनों को बाहर निकाला और जहांगीराबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया। सिंह के मुताबिक, जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सुबह के वक्त कुंए में गैस बनती है, ऐसे में आशंका है कि ऑक्सीजन की कमी से उनकी मौत हुई हो। सिंह ने लोगों से अपील की कि वे बिना किसी सुरक्षा कवच के बोरवेल में न उतरें। उन्होंने कहा कि इस समय बारिश का मौसम है और कुएं में जानवर या सांप भी हो सकते हैं। जिलाधिकारी के अनुसार, पुलिस और प्रशासन ने तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने भी घटना का संज्ञान लिया है और सभी मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की है। सिंह ने बताया कि तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही किसानों की मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी।

## पटाखा फैक्टरी में आग लगने से मजदूर की मौत

सहारनपुर। जिले के गागलहेड़ी थाना क्षेत्र में एक पटाखा फैक्टरी में शुक्रवार देर रात आग लगने से एक मजदूर की मौत हो गई और धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद फैक्टरी मालिक फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है। इस बीच, दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि गागलहेड़ी में कैलाशपुर के छज्जूपुर गांव में जय भवानी पटाखा फैक्टरी के गोदाम में शुक्रवार रात 11 बजे अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आग की लपटों और बारूद में हुए धमाकों से पूरा इलाका दहल गया। जैन ने बताया कि ग्रामीणों ने गागलहेड़ी पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही गागलहेड़ी पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने भी पानी और मिट्टी से आग बुझाने में मदद की।

## पिकअप वाहन पलटा, बाइक सवार दो युवकों की दबने से मौत

बुलंदशहर। बुलंदशहर जिले के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में अमरूदों से लदे एक पिकअप वाहन के मोटरसाइकिल के ऊपर पलट जाने से उस पर सवार दो युवकों की दबकर मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात अमरूद ले जा रहे एक पिकअप वाहन का चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा, जिससे वह विपरीत दिशा से आ रही बाइक पर पलट गया। पुलिस के अनुसार, जहांगीराबाद के एक मोहल्ले के रहने वाले कपिल (23) और अजय (22) शुक्रवार देर रात एक ढाबे से खाना खाने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे, तभी अनूपशहर की तरफ से आ रहा अमरूदों से भरा पिकअप वाहन असंतुलित होकर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने अजय और कपिल को बाहर निकालकर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है, जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग गया।

# युवा कांग्रेस के नेता पर हमला-भाजपा नेताओं सहित दस के खिलाफ मामला दर्ज

अमेठी। युवा कांग्रेस की अमेठी इकाई के अध्यक्ष शुभम सिंह पर कथित रूप से हमला करने के आरोप में भाजपा के दो नेताओं और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अमेठी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) इलामारन ने बताया कि शुभम सिंह के मामले में अमेठी थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है और इस मामले में दोषी पाए गए व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी। युवा कांग्रेस के नेता पर हुए कथित जानलेवा हमले को लेकर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल व पूर्व मंत्री आशीष शुक्ला समेत अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर भाजपा नेताओं को इसके लिए जिम्मेदार बताया। अमेठी थाने में दी गई तहरीर में सिंह ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे वह मुंशीगंज रोड स्थित इंटरनेशनल होटल से खाना पैक करा कर जैसे ही बाहर निकला, पीछे से स्कार्पियो पर सवार होकर पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सत्एन्द्र प्रताप सिंह (राजू सिंह), और भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशु मिश्रा और उनके साथ आठ अन्य लोगों ने उनके ऊपर लाठी डंडों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में सत्एन्द्र प्रताप सिंह (राजू सिंह) और विषु मिश्रा को नामजद करके और आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। वहीं, भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी ने मामले को राजनीति से प्रेरित बताया और कहा कि कांग्रेस के लोग हताश और निराश हैं, ऐसे में उनके पास ऐसी ओछी राजनीति के सिवा कुछ नहीं बचा है। त्रिपाठी ने कहा कि इस मामले में सच्चाई कहीं दूर दूर तक नहीं है, आरोप पूरी तरह निराधार है।

## सुलतानपुर में छोटा ट्रक छप्पर में घुसा, चालक की मौत

सुल्तानपुर। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के मोतिगरपुर बाजार में एक छोटा ट्रक दो गुमटियों को तोड़ते हुए एक छप्पर में जा घुसा, जिससे उसके चालक की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

# आरेडिका में 88वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप का भव्य समापन



रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में 88वें अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक चैंपियनशिप.2023 के आयोजन का आज भव्य समापन हो गया। जिसमें फील्ड इवेंट एवं ट्रक इवेंट दोनों को मिलाकर 47 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी जिसमें मुख्य हैं डिस्कस थ्रो, जैवेलिन थ्रोए हैमर थ्रोए मैराथनए ट्रिपल जम्पए दौडए लम्बी कूदए ऊँची कूदए वाकरेसए शॉटपुटए एवं पोलवॉल्टए आदि। जिसमें विभिन्न रेलवे के पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों ने विजय पताका फहरा कर अपने अपने जोन को गौरवांवित किया। इस चैंपियनशिप में महिला वेस्ट एथलीट पुरस्कार विजेता पीएलडब्ल्यू की प्राची रही वहीं वेस्ट एथलीट मेन्स के विजेता सेण्ट्रल रेलवे के तेजस शिर्सी रहे। टीम चैंपियनशिप वोमेन की विजेता ईस्टर्न रेलवे एवं उप विजेता दक्षिण रेलवे रही। टीम चैंपियनशिप मेन्स में विजेता दक्षिण पश्चिम रेलवे एवं उपविजेता उत्तर रेलवे रहीं। आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने आरेडिका खेल.कूद संघए रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्डए ऑब्जर्बरए टेक्नीकल ऑफिशियलए एथलेटिक फेडरेशन एवं नाड़ा के सभी सदस्यों का आभार जताया जिनके अथक परिश्रम और लग्न से इन प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन संभव हुआ। आरेडिका की पदमश्री एवं अर्जुन पुस्कार प्राप्त तथा आरेडिका की खेलाधिकारी सुधा सिंह के सानिध्य में तैयारी कर रही पायल कुशवाहए मुनीता प्रजापतिए ज्योतिए नन्ही सोमनाथए एवं दीपक आदि खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में स्वर्णए रजतए एवं कांस्य पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिताओं के सकुशल सम्पन्न कराने पर विभिन्न स्थानों से आये रेलवे खिलाड़ियों ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के खेल. कूद संघ का आभार जताया। आरेडिका खेल.कूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि बहादुर प्रसाद एरिना में प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित करने के लिए विश्व स्तरीय डिजीटल सुविधाओं का उपयोग किया गया जिससे सभी प्रतियोगिताओं के शत्प्रतिशत पारदर्शी परिणाम घोषित हो सकें एवं खिलाड़ियों की खेल भावनाओं का सम्मान किया जा सका। भाविष्य में भी आरेडिका खेल.कूद संघ इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन अपना योगदान देता रहेगा।

## जश्न-ए-पंजाब का आयोजन



लखनऊ। यूईआई गलोबल एक शैक्षिक पहल है जो 2007 से भारत के शीर्ष मूल्यांकित हॉस्पिटैलिटी एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस है। यूईआई ऐसे पाठ्यक्रम प्रदान करता है जिन्हें पारंपरिक उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण में विभाजित किया जा सकता है। यूईआई गलोबल लखनऊ के नए छात्रों ने आज संस्थान परिसर में पंजाबी फूड थीम जश्न.ए.पंजाब का आयोजन किय् प्रामाणिक सामग्री से बनाए गए एक पौष्टिक मेनू की विशेषता वाले फूड फेस्टिवल को एक ऐसे माहौल में परोसा गयाए जिससे प्रतिभागियों को पंजाबी शैली के खाने वाले रेस्तरां का एहसास हो। यूईआई एजुकेशन के प्रबंध निदेशक मनीष खन्ना ने कहा, ष्पिछले 16 सालों से हम लगातार नई पद्धति द्वारा अपने छात्रों के लिए शिक्षण और सीखने के कई तरीकों का निर्माण कर रहे हैं। हमारे पास विभिन्न पृष्ठभूमि वाले सभी क्षेत्रों के छात्र हैं और हम उनकी यात्रा के साथ बने रहने का प्रयास करते हैं और उन्हें अनुभवात्मक और समकालीन शिक्षा देते हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संरेखित हैए ताकि हमारे छात्र विभिन्न राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पे काम करने के लिए तैयार हो सके।

# योगी हमारे अभिभावक और मार्गदर्शक : अमनमणि

भाषा। गोरखपुर



**कवयित्री** मधुमिता शुक्ला हत्या कांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे अपने माता-पिता अमरमणि त्रिपाठी और मधुमणि को सजा पूरी होने से पहले रिहा किए जाने के एक दिन बाद शनिवार को पूर्व विधायक अमनमणि त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमारे अभिभावक और मार्गदर्शक हैं और उनके साथ हमारा रिश्ता राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवारिक है।

यहां पत्रकारों से बातचीत में नौतनवा (महराजगंज) के पूर्व विधायक अमनमणि ने माता-पिता की रिहाई पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, जिस तरह भगवान श्री राम के 14 साल के वनवास के बाद अयोध्या लौटने पर दीपोत्सव मनाया गया था, वैसा ही माहौल नौतनवा में भी है। कवयित्री मधुमिता शुक्ला की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा पाए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी (66) और उनकी पत्नी मधुमणि (61) को शुक्रवार शाम को जेल से रिहा कर दिया गया। उत्तर प्रदेश शासन के कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग के विशेष सचिव मदन मोहन ने बृहस्पतिवार को राज्य की 2018 की रिहाई नीति का जिक्र करते हुए अमरमणि की समयपूर्व रिहाई संबंधी एक आदेश जारी किया था। अधिकारी ने आदेश का हवाला देते हुए कहा कि विभाग ने उनकी वृद्धावस्था और जेल में अच्छे आचरण का जिक्र किया था। दंपति ने सोलह साल की सजा पूरी कर ली है और फिलहाल दोनों बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। गोखरपुर में एक संवाददाता सम्मेलन में अमनमणि ने कहा, मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) हमारे अभिभावक और मार्गदर्शक हैं। मैं नियमित रूप से उनसे मिलता हूं, हमेशा उनका आशीर्वाद लेता हूं... मैं राजनीति में सक्रिय हूं और नियमित रूप से उनसे (मुख्यमंत्री) सलाह लेता हूं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री के साथ राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवारिक संबंध है। मैं पारिवारिक मामलों में भी उनसे सलाह लेता हूं। यह कहते हुए कि उन्हें और उनके माता-पिता को रिहाई आदेश के बारे में पहले से पता नहीं था, अमनमणि ने कहा, पहले तो मुझे इस आदेश पर विश्वास नहीं हुआ। मैंने आदेश को कई बार पढ़ा और यहां तक कि वकीलों से भी सलाह ली जिन्होंने पुष्टि की कि रिहाई का आदेश वास्तव में जारी किया गया है। मेरे पिता के पास कोई जानकारी नहीं थी और रिहाई के कागजात पर हस्ताक्षर करते समय उन्होंने मुझसे इसके बारे में पूछा और मैंने उन्हें बताया कि यह रिहाई आदेश है। रिहाई आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली कवयित्री मधुमिता शुक्ला की बहन निधि शुक्ला के बारे में बात करते हुए अमनमणि ने कहा, हर कोई अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए स्वतंत्र है। हमें भारतीय संविधान पर पूरा भरोसा है। अमनमणि ने कहा कि उनकी मां को मनोरोग संबंधी समस्याएं हैं और पिता न्यूरोलॉजिकल और रीढ़ की हड्डी संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं, जिससे उनकी चलने की क्षमता कुछ हद तक प्रभावित होती है।

# दिव्यांग जनों के लिए सुरक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया

वाराणसी।दिव्यांगजनो को सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक सुरक्षा देना सरकार एवं समाज का पहला कर्तव्य है, के संसाधन पर जितना हक सम्मान जनों का है उतना ही हक दिव्यांग जनों का भी है, लेकिन दिव्यांग जनों को भी कोई ना कोई उपक्रम चाहे नौकरी या फिर स्वरोजगार करके देश की आर्थिक विकास में अपना भी योगदान देना चाहिए। उपरोक्त बाते राज्य सलाहकार बोर्ड उत्तर प्रदेश शासन के सदस्य दिव्यांग बंधु डॉक्टर उत्तम ओझा ने विमल चंद्र घोष स्कूल फॉर डेफ विद्यालय वाराणसी में रक्षाबंधन के अवसर पर निर्मलता सेवा समिति द्वारा आयोजित सुरक्षा बंधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीउन्होंने आगे कहा कि यह देश की पहली ऐसी सरकार है जो दिव्यांग जनों के विकास के लिए प्रतिबद्ध एवं संकल्पित है तथा दिव्यांगजन आज इस सरकार के कारण ही राष्ट्र के मुख्य धारा में सम्मिलित हो पाए हैं चाहे मोदी जी हो या योगी जी उत्तर प्रदेश की सरकार और भारत की सरकार दोनों दिव्यांगों का समूर्ण विकास करना चाहती है कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय की प्रधानाचार्य विभा मिश्रा ने कहा कि दिव्यांग जनों के लिए सुरक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन कर समिति ने एक पुनीत कार्य किया है जब सरकार के साथ ही समाज भी दिव्यांगजनों की चिंता करेगा। इस अवसर पर निर्मलता सेवा समिति के अध्यक्ष सौरभ जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समाज को ऐसे वर्गों की चिंता करनी चाहिए जो अभी राष्ट्र के मुख्य धारा में सम्मिलित नहीं है ए दिव्यांगजन बहुत बड़ी संख्या में है निर्मलता सेवा समिति दिव्यांग जनों के उत्थान के लिए कार्य करेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर उत्तम ओझा एवं सौरभ जैन ने विद्यालय में पढ़ने वाली बच्चियों को रक्षाबंधन कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया तथा उन्हें उपहार भी प्रदान किया।

# नाराज परिजनों ने कुल्हाड़ी से काटकर किशोरी की हत्या की

कौशांबी। जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र में नाराज परिजनों ने झूठी शान की खातिर 17 साल की किशोरी की शनिवार को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना जिले के सराय अकिल थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर टिकरी गांव की है, जहां की प्रीति पटेल (17) गांव के ही एक युवक से मोबाइल पर बात करती थी। उसने बताया कि परिजनों के मना करने पर भी बात करने का सिलसिला बंद नहीं हुआ तो शनिवार को आक्रोशित होकर प्रीति के पिता मनराखन सिंह व दो भाइयों राधेश्याम सिंह तथा घनश्याम सिंह ने कुल्हाड़ी से काटकर किशोरी की हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर सराय अकिल के थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। जिलाधिकारी सुजीत कुमार व पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना के आरोपी पिता व दो भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने हत्या का अपराध स्वीकार किया है।

# मेरठ में दुष्कर्म के आरोप में पूर्व सांसद शाहिद अखलाक का बेटा गिरफ्तार

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की परतापुर पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व सांसद शाहिद अखलाक के बेटे दानिश के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ब्रह्मपुरी की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शुचिता सिंह ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि अखलाक के बेटे दानिश के खिलाफ परतापुर थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (दुष्कर्म) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने शुक्रवार देर रात दानिश के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

सीओ के मुताबिक, पुलिस ने दानिश का मोबाइल भी कब्जे में ले लिया और होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद फुटेज की जांच कर रही है। पूर्व सांसद के बेटे पर एक युवती ने आरोप लगाया है कि उसने शादी का झांसा देकर मेरठ के एक होटल में बुलाकर उससे दुष्कर्म किया। घटना के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने बताया था कि बृहस्पतिवार को दिल्ली की 24 वर्षीय युवती उनके दफ्तर में शिकायत लेकर आई और उसने फेसबुक-इंस्टाग्राम पर आरोपी के साथ हुए चैट भी दिखाए। सजवाण के अनुसार, युवती ने कहा कि पूर्व सांसद के बेटे दानिश ने शादी का झांसा देकर मेरठ में एक होटल में बुलाकर उससे कथित रूप से दुष्कर्म किया।

एसएसपी ने कहा कि मामला साइबर प्रकोष्ठ के सुपुर्द कर दिया गया है और यदि जांच में शिकायत सही पाई गई, तो आरोपी के खिलाफ आगे की कार्वाई की जाएगी। हालांकि, बसपा के पूर्व सांसद और मेरठ के महापौर रह चुके शाहिद अखलाक ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में दानिश पर लगे आरोपों पर कहा कि उनके बेटे के खिलाफ इस तरह की शिकायत पहले कभी नहीं आई है और असल में उनका बेटा मोहपाश का शिकार हुआ है। शनिवार को दानिश के प्रतिनिधि वाजिद खान ने भी विज्ञप्ति जारी कर इस मामले को मोहपाश में फंसाने की साजिश बताया। विज्ञप्ति में युवती द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को गलत बताते हुए कहा गया है कि घटना पूर्व सांसद की राजनीतिक एवं व्यापारिक छवि को खराब करने की साजिश है और दानिश किसी भी जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, असल में युवती ने ही इंस्टाग्राम पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी और उसके बाद मेरठ में मिलने की जिद की थी। इसमें आरोप लगाया है कि युवती ने दानिश को फंसाया है और ऐसा प्रतीत होता है कि इस मामले में पूर्व सांसद के बेटे का कोई करीबी शामिल है। शाहिद अखलाक 2004 में बसपा के टिकट पर मेरठ से लोकसभा सांसद चुने गए थे। बीच में उन्होंने बसपा से अलग होकर अपनी पार्टी भी बनाई थी।

# नीतीश ने उप्र से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की अब तक कोई इच्छा व्यक्त नहीं की

बलिया›नीतीश कुमार के उत्तर प्रदेश से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश (उप्र) प्रभारी और बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को कहा कि अभी न तो बिहार के मुख्यमंत्री ने ऐसी कोई इच्छा व्यक्त की है, और न ही पार्टी नेतृत्व ने इस संबंध में कोई फैसला किया है। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा, बिहार, उत्तर प्रदेश से लेकर देश के विभिन्न राज्यों के लोग यह मांग कर रहे हैं कि नीतीश कुमार को (विपक्षी दलों के) गठबंधन इंडिया की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया जाए। उन्होंने नीतीश के उप्र की फूलपुर लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर स्पष्ट किया, नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अभी तक न तो कोई इच्छा व्यक्त की है और न ही पार्टी नेतृत्व ने इस पर कोई फैसला किया है। इससे पहले, मई में जद(यू) के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा था, हमारी पार्टी चाहती है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश की फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ें। फूलपुर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और वीपी सिंह कर चुके हैं। इस सीट पर जद(यू) की नजर होने का संभवत: एक प्रमुख कारण यह है कि यहां से आठ बार कुर्मी (पटेल) समुदाय के प्रत्याशी चुनाव जीते हैं और मौजूदा सांसद केशरी देवी पटेल भी इसी समुदाय से हैं। नीतीश भी इसी समुदाय से आते हैं।

# अध्यापिका के खिलाफ प्राथमिकी

## मुजफ्फरनगर में अल्पसंख्यक छात्र को सहपाठी से थप्पड़ मारने के लिए कहने के मामले ने तूल पकड़ा

**मुजफ्फरनग/लखनऊ**मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के एक निजी स्कूल में छात्रों से अल्पसंख्यक सहपाठी को कथित तौर पर थप्पड़ मारने के लिए कहने वाली अध्यापिका के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में स्कूल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया है कि क्यों न विद्यालय की मान्यता निरस्त कर दी जाए? मुजफ्फरनगर पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया है कि खुब्बापुर गांव स्थित स्कूल की अध्यापिका द्वारा एक छात्र के स्कूल का कार्य न करने पर उसे कक्षा के अन्य छात्रों से पिटवाने और उसके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने की घटना के संबंध में पीड़ित छात्र के परिजनों की तहरीर पर मंसूरपुर पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया। बयान के मुताबिक, स्थानीय पुलिस मामले में जरूरी कानूनी कार्वाई कर रही दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (स्वेच्छा से किसी को चोट पहुंचाना) और 504 (शांतिभंग करने के इरादे से जानबूझकर किसी का अपमान) लगाई गई है। घटना के बाद उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्वाई शुरू कर दी है और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मुजफ्फरनगर के बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल ने बताया कि प्रबंधन समिति के सचिव रवींद्र त्यागी के माध्यम से स्कूल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है और 28 अगस्त तक जवाब मांगा गया है कि क्यों न निर्धारित मानदंडों के उल्लंघन में आपके नेहा पब्लिक स्कूल की सरकारी मान्यता रद्द कर दी जाए। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को मुजफ्फरनगर जिले की उस शिक्षिका को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की, जिसने अपने छात्रों को अल्पसंख्यक समुदाय के एक छात्र को कथित तौर पर थप्पड़ मारने के लिए कहा था।

सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के कथित वीडियो को सपा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर साझा करते हुए यह मांग उठाई, जिसे पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पुन: पोस्ट किया। एक्स पर सपा ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधते हुए कहा, भाजपा और आरएसएस की नफरती राजनीति, देश को यहां ले आईउ मुजफ्फरनगर में एक अध्यापिका अल्पसंख्यक समाज के बच्चे को दूसरे बच्चों से थप्पड़ मरवा रही। मासूमों के मन में जहर घोलने वाली शिक्षिका को तुरंत बर्खास्त किया जाए। उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। हालांकि, सपा प्रमुख के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव नेकहा, सपा प्रमुख का मुजफ्फरनगर के स्कूल की घटना को लेकर किया गया ट्वीट वोट की सतही राजनीति है और समाज में वैमनस्य पैदा करने का घृणित राजनीतिक एजेंडा है। श्रीवास्तव ने कहा, हम सभी विद्यार्थी पहाड़ा याद न करने, गणित के सवाल सही हल न करने या लिखावट अच्छी न होने के कारण स्कूल में शिक्षकों द्वारा दंडित किए जाते रहे हैं।

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत 18 प्रकार के व्यवसाय के लिए करें आवेदन

कानपुर देहात। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना हैए जिसके अन्तर्गत 18 प्रकार के व्यवसाय से सम्बन्धित परम्परागत कारीगरों कारपेन्टरए नांव बनाने वाले अस्त्र बनाने वालेए लोहारए हथौडा व टूलकिट निर्माताए ताला बनाने वालेए मूर्तिकारए कुम्हारए मोचीए डलिया चटाई व टोकरी बुनकरए पारम्परिक गुडिया व खिलौना बनाने वालेए नाईए मालाकारए धोबीए दर्जी तथा मछली का जाल बनाने वालों के कौशलवृद्धि हेतु उन्हें पांच दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षणोपरान्त सम्बन्धित ट्रेड की टूलकिट खरीदने हेतु 15ए000.00 रुपये प्रदान किये जायेंगे साथ ही 1ए00ए000.00 रूपये का ऋण 5 प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदान किया जायेगा। यदि इसे 18 माह में अदा कर देते है तो दूसरी बार 2ए00ए000.00 रुपये का ऋण कम ब्याज दर पर प्रदान किया जायेगा। परोक्त जानकारी देते हुए उपयुक्त उद्योग मोहम्मद सउद ने बताया कि उपरोक्त योजना के लाभार्थियों की पात्रता उपर्युक्त परम्परागत 18 व्यवसाय से सम्बन्धित होना चाहिये आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम नही होनी चाहियेए परिवार का एक ही व्यक्ति पात्र होगा तथा यदि परिवार में कोई सरकारी नौकरी है तो वह इस योजना का पात्र नही होगा। योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण टूलकिट का लाभ कम ब्याज दर पर ऋण डिजिटल के लिये इन्सेन्टिव और मार्केटिंग सपोर्ट का लाभ परम्परागत कारीगरों को प्राप्त होगा। सम्बन्धित लाभार्थियों से अनुरोध है कि योजना की वेबसाइट ीजजचेध्ध्चउअर्पीूांतउंण्हवअण्पद पर ऑनलाइन आवेदन करने का कष्ट करें पात्रों का चयन जनपद स्तरीय क्रियान्वयन कमेटी द्वारा किया जायेगा।

## मनाया गया नारी समानता दिवस

रायबरेली न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला में 'नारी समानता दिवस' मनाया गया। विद्यालय की प्रार्थना सभा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की संयोजिका श्रीमती संचिता त्रिवेदी जी के नेतृत्व में विद्यलय की छात्राओं में- निहारिका, माही, सिद्धि, कशिश, अनन्या, आराध्या, अनुप्रिया अपर्णा, अक्षिता, अंशिका ने एक प्रेरक लघु नाटिका प्रस्तुत कर देश के विभिन्न क्षेत्रों में नारी के योगदान, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण का संदेश दिया वहीं विद्यालय की छात्रा अनन्या ने 卐मुझे पुरुष के बराबर हक दिलाने की बात चल रही है।卐 कविता के माध्यम से नारी समानता के भावव्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी के साथ समानता का व्यवहार करके ही हम समाज में वास्तविक समानता ला सकते हैं। आज नारी विकास, सुरक्षा, शिक्षा, राजनीति आदि सभी क्षेत्रों में कन्धे से कन्धा मिलाकर अपना सकारात्मक सहयोग दे रही हैं। अतः उनके प्रति श्रद्धा, सहानुभूति, सुरक्षा एवं सहयोग की भावना रखना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम का कुशल संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती पिंकी जायसवाल जी के नेतृत्व में विद्यालय की छात्रा सृष्टि व छात्र दिव्यांश ने किया इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो0 फैजान खान, सी0एस0 दास मिश्र, शिवकरन पाल, शाहीन खान, अवधेश कुमार शर्मा, राकेश अवस्थी, बालजी पांडे, मनीष तिवारी, रामकिशोर, बी0एस0 त्रिवेदी अभिषेक श्रीवास्तव एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएमपीएस के बच्चो ने सीखें आग से बचाव के उपाय

लालगंज रायबरेली। कस्बे के चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक स्कूल में फायर विभाग की टीम द्वारा छात्रो को आग से बचने व उसे बुझाने का सजीव प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विभिन्न तरीको से आग पर कैसे काबू पाया जाये इसका छात्रो को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आकस्मिक स्थिति में धैर्य बनाये रखते हुए स्थिति को नियंत्रण में रखना रहा। फायर ब्रिगेड लालगंज द्वारा कस्बे के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इन्टर कॉलेज लालगंज में बच्चों को आग से बचाव व सुरक्षा के बारे में बताया गया। अग्निशमन विभाग लालगंज से आए मुकेश गिरी प्रभारी फायर स्टेशन व उनकी टीम विमल यादव, अमरेश बहादुर, संजय ने मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन यंत्र का प्रदर्शन किया और इस्तेमाल के तरीके समझाए। उन्होंने स्कूल के कर्मियों व विद्यार्थियो को प्रशिक्षित भी किया। यंत्रों का डेमो भी किया गया। डेमो में एक सिलिंडर का पाइप खोल कर आग लगा दिया गया। इस आग को कई तरीके से बुझाना सिखाया गया। पहले सिलेंडर में लगी आग को अग्निशमन यंत्र से बुझाया गया। इसके बाद बड़े आकार के गीले तौलिए और इसके बाद प्लास्टिक की बाल्टी से आग को बुझाना सिखाया गया। प्रशिक्षण के बाद बच्चों ने भी आग को खुद बुझाया। इस प्रशिक्षण से बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। इंस्पेक्टर मुकेश गिरी ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल का उद्देश्य है कि लोगों में आग से भय कम हो।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 27 अगस्त, 2023




## मंत्री का ठसका

नई व्यवस्था के तहत मंत्रियों की लालबत्ती सुविधा की व्यवस्था भले ही छिन चुकी है, प्रोटोकाल में भी पहले से कमी आई है। साथ चलने वाले तामझाम में भी कटौती हो चुकी है लेकिन मंत्री हैं तो ठसका तो जरूरी ही है। इसी ठसके के चलते भगवा सरकार में पुशओं की देखभाल का जिम्मा संभालने वाले मंत्री जी ने नियमो को दरकिनार करते हुए अपनी कार स्टेशन के प्लेटफार्म के अंदर ही चढ़ा दी। पैदल न चलना पड़े इसके लिए उनके ड्राइवर ने कार को स्टेशन के एस्केलेटर तक पहुंचा दिया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फिर क्या था, बवाल बच गया। विरोधी दलों के नेताओं ने बिना समय गवाएं हमला बोलना शुरू कर दिया। आनन-फानन में ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। अब गिरफ्तारी के प्रयास की बात कहीं जा रही है। सोशल मीडिया पर अपने खिलाफ गुबार देख अब मंत्री जी के वहां से सफाई दी जा रही है कि उनका इरादा नियम तोड़ने का नहीं था। वह तो उस समय बारिश होने और कहीं ट्रेन छूट न जाए इस जल्दबाजी में ऐसा हो गया।



## मिर्जा पर लटकी तलवार

देश-दुनिया को भाषा पढ़ाने वाले संस्थान के पूर्व मिर्जा साहेब पर कार्यवाही की तलवार लटक रही है। आने वाले दिनों में गलत नियुक्तियों को लेकर उन पर भी शिकंजा कसना तय माना जा रहा है। हुआ यह है कि मिर्जा साहेब ने अपने कार्यकाल के दौरान फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्तियों को हरी झंडी दे दी। मामले का खुलासा हुआ तो राजदरबार के फरमान पर जांच कमेटी बैठ गई। जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद पता चला कि जिसकी नियुक्ति की गई थी, उसने उस कोर्स की वहां से डिग्री नही ली, जहां से उसने बताया था। वहीं एक अन्य मामले में असिस्टेंट के लिए बुलाई गई बैठक में मिर्जा साहेब ने एक व्यक्ति को डायरेक्ट प्रोफेसर बना दिया। मिर्जा साहेब के कारनामों की लंबी लिस्ट है। जिसकी जांच जारी है। फि लहाल, मिर्जा पर तलवार लटकी है।




## तवज्जों ही नहीं देते अफसर

देश में भले ही स्वछता अभियान चला कर विदेशों में भारत का मान बढ़ा हो लेकिन प्रदेश की राजधानी में करोड़ों का बजट होने के बाद सफाई व्यवस्था का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। भला हो भी क्यों न, जब सफाई पर शहर की प्रथम महिला के निर्देशों का अधिकारी तवज्जों नहीं दे रहे हैं तो पार्षदों की क्या सुनेंगे। नगर निगम में सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए जोनल अधिकारी, सफाई सुपरवाइजर, बीट इंचार्ज और हजारों सफाई कर्मियों की फौज होने के बाद भी स्वच्छ सफाई वायु सर्वेक्षण में लखनऊ पिछड़ गया। लखनऊ, देश में प्रथम से 24वें स्थान पर आ गया। फिर क्या था विपक्षी पार्षदों को सत्ताधारी पार्षदों पर हमला करने का एक और मौका मिल गया। पार्षदों ने कहा कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के दावे बड़े लेकिन हकीकत में सफाई सिर्फ कागजों में ही दिखाई पड़ती है। ऐसे में सत्ताधारी पार्षदों, प्रथम महिला की उनके अधिकारी ही नहीं सुनते, जबकि 50 करोड़ रुपए से अधिक खर्च कर रहा है सफाई पर नगर निगम। सीधा हमला होते ही ही तिलमिलाए भाजपाई पार्षदों ने प्रथम महिला से सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।



## हस्तिनापुर का दुर्भाग्य

मैं 'मैं' हूं, मैं स्वयंभू हूं, समाजवाद की भूमि में जो चाहूं वह कर सकता हूं। मुझे स्वयं की सुख सुविधा चाहिए, उसके बाद बाकी कुछ और। पहले मेरा परिवार, फि र बाकी रिश्तेदार, उसके बाद जनता जनार्दन। इसीलिए तो मैंने सदन में पद लिया, कि भौकाल बना रहे। बस मेरी यही कमजोरी और समाजवाद के हस्तिनापुर का दुर्भाग्य है। परिवारवाद की अदा तो मुझे विरासत में मिली है। पद प्रतिष्ठा हो या कुर्सी, सब आसपास ही होना चाहिए, दूर नहीं जाना चाहिए। जब पिता के पद को छीनने में मुझे जरा सी देर नहीं लगी, तो बाकी सब क्या है मेरे सामने। संगठन में जो मैं चाहता हूं वही होता है। 2017 के बाद से भले ही मुझे पराजय पर पराजय मिली लेकिन मेरे हौसले कम नहीं हुए। आज भी मैं लड़ रहा हूं और लड़ता रहूंगा। भले ही दिशा विहीन हूं लेकिन संघर्ष करता रहूंगा। अपने एसी युक्त कार्यालय और कमरे में बैठकर। मैं करूंगा वही जो मेरा मन चाहेगा, चाहे मुझे आगे भी हार पर हार मिलती रहे।

# बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी अब हफ्ते में दो दिन करेंगे फील्ड विजिट

● अक्टूबर महीने को अनुरक्षण माह के रूप में मनाने के मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

### विद्युत कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण की होगी व्यवस्थाः डॉ. आशीष गोयल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** पॉवर कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी भी अब हफ्ते में कम से कम दो दिन फ ील्ड विजिट करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल ने प्रदेश की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है बिजली सम्बन्धी कार्यो में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और इसके लिए थर्ड पार्टी से निरीक्षण कराया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चेयरमैन ने विभाग के सभी उच्चाधिकारियों को फ ील्ड विजिट करने के लिए कहा है। विभाग के सभी आलाधिकारियों को अपने अधीनस्थ



अधिकारियों को उचित नेतृत्व देकर विद्युत सम्बन्धी कार्यों का बेहतर परिणाम देने के लिए निर्देशित किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आगामी अक्टूबर माह को अनुरक्षण माह के रूप में मनाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

यूपीपीसीएल के चेयरमैन ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम जितनी बिजली दें उतना राजस्व भी वसूलें। इसके लिये प्रत्येक अधिकारी मेहनत एवं ईमानदारी से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी विद्युत राजस्व प्राप्त करने में सफल नहीं होंगे उनकी जवाबदेही तय की जायेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति एवं उसके सापेक्ष राजस्व प्राप्त हो यह सभी के लिए शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। उपभोक्ता को सही रीडिंग का बिल समय से मिले और उससे हम राजस्व प्राप्त करें, यह सुनिश्चित होना चाहिए। डॉ आशीष कुमार गुप्ता के अनुसार प्रदेश में कॉमर्शियल कनेक्शन कम हैं अत: यह भी सुनिश्चित किया जाए कि व्यापार सम्बन्धी कार्य घरेलू कनेक्शन से न हों। उन्हें सही विधा के कनेक्शन दिये जाएं। बताया कि प्रदेश में क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर निश्चित समय सीमा में बदलना सुनिश्चित किया जाए। इसमें लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर की मरम्मत में उसका लोड चेक करने के बाद, उसे ओवर लोडेड ट्रांसफार्मर की जगह प्रतिस्थापित किया जाएगा। प्रदेश में विद्युत सम्बन्धी जो भी कार्य किये जा रहें है वे निश्चित समय सीमा में पूरे होने चाहिए। इसके लिए इस्टीमेट में प्रत्येक छोटी से बड़ी सामग्री का ध्यान रखा जाएए जिससे बाद में सामग्री की कमी न हो। चेयरमैन ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अक्टूबर माह को अनुरक्षण माह के रूप में मनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दें। इसके लिए जो भी आवश्यक सामग्री की जरूरत हो वो सितम्बर तक मुहैया कर ली जाए। इससे अक्टूबर में अनुरक्षण में कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने कहा कि स्टोर एवं सामग्री प्रबन्ध से सम्बन्धित अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि विद्युत सामग्री समय से प्रीक्योर की जाये जिससे स्टोर में आवश्यक सामग्री की कमी न हो। कहा कि संविदाकर्मियों को समय से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि तकनीकी स्टाफको फील्ड में तैनात किया जाए न कि उसे ऑफिस कार्यों में लगाया जाए। शक्ति भवन में सम्पन्न इस समीक्षा बैठक में प्रबन्ध निदेषक पंकज कुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान डिस्काम के प्रबन्ध निदेशक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे।

# कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए नगरीय निकायों में 30 तक होगा सेल्फ असेसमेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एवं कचरा मुक्त शहर (गार्बेज फ्री सिटी) बनाने का उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रदेश के प्रत्येक नगरीय निकाय में सेल्फ असेसमेंट की व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए प्रत्येक नगरीय निकाय में 30 अगस्त तक सेल्फ असेसमेंट होगा। 4 सितंबर को इसकी समीक्षा होगी। नगरीय निकायों में अप्रैल 2023 में मॉक असेसमेंट आयोजित किया गया था, जिसने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत गार्बेज फ्री सिटी के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को निरंतर बनाये रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया था।

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि सेल्फ असेसमेंट डेडिकेटेड गूगल फार्म के माध्यम से किया जाएगा, जो गार्बेज फ्री सिटी के मूल्यांकन के प्रत्येक पैरामीटर के मानक को परिभाषित करेगा। यह फार्म नगरीय निकाय द्वारा भरा जायेगा। पूर्ण सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट को जमा करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त की शाम 5 बजे तक है। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों से निर्धारित समय सीमा में इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। चार सितंबर को सुबह 11 बजे सेल्फअसेसमेंट की समीक्षा की जायेगी। सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट को सही ढंग से पूर्ण करने एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत उसे जमा करने की कार्यवाही अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत के इस उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सेल्फ असेसमेंट की व्यवस्था प्रारंभ करने हेतु प्रो एक्टिव स्टेप लिया गया है। इसका उद्देश्य नगरीय निकायों को सशक्त करना है, जिससे वह अपनी प्रगति का मूल्यांकन करने में सक्रिय भागीदारी कर सके एवं उन क्षेत्रों की पहचान कर सकें, जिन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अप्रैल से प्रारंभ किए गए मूल्यांकन की यह व्यवस्था हमारी रणनीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करेगा।

# भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त है। इस सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र की उपेक्षा की है। अस्पतालों में न इलाज मिल रहा है न दवा मिल रही है। अस्पतालों में मरीजों को स्ट्रेचर और बेड तक नहीं उपलब्ध है। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के तमाम अस्पतालों में इलाज में लापरवाही से मौतों की सूचनाएं लगातार आ रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही से राजधानी लखनऊ के बड़े अस्पतालों केजीएमयू, पीजीआई और डॉ. लोहिया संस्थान में भी मरीजों के इलाज में मुश्किल आ रही है। कहीं वेंटिलेटर नहीं है तो कहीं बेड नहीं है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में मरीजों के लिए जरूरी सुविधाओं का अभाव है। कई मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर, विशेषज्ञ डॉक्टर, दवाएं, उपकरण, संसाधन और अन्य सुविधाएं नहीं है। मुख्यमंत्री के गृह जिले में भी स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से गोरखपुर में फर्जी डाक्टर और फर्जी नर्स के सहारे अस्पतालों का चलना और मरीजों का फर्ज़ी इलाज होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। टेक्नीशियन द्वारा ऑपरेशन करना और प्रसूता की मौत की खबर बहुत दु:खद है। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के खस्ताहाल होने की घटनाएं प्रदेश में हर दिन हो रही है।

सरकारी अस्पतालों में बदइन्तजामी और इलाज के अभाव में मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। इसी के चलते परेशान लोग कहीं भी इलाज कराने पर मजबूर है। भाजपा सरकार ने 108 एम्बुलेंस सेवा से लेकर इलाज तक सब कुछ बर्बाद कर दिया है। विभाग भ्रष्टाचार और लूट की गिरफ्त में है। गरीब इलाज के लिए भटक रहा है। भाजपा सरकार गरीबों को बीमारी में मदद के बजाय उसकी दुश्वारियां बढ़ा रही है। प्रदेश में वायरल बुखार, डेंगू समेत तमाम संक्रामक रोग तेजी से बढ़ रहे है लेकिन मरीजों के लिए जरूरी दवाएं तक नहीं हैं।

# शिक्षा के मंदिर में जाति-धर्म का जहर घोलना शिक्षक के लिए बहुत बुरा कृत्यः अजय

● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की मुजफ्फरनगर घटना की निंदा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय राय ने जनपद मुजफ्फरनगर के ग्राम खुब्बापुर के नेहा पब्लिक स्कूल की शिक्षिका द्वारा एक विशेष वर्ग के बच्चों द्वारा एक दूसरे समुदाय के बच्चे को अपने सामने पीटने के लिए दबाव बनाकर पिटवाने की घटना पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि यह घटना बहुत ही निन्दनीय है। राय ने कहा कि मासूम बच्चों के मन में नस्ली भेदभाव पैदा करने और उनमें जाति-धर्म का जहर घोलना, शिक्षा के पवित्र मंदिर में नफरत का माहौल बनाने की घटना किसी शिक्षक के लिए बहुत ही बुरा कृत्य है। इस प्रकार की घटना समाज में विद्वेष पैदा करती है और निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी की जाति और धर्म की चल रही विध्वंसकारी नीति का परिणाम है। यह वह जहर है जो हमारे देश के भविष्य के जीवन में घोला जा रहा है। उन्होने कहा कि एक तरफ जहां देश के बच्चे और युवा उच्च शिक्षा ग्रहण कर नई नई तकनीकी ऊंचाईयों पर ले जा रहे हैं, वहीं नफ रत का बीज बोकर भाजपा किस प्रकार का समाज बनाना चाहती है यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हम सभी को इस नफ रत की चहारदीवारी बनाने वालों को बेनकाब करना है, नफरत की दीवार को तोड़ने और समाज में मुहब्बत का वातावरण बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसी नफ रत की दीवार को तोड़ने और मुहब्बत का पैगाम फैलाने के लिए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ जनप्रिय नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लगातार पूरे देश में जगह-जगह जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। हम सभी को ऐसे विघटनकारी तत्वों के खिलाफ आवाज उठाने की आवश्यकता है। इस घटना के सम्बन्ध में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय एवं प्रदेश महासचिव विदित चौधरी ने पीड़ित बच्चे के पिता इरशाद से फोन पर बात की और विश्वास दिलाया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी सहित पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ है और उनको न्याय दिलाने के लिए हर संभव मदद के लिए आश्वासन दिया।

## अजय राय ने विभिन्न मंदिरों में किया दर्शन-पूजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को प्रात: लखनऊ के प्रसिद्ध हनुमान सेतु मंदिर पहुंचकर हनुमान जी का दर्शन किया व फूल माला अर्पित कर आर्शीवाद लिया। इसके उपरान्त गोमती नदी के किनारे स्थित हनुमत धाम पहुंचकर दर्शन कर पूजा-अर्चना कर आर्शीवाद लिया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री व प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रवक्ता पंकज तिवारी, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, वाराणसी के शहर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे, मुकेश सिंह चौहान, प्रज्ञा सिंह, रूद्रदमन सिंह, ि रमेश मिश्रा, अनामिका यादव, सरदार रंजीत सिंह, नितान्त सिंह नितिन, विनोद यादव, आयुष यादव, अंकित सक्सेना आदि कांग्रेसजन शामिल रहे।



इसके पश्चात लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचकर मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आर्शीवाद लिया एवं वहां मौजूद एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं एवं छात्रों से मिले। इस मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को बाबा विश्वनाथ की प्रतिमा भेंट की। अजय राय ने छात्रों को आश्वासन दिया कि किसी भी छात्र के साथ अन्याय और उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत के साथ छात्रों के हितों के साथ खड़ी रहेगी।

इसके उपरान्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यालय पहुंचकर सेवादल के संस्थापक स्व. एनएस हार्डिकर की पुण्यतिथि पर हार्डिकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं सेवादल के स्वयंसेवकों ने गॉड आफ आनर देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर अजय राय ने कहा कि स्व. हार्डिकर ने सेवादल जैसे अनुशासित संगठन को स्थापित किया जो कांग्रेस संगठन की रीढ़ है। सेवादल निश्चित तौर पर अपने अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाना जाता है। उन्होने कहा कि सेवादल के बिना देश मजबूत नहीं हो सकता। सेवादल जैसे संगठन की आज के समय में जिम्मेदारी बढ़ गयी है और सेवादल को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है।

## विद्युत पोलों व ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के लिए धनराशि अवमुक्त

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 3 के अंतर्गत जनपद आगरा, बांदा, लखनऊ, कुशीनगर, लखीमपुर.खीरी, मथरा, रायबरेली व फतेहपुर में पीएमजीएसवाई-थर्ड फेज के अंतर्गत एफ डीआर तकनीक से निर्माणाधीन कतिपय पैकेज, मार्गों पर आने वाले विद्युत पोलों/ ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किये जाने हेतु कुल पन्द्रह करोड़ उनतालीस लाख, पन्द्रह हजार तैंतीस की धनराशि अवमुक्त किये जाने स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण को निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय योजनान्तर्गत निर्धारित गाइडलाइन्स दिशा निर्देशों में उल्लिखित व्यवस्था एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत किया जाय और धनराशि के आहरण के संबंध में मितव्ययिता संबंधी समय.समय पर निर्गत शासनादेशों एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

# स्वदेशी गाय की खरीद पर ट्रांसपोर्टेशन और बीमा का खर्च उठाएगी सरकार

### पहले चरण में 18 मंडल मुख्यालयों के जनपदों में लागू की जाएगी मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के गौ पालकों की आय बढ़ाने, आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वदेशी नस्ल की गायों के प्रति उनका रुझान बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने नन्द बाबा दुग्ध मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना शुरू की है। इसको लेकर शासन ने शुक्रवार को शासनादेश जारी कर दिया है। शासनादेश में योजना से संबंधिति पात्रता, सब्सिडी के मानक, योजना का उद्देश्य और स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। इसके अनुसार गौ पालक द्वारा दूसरे प्रदेशों से साहिवाल, थारपारकर, गिर एंव संकर प्रजाति की गाय खरीदने पर उन्हे ट्रांसपोर्टेशन, ट्रांजिट इंश्योरेंस एवं पशु इंश्योरेंस समेत अन्य मदों पर खर्च होने वाली धनराशि पर सब्सिडी दी जाएगी। यह सब्सिडी गौ पालकों को अधिकतम दो स्वदेशी नस्ल की गायों की खरीद पर मिलेगी। यह सब्सिडी गौ पालकों को कुल व्यय धनराशि का 40 प्रतिशत यानी 80 हजार रुपये तक दी जाएगी। पहले चरण में यह योजना प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालय के जनपदों में लागू की जाएगी।



इसके बाद इसे प्रदेश के सभी जनपदों में लागू किया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव पशुपालन डॉ. रजनीश दुबे ने बताया कि नन्द बाबा मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना का उद्देश्य प्रदेश में स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों की संख्या और नस्ल को बढ़ाना है ताकि प्रदेश में दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि कर प्रदेश दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बना रहे। साथ ही प्रदेश के ग्रामीण अंचलों के युवाओं और महिलाओं को पशुपालन के व्यवसाय के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हे रोजगार उपलब्ध कराना है। इसके अलावा योजना का उद्देश्य प्रदेश में प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता में वृद्धि कर राष्ट्रीय औसत दुग्ध उपलब्धता के स्तर पर लाना है। दुग्ध आयुक्त एवं मिशन निदेशक शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए गौ पालक को दूसरे प्रदेश से स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय खरीदना अनिवार्य है। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी की ओर से लाभार्थी को दूसरे प्रदेश से स्वदेशी नस्ल की गाय खरीदने के लिए एक अनुमति पत्र जारी किया जाएगा ताकि उसे गायों के परिवहन में किसी प्रकार की समस्या न हो। वहीं इन गायों का 3 वर्षों का पशु बीमा एकमुश्त कराया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही उन्हे दूसरे प्रदेश से अपने प्रदेश में लाने के लिए ट्रांजिट बीमा भी कराना अनिवार्य है। योजना के तहत लाभार्थी को सब्सिडी गाय की खरीदए उसके परिवहन, पशु ट्रांजिट बीमा, 3 वर्षों का पशु बीमाए चारा काटने की मशीन की खरीद एवं गायों के रखरखाव के लिए शेड के निर्माण पर दिया जाएगा। विभाग की ओर से इन सभी मदों में गौ पालक का खर्च दो स्वदेशी नस्ल की गायों के लिए 2 लाख रुपये माना गया है, जिसका 40 प्रतिशत यानी अधिकतम 80 हजार रुपए सब्सिडी के रूप में दिए जाएंगे। इस योजना का लाभ उठाने के लिए लाभार्थी के पास गौ पालन के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए। साथ ही उनके पास पहले से 2 से अधिक स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाएं न हों। वहीं इस योजना के तहत 50 प्रतिशत महिला दुग्ध उत्पादकों एवं पशुपालकों को तरजीह दी जाएगी जबकि 50 प्रतिशत में अन्य वर्ग के लाभार्थी शामिल हैं।

# घोसी उपचुनाव में कांग्रेस ने सपा को दिया समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** ने घोसी (मऊ) में हो रहे उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को समर्थन पत्र भी जारी कर दिया।

समर्थन पत्र में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि समाजवादी पार्टी इंडियन नेशनल डेवलेपमेंट इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) को हिस्सा है, इसलिए कांग्रेस पांच सितम्बर से घोसी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह को समर्थन प्रदान करती है। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से सपा के घोषित प्रत्याशी को भारी बहूमत से जिताने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि घोसी सीट पर सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान से है। पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान के इस्तीफे के कारण ही इस सीट पर उप चुनाव हो रहा है। पिछले विधानसभा चुनावद में दारा सिंह चौहान इसी सीट से सपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़े थे और जीत कर विधायक बने थे लेकिन हाल ही में पूर्व मंत्री दारा सिंह ने समाजवादी पार्टी से किनारा करते हुए भाजपा का दामन थाम लिया।

इसी के चलते उन्हें घोसी विधानसभा सदस्य पद से त्याग पत्र देना पड़ा, जिसके चलते यह सीट खाली हुई थी। देखा जाए तो 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले घोसी में होने वाला विधानसभा का उपचुनाव भी काफी हद तक भविष्य में होने वाली राजनीति के दृश्य को साफ करेगी। इसी का परिणाम है कि आज इस सीट पर चुनावी दमखम दिखाने के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से टक्कर लेने के लिए कांग्रेस व सपा ने एक दूसरे का हाथ थाम कर भाजपा को सीधे-सीधे चुनौती दी है।

पायनियर
नई दिल्ली , रविवार, 27 अगस्त, 2023



# वित्त व संसदीय कार्य मंत्री ने नगर निगम के कार्यो की समीक्षा बैठक की

- दो माह के अन्दर नगर की सड़कों को दुरस्त करने के निर्देश
- 169 करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम क्षेत्र के कराये जायेगें विकास कार्य

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगर** निगम के नगर निगम कार्यालय में कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्री श्री सुरेष कुमार खन्ना महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा जी, कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों द्वारा सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम के कार्यो जैसे- स्वच्छता, निर्माण कार्य, सीवर लाइन, स्ट्रीट लाइट, पेयजल आपूर्ति, टैक्स कलेक्षन, नगर निगम द्वारा प्रस्तावित कार्य एवं उपलब्धियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में मंत्री ने टैक्स विभाग द्वारा किये जा रहें कार्यो के विशय में जानकारी प्राप्त की गई। जिसमें मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेष कुमार सोनकर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से कर विभाग द्वारा जन-सुविधा के दृश्टिगत षासन को भेजे गये प्रस्ताव में वन टाइम सैटेलमेंट स्कीम के विशय में बताया गया, जिसमें आमजन को वन टाइम सैटेलमेंट स्कीम के अन्तर्गत व्यक्ति को गुहकर/जलकर के कर में कुल धनराषि में से पूर्ण ब्याज माफ एवं कुल मूलधन धनराषि में से भी 20 प्रतिषत धनराषि की छूट का प्रावधान है, जिस पर कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई। मा0 मंत्री जी द्वारा जन-सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर ध्यान रखने हेतु आवष्यक दिषा निर्देष दिये गये। इसके उपरान्त मुख्य अभियंता निर्माण एस0के0 अम्बेडकर द्वारा नगर क्षेत्र में कराये जा रहें निर्माण कार्यो एवं उपलब्धियों के विशय में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इसके उपरान्त मास0 मंत्री जी द्वारा सीवर लाइन हेतु जानकारी प्राप्त की गई, जिसमें जल निगम के अधिषासी अभियंता द्वारा नगर क्षेत्र में अब तक किये गये कार्यो के विशय में अवगत कराया गया, मा0 मंत्री जी द्वारा निर्देषित किया गया कि आमजन की सुविधा को दृश्टिगत रखते हुये सीवर लाइन के कार्य को अति षीघ्र पूर्ण कराया जायें एवं सीवर लाइन हेतु खोदे गई गडडों को लेवल व रेस्टोरेषन के कार्य को गुणवत्तापूर्वक कराया जायें। पथ प्रकाश, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था आदि की स्थिति के विशय में भी जानकारी प्राप्त की गई, कहा गया कि सभी कार्य जन-सुविधा के आधार पर प्राथमिकता पर किये जायें।

साथ ही नगर को स्मार्ट सिटी के अन्तर्गत विकसित किये जाने हेतु आवष्यक दिषा निर्देष दिये गये। नगर क्षेत्र में स्थित सभी पार्को के उचित रख-रखाव हेतु मा0 पार्शदगणों को देखरेख हेतु दिये जाने के निर्देष दिये गये। नगर निगम षाहजहॉपुर के प्रतीक चिन्ह में स्वच्छता, स्मार्ट नगर निगम को भी जोड़ने हेतु कहा गया। नगर निगम क्षेत्र को 03 कैटेगिरी में विभाजित करने हेतु आवष्यक दिषा-निर्देष दिये गये। 02 अक्टूबर 2023 को गॉधी जयंती के दृश्टिगत नगर में स्थित सभी पार्को की विषेश सफाई कराये जाने के निर्देष दिये गये। पार्को के संरक्षण हेतु प्रति महीने के अंतराल पर एक बैठक किये जाने के भी लिये कहा गया।

उप-विधि के विशय में जानकारी की गई, जिसके हेतु आवष्यक दिषा-निर्देष दिये। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा आष्वस्त किया गया कि अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में मा0 पार्शदगणों के सहयोग से आमजन की समस्याओं के निस्तारण हेतु एक समिति का गठन षीघ्र की कर दिया जायेगा। नगर आयुक्त महोदय संतोश कुमार षर्मा जी द्वारा आगवत कराया गया कि नगर निगम की ओर से राज्य वित्त आयोग, 15वें केन्द्रीय वित्त आयोग, उच्चीकृत/सीमा विस्तारित नगरीय निकार्यो में अवस्थापना सुविधाओं का विकास, नगरीय पेयजल योजना, सीवरेज एवं जल निकासी योजना, नगरीय झील/तालाब/पोखर सरंक्षण योजना, कान्हा गौषाला एवं बेसहारा पशु आश्रय, षहरी क्षेत्र में अंत्येश्टि स्थल का विकास, सड़क सुधार हेतु व्यवस्था हेतु अनुमानित लागत रुपये धनराषि 169 करोड़ के प्रस्ताव बजट के अनुसार षासन को भेजे है। समीक्षा बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों की ओर से आये प्रस्तावों पर को गंभीरतापूर्वक को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु निर्देषित किया गया। महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा मंत्री का अभिवादन कर आभार व्यक्त किया गया एवं नगर निगम, षाहजहॉपुर को पार्शदगण के सहयोग से एक बेहतर नगर बनाने हेतु आष्वस्त किया गया। समीक्षा बैठक में मंत्री सुरेष कुमार खन्ना जी के अतिरिक्त, महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा, कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण, नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा सहित नगर निगम के समस्त विभागाध्क्ष उपस्थित रहें।

# मूक-बधिर बच्चों के लिए कैम्प की हुई शुरुआत

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**जिला** चिकित्सालय में विनायक कॉस्मेटिक सर्जरी एंड लेजर सेंटर ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के गूँगे व बहरे बच्चों के परीक्षण एवं नि:शुल्क उपचार हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया , जिसमें 131 बच्चों का पंजीकरण किया गया और इनमें से 92 बच्चों को नि:शुल्क उपचार हेतु चिन्हित किया गया।

## शिविर उपरांत एक बच्चे को टीम

उपचार हेतु अपने साथ ले गई शेष बच्चों को 10-15 का समूह बनाकर हॉस्पिटल की वाहन से उपचार हेतु लखनऊ भेजा जाएगा ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के गौतम बताया कि इस तरह के आयोजन हमेशा किए जाते रहेंगे , जिससे बच्चों का नि:शुल्क उपचार किया जा सके।इस शिविर में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गोविन्द स्वर्णकार ,सी0एम0एस0 डॉ नेपाल सिंह ,जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी वीरेंद्र शर्मा ,डी0आई0सी0मैनेजर संतोष सिंह व आर0बीएस0 के स्टाफउपस्थित रहे ।

# नौ पार्षदों और तीन पार्षद पतियों पर एफआईआर

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**नगर** निगम की तरफ से कार्रवाई कराते हुए नौ पार्षदों और तीन पार्षद पतियों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। 21 दिन पहले पार्षदों ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर निगम के रोशनी गोदाम गेट पर तालाबंदी कर अधिकारियों और कर्मचारियों को दफ्तर में बंधक बना लिया था। काफी देर हंगामे के बाद नगर सहायक आयुक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थीं।

उन्होंने पार्षदों से बातचीत कर उनकी मांगो पर विचार करने का आश्वासन दिया था। अब रोशनी गोदाम के अधिकारी ने शासकीय कार्य में बाधा, पथ प्रकाश की आवश्यक सेवा प्रभावित करने और कर्मचारियों को बंधक बनाने की एफआईआर दर्ज कराई है।

## गेट पर तालाबंदी कर जमकर नारेबाजी की थी

नगर निगम के रोशनी गोदाम में 5 अगस्त की दोपहर एक बजे वार्ड तिराही के पार्षद मोहम्मद जीशान, नई बस्ती से पार्षद अहसान खां, अंटा वार्ड के पार्षद मोहम्मद रजी मंसूरी, ताजूखेल वार्ड पार्षद मोहम्मद सत्तार, यूनुस खेल वार्ड से पार्षद मुख्तार अहमद, महमंद जलालनगर से पार्षद मोहम्मद आसिफ, खलीलशरकी वार्ड से पार्षद मजहर हुसैन, रंगीन चौपाल वार्ड से डाक्टर मोहम्मद मोहसिन, निसरजई वार्ड से पार्षद तालिब, वार्ड महमंद जंगला से पार्षद पति सैय्यद तनवीर हुसैन, वार्ड हाथीथान से पार्षद पति नईम अहमद और वार्ड दिलाजाक से पार्षद पति जीशान हुसैन उर्फ रिंकू ने गेट पर तालाबंदी कर जमकर नारेबाजी की थी।

## अंदर अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे

तालाबंदी के दौरान रोशनी गोदाम के अंदर अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। नगर निगम के अधिकारी नरेश कुमार ने सदर थाने में प्रार्थना पत्र देकर तालाबंदी करने वाले 9 पार्षदों और 3 पार्षद पतियों पर शासकीय कार्य में बाधा डालना, पथ प्रकाश की आवश्यक सेवा प्रभावित करना और अधिकारियों को बंधक बनाने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पार्षदों और पार्षद पतियों के खिलाफ धारा 147, 342, और 186 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सीओ सिटी वीएस वीर कुमार ने बताया, नगर निगम के तरफ से तहरीर दी गई थी। उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार लिंक करें

**शाहजहांपुर ।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के - लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार लिंक किए जाने के सम्बन्ध में निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए लीड बैंक श्मैनेजर को दायित्व सौंपा गया है जिसमें पी0एम0यू0आई0 उपभोक्ताओं के बैंक खातों से आधार लिंक कराने में बैंकों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस हेतु लीड बैंक मैनेजर द्वारा जनपद में स्थापित समस्त बैंक शाखाओं के प्रबंधकों के माध्यम से बैंक कैश ट्रान्सफर कम्प्लाइन्ट उज्ज्वला लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार लिंक कराया जाएगा। उक्त कार्य बैंकों द्वारा अभियान के तौर पर पूर्ण किया जाएगा। लाभार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण बैंकों में विशेष अतिरिक्त काउन्टर खुलवाये जायें। उक्त के अतिरिक्त बैंकों द्वारा अभियान के तौर पर कार्य को पूर्ण कराये जाने हेतु कैम्पों का आयोजन किया जाए, ताकि अधिकतम लाभार्थियों के बैंक खाते में तात्कालिक आधार पर लिंक कराया जा सके। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया है कि सम्बन्धित बैंकों में उज्ज्वला लाभार्थियों के बैंक खातों को आधार लिंक कराने हेतु कैम्पों का आयोजन कराकर विशेष अतिरिक्त काउन्टर खुलवायें एवं तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए प्रतिदिन की प्रगति से जिला पूर्ति अधिकारी शाहजहांपुर को अवगत करना सुनिश्चित करें।

# हत्या का खुलासा : मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को किया गिरफ्तार

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**पुलिस** ने हत्या का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। बेटे के जन्मदिन पर शराब पीने के बाद शानू ने पत्नी से मारपीट की थी। इसी से नाराज होकर पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर नल के लोहे के हत्थे से हमला कर हत्या कर दी थी। पूछताछ के दौरान आरोपी पत्नी ने पुलिस को बताया कि, हत्या करने के बाद शव को तालाब में फेंक दिया था। पुलिस ने खुलासा करते हुए दोनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना निगोही क्षेत्र के गांव खेड़ा संडा निवासी 25 साल के शानू का शव शुक्रवार सुबह गांव के तालाब में पड़ा मिला था। शव मिलने के बाद पत्नी और परिवार के अन्य परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने शव को तालाब से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पत्नी ने तब पूछताछ के दौरान बताया था कि, पति आए दिन मारपीट करता था। बेटे के जन्मदिन पर भी शराब पीने के बाद घर आकर मारपीट की थी और शराब पीने के लिए और रुपये मांग रहा था। पुलिस ने आरोपों के आधार पर जांच शुरू कर दी थी। जबकि मृतक के भाई ने भाभी पूनम देवी और उसके एक मित्र के खिलाफ हत्या करने की आशंका जताई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पत्नी और गांव के रहने वाले अमन कुमार को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो, दोनो ने सच्चाई कबूल कर ली। पूछताछ के दौरान आरोपी पत्नी ने पुलिस को बताया कि, पति आए दिन शराब पीने के बाद बेरहमी से मारपीट करता था। शराब पीने के लिए रुपये मांगता था। पैसे नही होने पर भी पीटता था। बेटे के जन्मदिन पर आने के बाद भी शराब के नशे में उसने घर के अंदर पीटा था। गांव के रहने वाले अमन से उसका करीब ढाई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

# सैनिक बंधु की बैठक में पूर्व सैनिको की समस्याओं से रुबरू हुए डीएम



**लखीमपुर खीरी।** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता एवं एसपी गणेश प्रसाद साहा की मौजूदगी में सैनिक बंधु की बैठक आयोजित हुई। सैनिक बंधु की बैठक में भूतपूर्व सैनिकों ने समस्याएं उठाई। डीएम ने सभी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

- डीएम ने ली सैनिक बंधु की बैठक, सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने बैठक का संचालन किया। बैठक को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सभी भूतपूर्व सैनिकों का राष्ट्र सेवा में अतुलनीय एवं सम्मानजनक स्थान है। सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि सैनिक हमेशा अनुशासित रहता है और सैनिक सदैव सैनिक ही रहता है। पूर्व सैनिकों उनके परिवारों व वीर नारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा। बैठक में सभी पूर्व सैनिक संतुष्ट एवं प्रसन्न नजर आए। बैठक के अंत में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सभी का आभार जताया।

# टोल प्लाजा के 5 किलोमीटर दायरे के गावों का टोल टैक्स फ्री करने की मांग



**बरेली।** जिला बरेली में टोल प्लाजा के 5 किलोमीटर दायरे के आने बाले गावों का टोल टैक्स फ्री किये जाने की मांग करते हुए किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ रवि नगर के नेतृत्व में किसानों ने जिला अधिकारी के कार्यालय में एसीएम प्रथम को ज्ञापन दिया। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ रवि नगर ने बताया पहले भी टोल प्लाजा के 5 किलोमीटर के दायरे के गावों के किसानों का टोल टैक्स फ्री किया जाना चाहिये इसको लेकर कई बार किसान एकता संघ किसान पंचायते धरना प्रदर्शन, नंगे पैर पद यात्रा कर चुका है किन्तु अभी तक इस पर प्रशासन द्वारा कोई सकारात्मक निर्णय नहीं किया है। आज पीलीभीत रोड पर भी नये टोल प्लाजा द्वारा किसानों से टोल टैक्स वसूलना शुरू कर दिया जायेगा। जो किसान विरोधी हैं। किसान पहले से वहाँ रहते आये हैं और टोल अब शुरू हो रहे हैं। किसानों को अपने दैनिक कार्यो से, खेती किसानी, या पास के दूसरे गाँवों में अपने रिस्तेदारी आदि में जाने के लिए टोल प्लाजा को पार करना होता है। इस लिए किसान एकता संघ आपसे मांग करते हैं कि 5 किलोमीटर के दायरे के गावों के किसानों का टोल फ्री किया जाना चाहिये। अन्यथा किसान एकता संघ किसानों को जागरूक कर आंदोलन किया जायेगा।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ उपजिला अधिकारी ने की बैठक

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**भारत** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार की अध्यक्षता में उप जिला अधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उप जिला अधिकारी अवनीश कुमार ने बताया 1 जनवरी 2024 के पुनरीक्षण के संबंध में 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक मतदाता सूची में पुनरीक्षण कार्यक्रम चला ,इसी क्रम में 11 सितंबर 2023 तक जो मतदाता 31 जनवरी 2024 को 18वर्ष के पूर्ण हो रहे हैं ,वह फॉर्म 6 के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में बढ़ावा सकते हैं, या जो छात्र-छात्राएं हैं वह ऑनलाइन फॉर्म भी 11 सितंबर 2023 तक कर सकते हैं ,परिवार में किसी की मृत्यु हो गई है तो विलोपन के लिए फॉर्म सात और किसी के नाम में कोई त्रुटि है तो फॉर्म 8 के माध्यम से संशोधन का भी प्रावधान है, 6 बी फार्म के अनुसार आधार कार्ड और वोटर लिस्ट मे जोडा लिंक करने का प्रावधान है , उप जिलाधिकारी ने बताया कि .बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पुनरीक्षण का काम कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ,इसी क्रम में मोहम्मदी डिग्री कॉलेज और कृष्णा डिग्री कॉलेज में एक गोष्ठी आयोजित की जाएगी ,जिसमें छात्र और छात्राओं को मतदाता सूची में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके छात्रों छात्रों को जागरूक किया जाएगा तथा उप जिला अधिकारी ने बताया की मत दे स्थल कभी भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, बैठक में तहसील के बीआरसी पुनीत अवस्थी, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष बलरामपुर रविकांत शुक्ला बसपा से शिवकुमार गौतम प्रमोद अग्रवंशी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस : डीएम ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजी पुलिस व राजस्व टीमें



**लखीमपुर खीरी।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग थाना खीरी में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे, जहां दोनो अफसरों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस थाना खीरी में डीएम ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। उन्होनें शिकायत पंजिका का निरीक्षण कर निस्तारित शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है।

# डीएम-एसपी ने कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**खीरी** जिले में सुरक्षित व शांतिपूर्ण तरीके से कांवड़ यात्रा संपन्न कराने के लिए प्रशासन बेहद सतर्क है। शनिवार को कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीतापुर बॉर्डर से खीरी रोड होकर एलआरपी चौराहे तक निरीक्षण किया।



डीएम व एसपी ने भ्रमणशील रहकर कांवरियों की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीएम-एसपी ने कांवड़ियों की सहायता के लिए जगह-जगह बनाए गए पुलिस सहायता केंद्रों की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि सहायता केंद्र सक्रिय रहकर कांवड़ियों की सहायता करते रहें। डीएम ने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है, वह भ्रमणशील रहे, जिससे कांवरियों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हो सके।

डीएम व एसपी ने अधीनस्थों से कांवड़ियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किए जाने की अपेक्षा भी की। रास्ते में पड़ने वाले सेवा शिविरों में आए कांवड़ियों से उनके हालचाल मालूम किए। सेवा शिविरों की व्यवस्था देखी। डीएम ने कहा कि कांवड़ यात्रा निर्विघ्नं और सकुशल संपन्न कराना पुलिस प्रशासन का दायित्व है। कांवड़ यात्रा को सरल और सुगम बनाने के लिए प्रशासन धार्मिक, व्यापारिक और सामाजिक संगठनों के सहयोग से कार्य कर रहा है। कांवरियों को जलपान चिकित्सा आदि सेवा भी सुलभ कराई जा रही है।

# पहली से 30 सितंबर तक चलेगा सभी सहकारी समितियो पर सदस्यता अभियान

**संवाददाता।** बरेली



**सभी** सहकारी समितियो पर सदस्यता अभियान जो की 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलाया जाएगा, इसके संबंध में एक बैठक अर्बन कॉपरेटिव बैंक में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पी सीयूके अध्यक्ष सुरेश गंगवार रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संतोष गंगवार उपस्थित रहे। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र गंगवार वीरू ने बताया कि अब सरकार सहकारिता के माध्यम से गांव तक सेवाओं को बढ़ाने जा रही है। सहकारी समितियां को अब बहुउद्देशीय ग्राम सहकारी समिति के नाम से जाना जाएगा। तथा सभी समितियां को कंप्यूटराइज किया जाएगा एवं सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को सस्ते ब्याज पर ऋण मोहिया कराया जायेगा। मुख्य अतिथि सुरेश गंगवार ने बताया की 1 सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले सदस्यता अभियान में सभी सहकारी समितियां को लक्ष्य निर्धारित कर सदस्य बनाने का काम करना है जिससे सहकारी समितियां के व्यवसाय को बढ़ाया जाए और किसानों को सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए। सांसद संतोष गंगवार ने बताया कि सरकार सहकारिता के माध्यम से एक सामान्य व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचने का काम कर रही है जिसका लाभ छोटे से छोटे किसान तक पहुंचेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पदाधिकारी के अलावा ग्राम विकास बैंक के निदेशक कुमार रविंद्र सिंह राठौर, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष जवाहरलाल, क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष डॉ निर्भय गुर्जर, जिला महामंत्री सोमपाल शर्मा, विभिन्न समितियां के सभापति, जिला सहकारी बैंक के निदेशक, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आदि लोग उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर वोटर चेतना महाभियान के तहत हुई बैठक

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी कस्बे के निकट नेशनल हाईवे पर उनासी चौराहे के पास शिव स्वयंवर बैंकट हॉल में लोकसभा चुनाव को लेकर वोटर चेतना महाअभियान के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि डीसीबी के चेयरमैन वीरेंद्र गंगवार उर्फ वीरू और भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना का सभी लोगों ने फूल माला पहनकर स्वागत किया। उसके बाद मुख्य अतिथि वीरेंद्र गंगवार ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। और सभी बूथ अध्यक्षों को दिशा निर्देश दिए कि आप सभी लोग जल्द से जल्द अपने बूथों पर जाकर वोटर लिस्ट का (सत्यापन) एवं अध्यन करें कि किसके वोट काटने हैं और किसके वोट बढ़ाने हैं। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में सभी (लोग) वोटर भाजपा के पक्ष में मतदान कर सके। जिसे पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बन सके।कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संरक्षक संजीव शर्मा और भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह ने अपने अपने विचार व्यक्त कर सभी बूथ अध्यक्षो को चुनाव एवं नई वोटर लिस्ट बनाने के सम्बंध में विशेष जानकारी दी। उसके बाद प्रत्येक बूथ अध्यक्षों को वोटर लिस्ट दी गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह ने की। और संचालन संजीव शर्मा ने किया।

# नदी में डूब कर बच्चे की मौत

**बरेली।** घर की पालतू बकरियों को चराने के लिए जंगल में गया एक बच्चा पास में गांव के पास बहने वाली नदी मे डूब गया उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी । सिरौली थाना क्षेत्र के गांव बेलभेजी निवासी रामदास के 12 वर्षीय बेटे राहुल की कल शाम गांव के पास से बहने वाली अरिल नदी में डूबने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राहुल कल शाम को 4रू00 बजे अपने घर की पालतू बकरियों को लेकर जंगल में गया था जहां पर वह नदी के किनारे टहल रहा था अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नदी में चला गया वह जब डूबने लगा तो उसमें शोर मचाया तब पास के खेतों में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक राहुल पूरी तरह डूब चुका था लोगों ने कुछ देर बाद ही उसे बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी घटना की जानकारी मिलते ही घर के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टल के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी मृतक कक्षा 6 का छात्र था उसके पिता ने बताया कि कई साल पहले उसके बड़े बेटे गौतम की सांप काटने से मौत हो गई थी।

# चोरी की चार स्कूटी और सात मोटरसाइकिल बरामद 6 गिरफ्तार

**बरेली ।** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की चार मोटरसाइकिल समेत 4 ऑटो लिफ्टरों को गिरफ्तार किया उनसे पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर छापा मार कार्रवाई करते हुए एक ही जगह पर रखी चोरी की तीन मोटरसाइकिल और चार स्कूटी भी बरामद की सभी ऑटो लिफ्टरो को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया और जेल भेजा ।कोतवाली थाना क्षेत्र में पटेल चौक पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र के सिकला पुर निवासी सर्वेश कश्यप पुत्र शरण सिंह भमोरा थाना क्षेत्र के गांव डपता श्यामपुर निवासी विनोद पुत्र नथूलाल, सिक्लापुर फर्नीचर मंडी स्थित दीनानाथ वाली गली में रहने वाले रोहित शर्मा पुत्र कालीचरन हाल निवासी संजय नगर गोसाई गोटिया बारादरी और भमोरा थाना क्षेत्र के गांव सिरसा बिछारिया निवासी समीर मोर्य पुत्र समर पाल मौर्य को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से चोरी की गई चार मोटरसाइकिल बरामद की पुलिस ने पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर पुरानी जेल रोड स्थित शिव मंदिर के पास खंडहर में छुपा कर रखी गई तीन अन्य मोटरसाइकिल और चार स्कूटी भी बरामद की पुलिस ने मौके से भमोरा के गांव सिरसा बिछारिया निवासी चरण सिंह पुत्र बृजलाल और कोतवाली थाना क्षेत्र के अलमगीरी गंज निवासी विनोद पुत्र नन्हे लाल को गिरफ्तार किया बरामद किए गए सभी दो पहिया वाहन जिले में अलग-अलग स्थान से चोरी किए गए थे पुलिस ने सभी गिरफ्तार ऑटो लिफ्टों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा।

## सड़क दुर्घटना में घायल महिला ने दम तोड़ा

**बरेली।** दवा लेने के लिए जा रही एक महिला को तेजी से आ रही है मोटरसाइकिल टक्कर मार कर फरार हो गई गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव संथरा निवासी 48 वर्षीय नसरीन पत्नी नवी अहमद की बीती रात जिला अस्पताल में मौत हो गई मृतका के घर वालों ने बताया कि नसरीन 14 अगस्त को दवा लेने के लिए भोजीपुरा के जादोपुर जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन भोजीपुरा के गांव सेमीखेड़ा में जब वह सड़क पार कर रही थी तभी तेजी से आ रही मोटरसाइकिलने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल फरार हो गई स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके के पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा और उसके घर वालों को सूचना दे दी कई दिनों तक चले इलाज के बाद नसरीन की बीती रात मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका पांच बच्चों की मां थी ।

# पालिका बोर्ड की बैठक में रामलीला को प्रांतीयकृत मेला घोषित करने के प्रस्ताव पर लगी मुहर

● बस स्टैंड व पुरानी कोतवाली परिसर में हाईटेक मार्केट बनाने का प्रस्ताव हुआ पारित

संवाददाता। चित्रकूट



**नगर** पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी बोर्ड की बैठक अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में पालिका सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में एजेंडे के अनुसार सदन की कार्यवाही बिंदुवार 1 लगायत 6 एवं एक अन्य प्रस्ताव पर चर्चा की गई। जिसमें नगर की साफ-सफाई,पथ प्रकाश व्यवस्था को स्वस्थ दुरुस्त किए जाने, पालिका की नव विस्तारित क्षेत्र में सहित प्रकाश रहित क्षेत्र में पथ प्रकाश व्यवस्था कराए जाने,विकास कार्यों के लिए किसी तकनीकी अनुभवशील व्यक्ति को तकनीकी सलाहकार सेवा प्रदाता के माध्यम से रखे जाने धुस मैदान स्थित रामलीला मेला दशहरा मेला को प्रांतीयकृत मेला घोषित किए जाने की प्रस्ताव पर चर्चा हुई। रामलीला मेला के प्रस्ताव पर सदस्य कान्हा एवं पवन कुमार ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई। जबकि 20 सदस्यों द्वारा प्रांतीयकृत रामलीला घोषित किए जाने के पक्ष में निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त पुरानी कोतवाली के रिक्त प्रांगण में आधुनिक बाजार का निर्माण कराई जाने, बस स्टैंड की पालिका भूमि में आधुनिक बाजार व माल का निर्माण कराई जाने ट्रैफिक चौराहा से धतुरहा चौराहा तक उपलब्ध भूमि पर नई दुकान निर्मित कराए जाने की उपरांत पुरानी दुकानों को ध्वस्त किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्य बल्लूराम निषाद द्वारा रखे गए प्रस्ताव पालिका विस्तारित क्षेत्र का सीमांकन किए जाने को सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। दैनिक कार्यों को सुचारू से संपन्न कराए जाने हेतु अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष को पूर्णतया अधिकृत किया गया। बैठक में पालिका के सभासद सुखदेवी, रानी, पूजा विश्वकर्मा, नीतू, पवन, राजकमल वर्मा, संदीप, राजेश सिंह पटेल, विनय त्रिपाठी, विनीत पयासी, सुनीता, नीलम, हेमलता, अरुण त्रिपाठी, ओमकार यादव, मोहम्मद लतीफ शंकर यादव, बल्लू राम, कान्हा, शकुंतला गुप्ता, शैलेंद्र सोनी, शुभम केशरवानी, सुखरानिया आदि के अलावा सफाई व खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, प्रधान लिपिक कर्मोत्तम सिंह, राजस्व लिपिक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, लेखा लिपिक सुभाष गुप्ता, निर्माण लिपिक ज्ञानचंद गुप्ता, सफाई लिपिक राजेंद्र राम, प्रकाश निरीक्षक अशरफ खान सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में अधिशासी अधिकारी लाल जी यादव ने बोर्ड बैठक में उपस्थित अध्यक्ष एवं सभासदों का आभार व्यक्त किया।

# निरीक्षण में डीएम को बैनामा में कम मिले स्टाम्प

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कर्वीमाफी, रानीपुर भट्ट एवं सीतापुर ग्रामीण में बड़ी मालियत के पंजीकृत बैनामों का मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कर्वीमाफी के गाटा संख्या 259 में विक्रेता रामकिशोर एवं क्रेता श्याम नंदन एवं गाटा संख्या 734 के विक्रेता राम भरोसा सिंह एवं क्रेता आरडी सिंह, रानीपुर भट्ट में गाटा संख्या 389 में विक्रेता लता देवी एवं क्रेता राज किशोर गुप्ता के बैनामों का स्थलीय निरीक्षण किया। शनिवार को जिलाधिकारी ने सीतापुर रुरल में गाटा संख्या 1268 विक्रेता अवधेश प्रसाद तथा क्रेता रमा शर्मा के प्लाटों का मौके पर निरीक्षण किया। कर्वीमाफी के क्रेता आरडी सिंह एवं रानीपुर भट्ट के क्रेता राज किशोर गुप्ता के प्लाटो पर स्टांप की कमी मिली। जिलाधिकारी ने उपनिबंधक कर्वी राकेश सिंह को निर्देश दिए कि नोटिस देकर स्टांप कमी की धनराशि जमा कराई जाये।

# कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम से की शिकायत



**रामपुरा ( जालौन )।** नगर के होली मोड़ के समीप मुस्लिम समुदाय के लोगों की कब्रिस्तान की जमीन पर नगर के ही अजीजुल पुत्र अलावक्स द्वारा अवैध रूप से कब्जे को लेकर मुस्लिम समुदाय ने एकजुट होकर कानून का सहारा लेते हुए पूर्व में ही न्यायालय के समक्ष अपनी बात रखकर मुकदमा दर्ज करा दिया हैं। शनिवार को एसडीएम माधौगढ़ एसएन शर्मा द्वारा मौके पर पहुँचकर होली मोड़ पर यात्री प्रतीक्षालय के पास मुस्लिम समुदाय द्वारा कब्रिस्तान की जमीन पर कानूनी कार्यवाही वाला जमीन में गड़ा बोर्ड वहाँ से हटवा दिया। एसडीएम ने कहा कि उक्त बोर्ड बगैर अनुमति के कभी भी न लगाये। जिस पर मुस्लिम समुदाय के लोगो ने अपनी बात रखते हुए एसडीएम को बताया कि उक्त कब्रिस्तान की जमीन पर कानूनी कार्यवाही चल रही हैं। पूर्व में रहे माधौगढ़ एसडीएम को उक्त प्रकरण से संबंधित कागजात उपलब्ध कराए जा चुके हैं। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एसडीएम को उक्त प्रकरण को लेकर सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ बोर्ड जनपद जालौन द्वारा एक पत्रांक भी उपलब्ध कराया तथा एक प्रार्थना पत्र देकर कब्रिस्तान की जगह को अवैध कब्जे से मुक्त करने की मांग भी की। जिसमे मुस्लिम समुदाय के आधा सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहें।

# सावन के अंतिम सोमवार को निकलेगी राजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ की पालकी यात्रा

संवाददाता। चित्रकूट



**सावन** के अंतिम सोमवार को परम्परागत राजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ सरकार की पालकी यात्रा धूमधाम से निकलेगी। इस यात्रा में सागर से डमरू वादक 40 सदस्यीय टीम, धर्मनगरी के संत –महंत और वेदपाठी छात्रों के अलावा भक्तजन शिरकत करेंगे। मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास महराज ने बताया कि राजाधिराज सरकार के लिए इस वर्ष नई पालकी बनवाई गई है। पालकी यात्रा शाम 4 बजे रामघाट स्थित मंदिर से शुरु होगी।निर्मोही अखाड़ा से टैम्पो स्टैंड होते हुए यात्रा छोटी परिक्रमा करेगी।इसके अलावा 2 बजे से मंदिर प्रांगण में भजन कार्यक्रम चलेगा और शाम को आरती के समय 56 लगाया जाएगा। यात्रा में सेठ जी की बगिया के आचार्य और वेदपाठी छात्रों के अलावा संतजन और क्षेत्र के विशिष्टजनों की भी सहभागिता रहेगी। मंदिर के पुजारी विपिन बिहारी महराज ने बताया कि भक्तों को हर साल भगवान की पालकी यात्रा का इंतजार रहता है। इस बार मंदिर की ओर से यात्रा को भव्य और दिव्य बनाने के खास इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने भक्तों से बढ़ –चढ़कर पालकी यात्रा में शिरकत करने की अपील की है।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना रनियां में सुनी शिकायतए दिए निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने थाना रनियां में पहुंचकर थाना समाधान दिवस पर जनशिकायतों को सुना। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण के दिशा. निर्देश दिए। शनिवार को रनिया थाने में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाने पहुंचकर जनशिकायते सुनी। एक शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया विसायकपुर स्थित दिलीप सैनी का बेटा मनीष सैनी 20 जुलाई घर से निकल कही चला गया था। एक माह 6 दिन होने के चलते अभी तक सुराग नहीं लगाए इस पर पुलिस अधीक्षक ने एसएचओ को युवक को जल्द तलाश करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपस्थित उप जिलाधिकारी अकबरपुर सुरभि शर्माए क्षेत्राधिकार अकबरपुर लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# सरह हत्याकांड मामले में पांच अपराधियों पर इनाम घोषित, एक और अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**पुलिस** अधीक्षक विकास कुमार नें सख्त रवैया अपनाते हुए सरह दोहरे हत्याकांड में फरार चल रहे पांच हत्यारोपियों पर ईनाम घोषित कर दिया ह। ईनाम घोषित होते ही पुलिस नें एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया। मामले में फरार अन्य चारों की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही हैं।

दरअसल बीते लगभग एक महीने पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम सरह निवासी 70 वर्षीय ब्रजनंन्दन शुक्ला व उनके 23 वर्षीय पुत्र त्रिपुरारी शुक्ला, 24 वर्षीय चन्दन शुक्ला पर धारदार हथियारों से हमला कर ताबड़तोड़ फायरिंग भी कर दी गयी थी। उपचार के दौरान ब्रजनंदन शुक्ला व उनके पुत्र चन्दन की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। मामले में पुलिस नें हत्या और डकैती में अनिरुद्ध उर्फ बौखाए समरे, अरविन्द, गोविन्द, सरविंद, गोपाल पुत्र सुखपाल के साथ ही रामवीर पुत्र काली चरनए महेंद्र सिंह पुत्र हरिपाल सिंह, धीरेन्द्र सिंह पुत्र हरीपाल, शिवेंद्र सिंह पुत्र शिवपाल सिंह निवासी सरह के खिलाफ 147, 148,149, 395 व 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे पुलिस नें पांच आरोपियों अरविन्द, गोविन्द, प्रधान रामवीर श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह तोमर और गोपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि पांच आरोपियों को पुलिस बीते एक महीनें से तलाश कर रही लेकिन वह पुलिस के हाथ नही आ रहे थे। बीती रात पुलिस अधीक्षक नें पांचों फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 25–25 हजार का ईनाम घोषित कर दिया।

## इन पर ईनाम घोषित

**अनिरुद्ध** उर्फ बौखा, समरे, सरविंद पुत्र सुखपाल, धीरेन्द्र पुत्र हरपाल व शिवेंद्र पुत्र शिवपाल पर बीती रात पुलिस अधीक्षक नें 25–25 हजार का ईनाम घोषित किया है।

## एक ईनामी गिरफ्तार

**बीती** रात ईनाम घोषित होनें के बाद पुलिस नें समर सिंह उर्फ समरे पुत्र सुखपाल निवासी सरह को गिरफ्तार कर लिया। जबकि आरोपी अनिरुद्ध, सरविंद, धीरेन्द्र व शिवेंद्र अभी भी पुलिस की पंहुच से दूर है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार नें बताया कि आरोपी समरे को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश की जा रही है। यदि फरार ईनामी आरोपी पकड़े नही जाते तो कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

## क्विक न्यूज

### सब्जी विक्रेता गंगा में डूबा, गोताखोरों से तलाश जारी

**फर्रुखाबाद।** घर से बिना कुछ बताये निकले सब्जी विक्रेता के कपड़े गंगा के किनारे रखे मिले। परिजन पुलिस और गोताखोरों की मदद से उसकी गंगा में तलाश कर रहें है। थाना कादरी गेट के ग्राम खानपुर निवासी 56 वर्षीय बंगाली राठौर सब्जी की दुकान लगाते थे। वह बीते गुरूवार की शाम लगभग 5 बजे बिना कुछ बताये चले गये। काफी देर बाद भी जब वह नही लौटे तो परिजनों नें उसकी तलाश शुरू की। परिजन उसे गंगा घाट पर तलाश कर रहे थे, तभी पैंटून पुल के निकट सुबह 8 बजे बंगाली के कपड़े और जूते आदि रखे मिले। जिसके बाद परिजनों नें पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलनें पर पांचाल घाट चौकी इंचार्ज अमित शर्मा मौके पर पंहुचे और गोताखोरों की मदद से बंगाली की गंगा में तलाश शुरू करायी। लेकिन खबर लिखे जानें तक उसकी तलाश जारी थी। पांचाल घाट चौकी इंचार्ज अमित शर्मा नें बताया कि सब्जी विक्रेता की गंगा में तलाश करायी जा रही है।

### केंद्रीय विद्यालय का छात्र बघार नाले में डूबा

**फर्रुखाबाद।** तलाश जारी बघार नाले में दोस्तों के साथ नहानें गया केबी का छात्र अचानक डूब गया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों नें पुलिस को सूचना दी। पुलिस छात्र का गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू करा रही है। थाना कादरी गेट के ग्राम अलादादपुर निवासी अवनीश कुमार का 13 वर्षीय पुत्र नितिन केन्द्रीय विद्यालय फतेहगढ़ में कक्षा 8 का छात्र था। शुक्रवार को घर से लगभग 300 मीटर दूर निकले बघार नाले में वह दोस्तों के साथ नहानें शाम लगभग 3 बजे चला गया। जिससे वह बघार के गहरे पानी में चला गया और डूब गया। परिजनों की सूचना पर आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह मौके पर पंहुचे और गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू करायी। आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह नें बताया कि छात्र का रेस्क्यू चल रहा है।

### प्रदेश स्तर पर चयनित होने पर चार खिलाड़ियों को दी बधाई

**कानपुर देहात।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता दिनांक 25 से 27 अगस्त 2023 तक जिला खेल कार्यालयए स्पोर्टस स्टेडिय मऊ में आयोजित की जा रही हैए जिसमें जनपद कानपुर देहात के चार खिलाड़ी अमन पालए दिव्यांशु यादवए सुशेक यादवए विकास सिंह प्रदेश स्तर पर कानपुर मण्डल की टीम से प्रतिभाग करेंगे। जिला कीडाधिकारी नीलम सिद्दीकी ने कुश्ती प्रशिक्षिक रंजय यादव को व खिलाडियों को प्रदेश स्तर पर चयनित होने व जनपद का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी व अच्छे खेल का प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को जिलाजज ने दिलाई शपथ

**चित्रकूट।** दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ शाखा चित्रकूट की नवनिर्वाचित इकाई को जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने शपथ ग्रहण कराई। शनिवार को दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष जानकीशरण प्रजापति, महासचिव मो अनस अंसारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार शर्मा, शिवनारायण वर्मा, पंकज श्रीवास्तव, उपेन्द्र तिवारी, विवेक राव, संयुक्त सचिव विनेश कुमार पटेल, संगठन सचिव अनूप सिंह ललित, कोषाध्यक्ष रविप्रकाश श्रीवास्तव, ऑडिटर गिरजाशंकर तिवारी, सांस्कृतिक सचिव रेनू सिंह व कार्यकारिणी सदस्य रवि कुमार श्रीवास्तव, गोविंद प्रसाद, रितेश सिंह, दिलीप कुमार विश्वकर्मा, राजेश यादव, रघुवीर द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, नारेन्द्र चतुर्वेदी को पद एवं गोपनीयता की जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में सभी न्यायिक अधिकारीगण व जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यहरण यादव, महासचिव मान सिंह समेत जिला न्यायालय के सभी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मौजूद रहे।

# शाखा प्रबंधक पर सुविधा शुल्क लेने का आरोप

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश बड़ौदा ग्रामीण बैंक खखरेरू शाखा के मैनेजर धीरेंद्र सिंह पर खाता धारकों ने लोन पास करने की एवज में सुविधा शुल्क लेने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि शाखा प्रबंधक डेढ़ लाख का ऋण कास्तकारों का करते हैं तो उसमें 35 हजार रूपए फाइल पास करने के नाम पर सुविधा शुल्क वसूल करते हैं। मामले में शाखा प्रबंधक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

# डीएम ने ग्राम करबक में निर्माणधीन गौशाला का किया गहन निरीक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात

**डीएम** नेहा जैन द्वारा अकबरपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करबक का भ्रमण किया गयाए जहां पर उन्होंने सर्वप्रथम एकल फाउंडेशन की कंप्यूटर लैब बस में कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों से मिली साथ ही बस में बनी कंप्यूटर लैब का अवलोकन किया, तत्पश्चात प्राथमिक विद्यालय करबक में स्थित ग्राम सचिवालय में एकल संस्था द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया, इसी दौरान जिलाधिकारी द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षित बच्चों से कंप्यूटर ज्ञान के बारे में जानकारी भी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि जो आपने सीखा है उसका सदुपयोग करेंए अपने ज्ञान का उपयोग नैतिकतापूर्ण व समाज की प्रगति के लिए करना करे। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने अपने गांव में साइबर क्राइम से बचने हेतु लोगों को जागरूक करें। डीएम द्वारा विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप का भी निरीक्षण किया गयाए निरीक्षण के दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन्हें भी स्वास्थ्य संबंधित किसी प्रकार की समस्या है एवह कैंप में आकर अपना निशुल्क जांच करा कर एस्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि कैंप में डेंगू व मलेरिया रैपिड टेस्ट किट भी मौजूद है।

# थाना दिवस में आये 12 मामले पांच का मौके पर निस्तारण

**कालपी ( जालौन )।** तहसीलदार शेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर की मौजूदगी में स्थानीय कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में 12 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें 5 मामलों को मौके पर निस्तारित कर दिया गया। कोतवाली के मीटिंग हॉल में आयोजित समाधान दिवस में ग्राम देवकली निवासी राम औतार ने प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया कि प्रार्थी के खेत मे पड़ोसी अवैध कब्जा कर रहे हैं। रामआदर्श मेहरोत्रा निवासी मुहल्ला मिर्जामंडी कालपी ने प्रार्थना पत्र देते हुए मांग की है कि सरकारी रास्ते मे पड़ोसियो के द्वारा नाजायज तरीके से सीढ़िया बनाने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। पंकज कुमार निवासी हरीगंज कालपी ने शिकायत की है कि सरकारी जमीन में दबंग लोग अवैध कब्जा कर रहे है जिसे खाली कराया जाए सुरेंद सिंह

# पेज एक का शेष

## चांद पर...

को सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करते समय ब्रेकिंग प्रणाली में विसंगति के कारण चंद्रमा की सतह से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। भारत ने चंद्रयान-। के रूप में 2008 में अपने पहले चंद्र मिशन को अंजाम दिया था। बेंगलुरु में बड़ी संख्या में लोगों ने एचएएल हवाई अड्डे के बाहर और आईएसटीआरएसी के निकट जलाहल्ली चौक पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर अनेक लोग राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। मोदी ने कुछ दूरी तक रोड-शो भी किया और सड़कों के दोनों ओर कतार में खड़े लोग इस क्षण का जश्न मना रहे थे। एचएएल हवाई अड्डे के बाहर एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि विज्ञान और भविष्य में विश्वास करने वाले दुनिया भर के लोग भारत की उपलब्धि पर उत्साह से भरे हुए हैं। इसके बाद दिल्ली पहुंचे मोदी ने हवाई अड्डे पर भाजपा द्वारा आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता से उत्पन्न उत्साह का इस्तेमाल युवाओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें नई पीढ़ी को विज्ञान की ओर आकर्षित करना है। 21वीं सदी प्रौद्योगिकी आधारित है और केवल वही देश आगे बढ़ेगा जिसने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महारत हासिल कर ली है। मोदी ने कहा, अगर हमें 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करना है तो समय की मांग है कि हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मार्ग पर अधिक मजबूती से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को जीवन में वैज्ञानिक सोच जल्द अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। इसरो वैज्ञानिकों के साथ बातचीत में मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के इस दौर में जो देश विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आगे रहेगा वही देश आगे बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने इसरो से केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के सहयोग से 'शासन में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी' पर राष्ट्रीय हैकाथॉन आयोजित करने का भी अनुरोध किया। मोदी ने कहा, भारत चांद पर है। हमारा राष्ट्रीय गौरव चांद पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम वहां पहुंच गए जहां कोई नहीं पहुंचा है। हमने वह किया जो कभी कोई नहीं कर सका। यह आज का भारत है, एक निडर भारत, लड़ने की भावना वाला भारत। बुधवार शाम को जैसे ही चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतरा, मोदी जोहानिसबर्ग से वर्चुअल रूप से आईएसटीआरएसी में मिशन ऑपरेशंस कॉम्प्लेक्स (एमओएक्स) में मौजूद इसरो टीम के साथ जुड़ गए थे।

## इसरो की...

श्रीहरिकोटा स्थित इसरो के अंतरिक्ष केंद्र पर लाया गया है। इसरो के एक अधिकारी ने कहा, प्रक्षेपण दो सितंबर को होने की अधिक संभावना। अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी लाग्रेंज बिंदु की एल। हेलो कक्षा के पास स्थापित करने की योजना है। इसरो ने कहा कि एल। बिंदु के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित उपग्रह को सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देखने का बड़ा फायदा मिल सकता है। इसने कहा है, इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव का पता लगाया जा सकेगा।

## लाल डायरी...

रुपए कर दिया। शाह ने कहा, 75 साल से देश के किसान अलग सहकारिता मंत्रालय की मांग कर रहे थे... प्रधानमंत्री मोदी जी ने उस मांग को पूरा कर अलग सहकारिता मंत्रालय बनाया। मोदी जी जब से प्रधानमंत्री बने हैं, ढेर सारे ऐसे काम जो देश में कभी नहीं हुए थे, अब हो रहे हैं। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले ही चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर हमारा चंद्रयान तिरंगा लहराते हुए पहुंच गया। समग्र देश में एक तरह से नई ऊर्जा और नए विश्वास का संचार हुआ है। उन्होंने कहा, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के रहस्य, रहस्य बने हुए थे। क्या दुनिया का कोई देश वहां पहुंच पाया। मोदी जी ने हमारे अंतरिक्ष मिशन को नई गति, नई ऊर्जा दी और आज भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहली बार पहुंचने वाला देश बना है। यह समग्र देश के लिए गौरव का विषय है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश में सहकारी आंदोलन ने किसान, मजदूर, नौजवान व माताओं-बहनों के सामाजिक व आर्थिक जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह ने सहकारी आंदोलन को देश के हर राज्य में पहुंचाने और इसके माध्यम से समाज के जीवन में परिवर्तन लाने का लक्ष्य बनाकर काम किया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन के माध्यम से किसानों के जीवन में बदलाव आया है। सहकारी आंदोलन ने शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाया। बिरला ने कहा कि इस आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए गांवों में खाद्य प्रसंस्करण संगठन स्थापित करने की जरूरत है। बिरला के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता विभाग बनाकर सहकारिता के माध्यम से लोगों के सामाजिक और आर्थिक जीवन में परिवर्तन को लक्ष्य बनाया है वहीं गृह मंत्री शाह ने ग्राम सेवा सहकारी समितियों को स्वावलंबी बनाया है। बिरला ने कहा, अगर सहकारिता में भ्रष्टाचार को समाप्त करना है, सहकारिता में पारदर्शिता लानी है ...तो एक ऐसे राज को लाओ जो सहकारिता आंदोलन में पारदर्शिता ला सके और आने वाले समय में राजस्थान के किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर बिना किसी सीमा के कर्ज मिल सके। इस अवसर पर सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया और जसकौर मीणा, राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा तथा नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी मौजूद थे।

## ट्रेन डिब्बे...

संख्या 10 बताई थी और बाद में इस आंकड़ों को संशोधित कर नौ किया। दक्षिण रेलवे की विज्ञप्ति में बताया गया है कि आग लगने की घटना शनिवार तड़के पांच बजकर 15 मिनट पर हुई और मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने सुबह सात बजकर 15 मिनट पर आग पर काबू पा लिया। विज्ञप्ति के अनुसार, यह एक प्राइवेट पार्टी कोच था, जिसे कल (25 अगस्त को) नागरकोविल जंक्शन पर ट्रेन संख्या 16730 (पुनालुर-मदुरै एक्सप्रेस) में जोड़ा गया था। डिब्बे को अलग कर मदुरै रेलवे स्टेशन पर खड़ा किया गया था। इस डिब्बे में यात्री अवैध रूप से गैस सिलेंडर लेकर आए थे और यह आग लगने का कारण बना। इसमें बताया कि डिब्बे में सवार तीर्थयात्रियों ने 17 अगस्त को लखनऊ से यात्रा शुरू की थी। उनका कल (27 अगस्त को) चेन्नई जाने का कार्यक्रम था... चेन्नई से वे लखनऊ लौटने वाले थे। विज्ञप्ति के मुताबिक, जब डिब्बा खड़ा था, तब कुछ यात्री चाय/नाश्ता बनाने के लिए अवैध रूप से लाए गए रसोई गैस सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहे थे, जिसके कारण डिब्बे में लग गई। इसकी भनक लगने पर अधिकांश यात्री बाहर निकल गए। कुछ यात्री डिब्बे को अलग किए जाने से पहले ही प्लेटफार्म पर उतर गए थे। इसमें कहा गया कि यात्रियों द्वारा अवैध रूप से गैस सिलेंडर, स्टोव और अन्य ज्वलनशील सामान लाया गया था, जिसके कारण आग लगने की घटना हुई। घटनास्थल पर एक एलपीजी सिलेंडर, आलू की बोरी, बर्तन और लकड़ियां मिली हैं जिससे डिब्बे में खाना पकाए जाने के पर्याप्त संकेत मिले हैं। यहां एक सरकारी अस्पताल में इलाज करा रही घायल अलका प्रजापति ने बताया कि घटना के समय डिब्बे में यात्री सो रहे थे आग, आग का शोर सुनकर उनकी आंख खुली। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, हम सो रहे थे तभी चीखने की आवाजें सुनाई दी। इसके बाद भागने की कोशिश की, लेकिन डिब्बे का दरवाजा बंद था इसलिए बाहर निकलने में परेशानी हुई। किसी ने दरवाजा तोड़ा जिसके बाद हम बाहर आ पाए। अंदर घना धुआं भर गया था और मैं ठीक से सांस नहीं ले पा रही थी और बस भगवान को याद किया। उन्होंने बताया कि आग बुझाने की तमाम कोशिशों के 15-20 मिनट बाद रेलवे कर्मचारी वहां पहुंचे, लेकिन तब तक यह (डिब्बा) लपटों से घिर चुका था। इस घटना के पीड़ितों ने मीडिया को बताया कि वे रामेश्वरम जा रहे थे। घटना के प्रत्यक्षदर्शी ऑटो चालक मनान प्रकाश ने बताया कि लोगों की आवाज सुनते ही स्थानीय लोग दुर्घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन कोई भी आग के पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। उन्होंने कहा, कुछ यात्री अंदर फंस हुए थे। स्लीपर डिब्बा होने के कारण वे (जल्दी से) आसानी से उतर नहीं पाए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक बयान में कहा कि पीड़ितों तीर्थयात्रा के लिए रामेश्वरम की ओर जा रहे थे और उन्होंने इस घटना पर दुख व्यक्त किया। एक बयान में बताया कि उन्होंने मदुरै जिला अधिकारी एमएस संगीता को तुरंत मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शवों को उनके पैतृक स्थान पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। स्टालिन ने पीड़ितों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की और यहां राहत प्रयासों के समन्वय के लिए अपने कैबिनेट सहयोगी पी मूर्ति को नियुक्त किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ितों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, तमिलनाडु के मदुरै में हुए दुर्भाग्यपूर्ण ट्रेन हादसे में लोगों की मौत बेहद दुखद और हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से बात की और घटना की जानकारी ली। योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि अधिकारियों को घायलों को उचित इलाज मिले यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।वहीं रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी करते हुए मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट करके कहा, तमिलनाडु के मदुरै जंक्शन के पास एक खड़ी ट्रेन में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की मौत के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। दक्षिणी रेलवे ने कहा है कि आग लगने के संबंध में 27 अगस्त को वैधानिक जांच की जाएगी। बेंगलुरु में दक्षिणी सर्कल के रेलवे सुरक्षा आयुक्त रविवार को मदुरै स्थित डीआरएम के कॉन्फ्रेंस हॉल में पूछताछ करेंगे।

## नूंह जिले...

और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 भी लगा दी है, जिसके तहत एक क्षेत्र में चार या इससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आदेश 26-28 अगस्त तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान किसी भी व्यक्ति को लाइसेंसी आग्नेयास्त्र, लाठी आदि हथियार ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## ओणम त्योहार...

जाता था, 15वीं शताब्दी तक नायर और एझावा समुदाय के कृषकों ने ओणम को फसल उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर दिया था। महाबली के अस्तित्व का कोई सबूत नहीं है और आम धारणा यह है कि वह एक निर्मित चरित्र है। ओणम राज्य का सबसे बड़ा खरीदारी उत्सव बन गया है, जबकि महाबली को एक हास्य चरित्र के रूप में चित्रित किया जा रहा है, जो अपनी पॉट-बेली और हैंडल-बार मूंछों के साथ पहचाना जा सकता है। नंबूदिरी कहते हैं कि श्रद्धा के बजाय, जो मन में आता है वह महाबली के प्रति एक प्रकार की सहानुभूति है।

## शरद पवार...

कि मैं फासीवादी प्रवृत्तियों का विरोध करना जारी रखूंगा। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हुआ है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) की 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में होने वाली बैठक के दौरान वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ संयुक्त अभियान पर भी चर्चा की जाएगी। पवार ने कहा, वह महाराष्ट्र में बदलाव देख सकते है। जनता उन लोगों से निराश है जो भाजपा के साथ गए। उन्हें विश्वास है कि लोग चुनावों में सही जनादेश देंगे और भाजपा को उसकी सही जगह दिखाएंगे। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर पवार ने कहा, यह हमारे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को सम्मानित किया जाना चाहिए।

# रामास्वामी ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने का संकेत दिया

भाषा। वाशिंगटन, लंदन




**अमेरिका** में अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में शामिल भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी ने संकेत दिया है कि यदि वह उम्मीदवारी नहीं प्राप्त कर पाते हैं तो वह उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ सकते हैं।

रामास्वामी की यह टिप्पणी बायोटेक उद्यमी से राजनीतिज्ञ बने रामास्वामी (38) के इस बयान के कुछ दिनों बाद आई है कि उन्हें राष्ट्रपति के अलावा किसी अन्य पद में रुचि नहीं है। रामास्वामी ने कहा कि उनका मानना है कि वह केवल राष्ट्रपति के रूप में ही इस देश को फिर से एकजुट कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने साथ ही कहा कि यदि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तीसरी बार उम्मीदवारी हासिल करते हैं तो वह उनके साथ उपराष्ट्रपति के रूप में काम कर सकते हैं। ब्रिटेन के जीबी न्यूज ने जब रामास्वामी से पूछा कि क्या वह (77 वर्षीय ट्रंप के) उपराष्ट्रपति बनकर खुश होंगे , तो उन्होंने कहा, देखते है, यदि ऐसा होता है तो निश्चित रूप से मैं ऐसा करने को तैयार रहूंगा। उन्होंने कहा कि वह नए हैं और उनकी उम्र ट्रंप से लगभग आधी है लेकिन वह उन्हें व्हाइट हाउस में अपनी सेवाएं देने के लिए कह सकते हैं। पिछले साक्षात्कारों में, रामास्वामी ने उपराष्ट्रपति बनने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वह देश को केवल तभी बदल सकते हैं जब वह शीर्ष पद पर काबिज होंगे।उन्होंने शनिवार को फॉक्स न्यूज से कहा, मुझे सरकार में किसी अलग पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। सच कहूं तो, मैं संघीय सरकार में नंबर दो या तीन बनने के बजाय निजी क्षेत्र में बदलाव लाऊंगा। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों की पहली प्राथमिक बहस में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता रेटिंग में बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ऑनलाइन तरीके से धन जुटाने की कवायद में इजाफा दिख रहा है।

बहस के बाद सामने आए पहले सर्वेक्षण में कहा गया कि 504 उत्तरदाताओं में से 28 प्रतिशत ने कहा कि रामास्वामी ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उनके बाद 27 प्रतिशत के साथ फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस और 13 प्रतिशत के साथ पेंस हैं। भारतीय अमेरिकी हेली को सात प्रतिशत वोट मिले हैं। फॉक्स न्यूज के अनुसार, रामास्वामी पहले रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की बहस के लिए गूगल पर सबसे अधिक खोजे जाने वाले जीओपी उम्मीदवार रहे। उनके बाद उनकी साथी भारतीय अमेरिकी निक्की हेली थीं।

# मेडागास्कर में मची भगदड़ में 12 की मौत

## ● इंडियन ओशन आइलैंड गेम्स के उद्घाटन समारोह के दौरान हुई दुर्घटना, 85 अन्य घायल

एपी। अंतानानारिवो (मेडागास्कर)



**मेडागास्कर** के एक स्टेडियम में शुक्रवार को इंडियन ओशन आइलैंड गेम्स के उद्घाटन समारोह के दौरान भगदड़ मचने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 85 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकार की प्रवक्ता ललाटियाना राकोटोंड्राज्फी ने कहा कि घायलों में से 33 एचआरजेए अस्पताल में भर्ती हैं।

देश की राजधानी अंतानानारिवो के महामासीना स्टेडियम में शुक्रवार को यह भगदड़ उस समय मची, जब लोग क्षेत्रीय खेल कार्यक्रम के आधिकारिक उद्घाटन के लिए प्रवेश द्वार पर एकत्र हुए थे। मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्से ने शुक्रवार को कहा कि शाम करीब साढ़े चार बजे हुई इस दुर्घटना में घायल हुए 11 लोगों की हालत गंभीर है। नत्से ने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

खबरों में बताया गया कि मेडागास्कर की राजधानी अंतानानारिवो के महामासीना स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचे देश के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना ने हादसे पर दुख प्रकट किया और स्टेडियम में मौजूद लोगों से जान गंवाने वालों के लिए कुछ पल का मौन रखने की अपील की। प्रवक्ता राकोटोंड्राज्फी ने फेसबुक पर पोस्ट किए गए अपने बयान में गंभीर रूप से घायल लोगों के बारे में कोई अद्यतन जानकारी नहीं दी। राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना महामासीना स्टेडियम में समारोह में थे और उन्होंने भीड़ से कुछ समय के लिए शांत रहने की अपील भी की थी।

करीब 41,000 लोगों की क्षमता वाले इस स्टेडियम में पहले भी इस तरह के हादसे हो चुके हैं। इससे पहले 2019 में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ में 15 लोगों की मौत हो गई थी। इंडियन ओशन आइलैंड गेम्स में कई तरह के खेलों का आयोजन होता है, जिनमें क्षेत्र के कई देश भाग लेते हैं।

# चीन ने ताइवान की ओर भेजे विमान और पोत

एपी। बीजिंग

## ● चीन हथियारों की बिक्री की इस मंजूरी का विरोध करता है और यह चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है

**ताइवान** के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि अमेरिका की ओर से ताइवान को 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर के हथियारों की बिक्री को मंजूरी मिलने के कुछ दिन बाद चीन ने द्वीप की ओर अपने दर्जनों विमान और जहाज भेजे हैं।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार सुबह छह बजे से शनिवार सुबह छह बजे के बीच 24 घंटे की अवधि में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 32 विमानों और नौसेना के नौ जहाजों देखा गया।

ताइवान की सेना ने बताया कि इनमें से 20 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया या ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में घुस गए और इसके जवाब में ताइवान ने अपने विमान, जहाजों और मिसाइल को भी तैनात कर दिया।

चीन स्वशासित ताइवान को एक विद्रोही प्रांत मानता है। पिछले साल भी चीन ने ताइवान की राजनीतिक गतिविधियों की प्रतिक्रिया में द्वीप के चारों ओर सैन्य अभ्यास बढ़ा दिया था। इतना ही नहीं, पिछले सप्ताह ताइवान के उपराष्ट्रपति के पराग्वे के रास्ते में अमेरिका में रुकने के बाद भी चीन की सेना ने कड़ी चेतावनी के रूप में द्वीप के आसपास सैन्य अभ्यास शुरू किया था। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग जियाओगांग ने शुक्रवार को कहा था कि चीन हथियारों की बिक्री की इस मंजूरी का विरोध करता है और यह चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है।

# वैग्नर प्रमुख की मौत के बाद अनिश्चितता का सामना कर रहे इसके सैनिक

एपी। मॉस्को

**निजी** सैन्य संगठन वैग्नर समूह की उपस्थिति सीरिया की प्राचीन युद्ध भूमि से लेकर उपसहारा अफ्रीकी क्षेत्र तक विस्तृत है जो निजी सैनिकों के साथ क्रेमलिन के वैश्विक प्रभाव को दर्शाता है, लेकिन एक निजी विमान दुर्घटना में वैग्नर प्रमुख की कथित मौत के बाद इस बात की चर्चा है कि इसके सैनिक अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं।

वैग्नर पर क्रूर बलों का इस्तेमाल करने और जब्त की गई खनिज संपदा से मुनाफा कमाने का आरोप है।

अब तक वैग्नर समूह एवगेनी प्रिगोझिन के अधीन रहा। इस हफ्ते की शुरुआत में जारी किए गए एक वीडियो में प्रिगोझिन किसी अज्ञात सूखे और धूल भरे मैदान में एक असॉल्ट राइफल के साथ सैन्य वर्दी में दिख रहे हैं। यह उनका आखिरी वीडियो भी हो सकता है।

इस वीडियो में उन्होंने दावा किया कि वैग्नर रूस को सभी महाद्वीपों पर और महान बना रहा है और अफ्रीका को और अधिक स्वतंत्र बना रहा है।

निजी सैनिक उपलब्ध कराने वाले वैग्नर समूह के प्रमुख प्रिगोझिन और उनके शीर्ष सहयोगियों को लेकर जा रहा एक निजी जेट मॉस्को के उत्तर पश्चिम में बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सत्ता को चुनौती देने वाले सशस्त्र विद्रोह का प्रिगोझिन के नेतृत्व करने के दो महीने बाद यह घटना घटी।

बड़े पैमाने पर ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि विद्रोह के कारण प्रिगोझिन (कथित तौर पर मर चुके) को हत्या के इरादे से निशाना बनाया गया। हालांकि, क्रेमलिन ने इसमें शामिल होने से इनकार किया है।

इस दुर्घटना ने प्रिगोझिन की निजी सेना वैग्नर समूह के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं जिसने मॉस्को में सैन्य नेतृत्व के खिलाफ अपने संक्षिप्त विद्रोह से पहले यूक्रेन में रूसी सेना के साथ लड़ा था।

रूसी अधिकारियों ने प्रिगोझिन की मौत की पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण के परिणामों की प्रतीक्षा करने की जरूरत का हवाला दिया है, लेकिन पुतिन ने आसमान से जेट गिरने के बाद संवेदना व्यक्त की है।

क्रेमलिन की वेबसाइट पर शुक्रवार देर रात प्रकाशित और तुरंत प्रभावी एक आदेश के अनुसार, रूसी नेता ने वैग्नर समूह के सैनिकों को रूसी सरकार के प्रति निष्ठा की शपथ पर हस्ताक्षर करने का आदेश दिया है।

यह आदेश क्रेमलिन द्वारा शुक्रवार को पश्चिमी अधिकारियों और समाचार मीडिया के उन सुझावों को खारिज करने के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि पुतिन के आदेश पर वैग्नर नेता की हत्या की गई होगी। अफ्रीकी देशों में जहां वैग्नर ने अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे समूहों के खिलाफ सुरक्षा प्रदान की थी, अधिकारियों और टिप्पणीकारों का अनुमान है कि वहां रूस बलों को नया नेतृत्व प्रदान करके संभवत: अपनी उपस्थिति बनाए रखेगा।

हालांकि, अन्य लोगों का कहना है कि प्रिगोझिन ने गहरे और व्यक्तिगत संबंध बनाए थे और उनकी जगह तुरंत किसी और को तैनात करना मॉस्को के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। अफ्रीका रूस के लिए आर्थिक और राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। इस साल गर्मी के दौरान वैग्नर ने मध्य अफ्रीकी गणराज्य में एक राष्ट्रीय जनमत संग्रह सुनिश्चित करने में मदद की जिसने राष्ट्रपति की शक्ति को मजबूत किया, यह सशस्त्र विद्रोहियों से लड़ने में माली की सेना का एक प्रमुख भागीदार है और इसने नाइजर में सैन्य जुंटा से संपर्क किया जो तख्तापलट के बाद इसकी सेवाएं चाहता है। संबंधों का विस्तार करना और अफ्रीका में पश्चिमी प्रभाव को कम करना इसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, क्योंकि यूक्रेन से युद्ध के बीच क्रेमलिन को नए सहयोगियों की तलाश है, जहां वैग्नर बलों ने भी एक महत्वपूर्ण लड़ाई जीतने में मदद की थी। अफ्रीका के 54 देश संयुक्त राष्ट्र में सबसे बड़ा मतदान समूह हैं और मॉस्को ने अपने हमले के प्रति उनका समर्थन जुटाने के लिए सक्रिय रूप से काम किया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने शुक्रवार को कहा, वैग्नर के सैनिक अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। हमने अफ्रीका के देशों को उनकी उपस्थिति के साथ-साथ उनके कार्यों की निंदा करने के लिए प्रोत्साहित किया है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रिगोझिन के निधन से निश्चित रूप से वैग्नर समूह पर गहरा और अस्थिर करने वाला प्रभाव पड़ेगा। लेकिन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने वैग्नर के भविष्य के बारे में टिप्पणी करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। प्रिगोझिन ने वर्ष 2014 में वैग्नर समूह की स्थापना की थी जिसका मकसद केवल रूसी के वैश्विक प्रभाव को बढ़ाना नहीं था। सीरिया, लीबिया, सूडान और अन्य जगहों पर समूह के ठेकेदारों ने खुद को समृद्ध करने के लिए उन देशों की खनिज और ऊर्जा संपदा का दोहन किया। मध्य अफ्रीकी गणराज्य के विधायक और विपक्षी नेता मार्टिन जिगुएले ने कहा कि वैग्नर समूह सोने का खनन, लकड़ी और अन्य उद्योगों में सक्रिय थे, वह भी बिना कर चुकाए।

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता पत्नी श्री सुखलाल ने ग्राम हल्दौनी, परगना, तहसील दादरी जिला गौतमबुद्ध नगर में स्थित एक फ्रीहोल्ड आवासीय भूखंड, परिमाप 60 वर्ग गज यानी 50.16 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 382 में से, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 04.04.2016 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता और श्री सुखलाल ने ऋण लेने के लिए सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई शुल्क/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 14 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014, ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

**Public Notice**

Notice is hereby given to the General public thatMr. Sunil Kumar and Mr. Ajay Kumar are absolute owners ofLand area measuring 75 Sq. yds. i.e. 62.70 Sq. mtrs. out of Khasra No. 164/2min, Situated at Buddh Vihar Colony, Village Akbarpur, Bhrampur, Pargana Loni, Tehsil and Distt. Ghaziabad U.P.Mr. Tilak Chand as GPA of Mr. Prakash sold the said property toMrs. Meera Devi videSale deed dated 28.12.2003 doc no. 9116.Thereafter, Mrs. Meera Devi sold said property to Mr. Vijendra Singhvide Sale Deed 19.05.2006 doc. No. 3713. Thereafter, Mr. Vijendra Singh Sold the said property to Mr. Sunil Kumar and Mr. Ajay Kumar vide dated 28.02.2011 doc. No. 770.Now Mr. Sunil Kumar and Mr. Ajay Kumar aremortgaging the said property with SMFG India Credit Co. Ltd. (Formerly Fullerton India Credit Co. Ltd.)& in case anyone has any objection, the same may be raised within 07days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to public at large that my client Mr. Hemant Kandpal who is the owner of Property No. 5393, area measuring 100 sq. yards (out of total area measuring 200 sq. yards) out of Khasra No. 106/11, Situated in the area of Village Burari, Gali No.115/14, Block-B, Sant Nagar, Burari, Delhi-110084 through Sale Deed dated 17.06.2022 executed by Smt. Dhani Devi. Whereas, Sh. Ram Avtar executed GPA, ATS dated 18.04.1988 and Will in favour of Smt. Shardha Saxena who further executed GPA, ATS & WILL on 22.10.1993 in favour of Sh. Hem Chander Anand who further executed GPA, ATS and Will on 27.10.1993 in favour of Sh. Soban Singh Gharthiwho further executed GPA, ATS Will on 27.10.1993 in favour of Sh. Soban Singh Gharthi. Soban Singh Gharthi died and his legal heirs released their shares through Relinquishment Deed (notarized) on 25.09.2021 executed by Smt. Seema Chauhan , Sh. Sudhir Gharti and Sh. Sujeet Gharthi in favour of Smt. Dhani Devi.
Now, my client intends to mortgage said property to Piramal Capital & Housing Finance Limited. If any person(s) including the legal heirs of Mrs Kamla Devi has/have any objection(s) or claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property may please contact us within 7 days from the date of this notice on the number & address mentioned herein below, failing which my client(s) shall not be held responsible in any manner whatsoever. **Mohd Khairul Hussain (Advocate)**
A-38, Kailash Colony, Khaitan & Khaitan
New Delhi-48, Mob.-8810391672

# आईएसआईएस की मदद करने वाले पाक चिकित्सक को 18 साल जेल की सजा

भाषा। न्यूयॉर्क

**अमेरिका** में एच।-बी वीजा पर काम कर रहे एक पाकिस्तानी चिकित्सक को आतंकवादी संगठन आईएसआईएस को सहायता मुहैया करने और अमेरिका में आतंकवादी हमले करने का प्रयास करने के लिए 18 साल जेल की सजा सुनाई गई है।

न्याय विभाग के एक बयान में बताया गया कि आईएसआईएस को सहायता प्रदान करने के प्रयास के लिए मुहम्मद मसूद (31) को शुक्रवार को 18 साल जेल की सजा सुनाई गई। साथ ही, उसे रिहाई के बाद पांच साल तक निगरानी में भी रहना होगा।

मसूद ने पिछले वर्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया था और वरिष्ठ न्यायाधीश पॉल ए. मैग्नसन के समक्ष उन्हें सजा सुनाई गई।

अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, पाकिस्तान में मसूद एक लाइसेंसशुदा चिकित्सक था और एच- ।बी वीजा के साथ मिनेसोटा के रोचेस्टर में एक मेडिकल क्लीनिक में अनुसंधान समन्वयक के रूप में कार्यरत था।

मसूद ने जनवरी 2020 और मार्च 2020 के बीच एक आतंकवादी संगठन में शामिल होने के उद्देश्य से अपनी विदेश यात्रा को सुगम बनाने के लिए एक संदेश भेजने वाली एप्लिकेशन का उपयोग किया था। मसूद ने इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड अल-शाम (आईएसआईएस) में शामिल होने की अपनी इच्छा के बारे में कई बयान दिए और उसने आतंकवादी संगठन तथा उसके सरगना के प्रति अपनी निष्ठा भी जताई थी। मसूद ने अमेरिका में अकेले ही आतंकवादी हमले करना मंसूबा जाहिर किया था।

# ब्रिटिश संग्रहालय के निदेशक ने कलाकृतियों की चोरी के मामले में इस्तीफा दिया

**लंदन।** लंदन के प्रमुख पर्यटक आकर्षणों में से एक ब्रिटिश संग्रहालय में कृलाकृतियों की चोरी की घटना के बाद यहां के निदेशक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, शनिवार चुराई गई दो हजार कलाकृतियों में से कुछ बरामद कर ली गई हैं। इस संग्रहालय में भारत सहित अन्य जगहों की हजारों कलाकृतियां हैं। संग्रहालय के निदेशक हार्टविग फिशर ने शुक्रवार को अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि चोरी संबंधित आशंकाओं को लेकर दी गई चेतावनियों पर संग्रहालय उचित कदम नहीं उठा सका। ऐसे में इस घटना के लिए अंतत वही जिम्मेदार हैं।

संग्रहालय के न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष जॉर्ज ओसबोर्न ने बीबीसी को बताया, हमने चोरी हुई कुछ कलाकृतियों बरामद करना शुरू कर दिया है। ओसबोर्न ने कहा, हमारा मानना है कि लंबे समय से यहां चोरियां हो रही थीं और इसे रोकने के लिए उचित कदम उठाया जाना जरूरी था। इसी बीच, संग्रहालय कर्मचारी को कानूनी कार्वाई लंबित होने तक बर्खास्त कर दिए जाने के एक सप्ताह बाद फिशर का इस्तीफा आया। फिशर ने कहा, पिछले कुछ समय से मैं ब्रिटिश संग्रहालय से हो रही चोरी की घटनाओं और उनकी जांच की विस्तार से समीक्षा कर रहा हूं। उन्होंने कहा, ब्रिटिश संग्रहालय ने 2021 में चोरी की आशंकाओं के बारे में दी गई चेतावनियों पर उचित कदम नहीं उठाए गए।

# स्पेसएक्स के रॉकेट से चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना

**केप कैनावेरल ( अमेरिका )।** चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री स्पेसएक्स के रॉकेट से शनिवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए। वे संभवत:



रविवार को अपने स्पेसएक्स कैप्सूल से अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच जाएंगे, जहां वे मार्च से रह रहे चार अंतरिक्ष यात्रियों की जगह लेंगे। केनेडी स्पेस सेंटर से अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा की एक अंतरिक्ष यात्री के साथ डेनमार्क, जापान और रूस के यात्रियों ने उड़ान भरी। अधिकारियों ने बताया कि यह अमेरिका का पहला प्रक्षेपण है, जिसमें अंतरिक्ष यान की हर सीट पर अलग-अलग देश के अंतरिक्ष यात्री बैठे थे।

# ड्रोन हमले की खबरों के बाद मास्को में हवाई अड्डों का संचालन बंद

एपी। कीव

**मास्को** में शनिवार सुबह हुए ड्रोन हमले के बाद शहर के तीनों प्रमुख हवाई अड्डों का संचालन अस्थाई रूप से बंद करना पड़ा। रूस की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने इसके लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराया है जो आजकल लगभग रोज मास्को या उसके आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन हमले कर रहा है। यूक्रेन ने इस साल की शुरूआत में ही इस युद्ध को रूस के भीतरी इलाकों में ले जाने की बात कही थी और हाल में यह भी कहा था कि सीमा से दूर रूस के अंदरूनी इलाकों में देश की सैन्य संपत्तियों पर हुए हमलों को उसने अंजाम दिया है।

रूस के रक्षा मंत्रालय और मास्को के मेयर सेरगी सोब्यानीन ने कहा कि लाल चौक से करीब 50 किलोमीटर पश्चिम में मास्को क्षेत्र के इस्त्रा जिले में एक ड्रोन को मार गिराया गया।

उन्होंने टेलेग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि अभी तक किसी के हताहत होने या किसी नुकसान की सूचना नहीं है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, शेरेमेतेवो, दोमोदेदोवो और व्युनुकोवो हवाई अड्डों पर शनिवार सुबह करीब एक घंटे के लिए संचालन बंद रहा।

रूसी टेलीग्राम चैनलों ने शनिवार को सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड कुछ वीडियो पोस्ट किए हैं और दावा किया है कि रूसी हवाई रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को मार गिराया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार बताया है।

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby informed to public at large that my client Gurmeet Singh purchased a property bearing number 29/2 measuring area of plot 41.80-sq MTRS, (50-SQ.YDS) **ANARKALI MAIN** now Known as Old **ANARKALI DELHI** 110051 by the sale deed mention here Below.

1. Sale deed dated 28.04.2023 executed by Mrs Raj Kumari in favour of Mr. Gurmeet Singh in respect of the property area measuring 50 Sq. Yds, and same was duly registered with the sub registrar-VIII, as Doc No. 3830, Vol No. 10652, Book No.-I, page no 19-25, on 02.05.2023
2. Sale deed dated 30.11.2021 executed by Mrs Susheel Verma in favour of Mr. Raj Kumari in respect of the property area measuring 50 Sq. Yds, and same was duly registered with the sub registrar-VIII, as Doc No . 9580, Vol No. 10035, Book No.-I, page no 26-34, on 01.12.2021.
3. Sale deed dated 05.10.2016 executed by Mrs Brahma Devi alias Birma devi in favour of Mr. Susheel Verma in respect of the property area measuring 50 Sq. Yds, and same was duly registered with the sub registrar- VIII, as Doc No. 6012, Vol No.8539, Book No.-I, page no 17-23, on 14.10.2016.

if any perons(s) have any objection(s) or claim(s) with respect of right, title or interest in the above said property then contact us with in 7 days from the date of publication of this notice on the number mentioned here in below.

Sd/-
Nishant Bhardwaj
Advocate
Ch. NO. E-404, 4th Floor,
Karkardooma Courts, Delhi
Mob. 9990212818

# अधिकारी पर हमला करने के मामले में भारतीय मूल की महिला को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल की 58 वर्षीय एक महिला को एक सरकारी अधिकारी पर हमला करने के मामले में कारावास की सजा सुनाई गई है। महिला का पुत्र देश में युवकों के लिए अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा के लिए उपस्थित नहीं हुआ था, जिसके कारण अधिकारी उसके घर गया था। के. शांति कृष्णासामी को सरकारी कर्मचारी को जानबूझकर चोट पहुंचाने और उस पर आपराधिक बल का उपयोग करने के मामले में दोषी ठहराया गया। महिला ने उसके पुत्र के राष्ट्रीय सेवा (एनएस) के लिए नहीं उपस्थित नहीं होने पर उनके घर आए सेंट्रल मैनपावर बेस(सीएमपीबी) के भर्ती निरीक्षक पर हमला कर दिया था। भारतीय मूल की महिला को शुक्रवार को 18 सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई।

द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार की एक रिपोर्ट के अनुसार, जब जिला न्यायाधीश क्रिस्टोफर गोह सजा का कारण बता रहे थे तो कृष्णासामी ने कई बार उन्हें बाधित किया, जिसके कारण न्यायाधीश को कई मौकों पर अपनी आवाज ऊंची करनी पड़ी। न्यायाधीश ने कृष्णासामी के लगातार आक्रामक व्यवहार का भी जिक्र किया, जो कैमरा फुटेज से स्पष्ट नजर आ रहा है। अदालतों के अभिलेख के अनुसार, शांति ने अपनी सजा के खिलाफ अपील की है। उप सरकारी अभियोजक कॉलिन एनजी ने बताया कि कृष्णासामी का पुत्र कविंसारंग शिन 23 अप्रैल, 2021 की सुबह पुलाऊ(द्वीप) टेकोंग में बेसिक मिलिट्री ट्रेनिंग सेंटर में भर्ती के लिए नहीं पहुंचा था।

# ब्रिक्स में शामिल होने को अभी औपचारिक अनुरोध नहीं किया : पाक

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** ने कहा कि उसने अभी तक ब्रिक्स में शामिल होने के लिए औपचारिक रूप से अनुरोध नहीं किया है। उसने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इस समूह ने अपने व्यापक विस्तार की घोषणा करते समय पाकिस्तान की अनदेखी की है।

ब्रिक्स देशों के नेताओं ने 24 अगस्त को अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को समूह के नए पूर्णकालिक सदस्यों के रूप में शामिल करने का फैसला किया था, जिससे एक लंबी प्रक्रिया पर मुहर लग गई थी। ब्रिक्स का गठन सितंबर 2006 में हुआ था और इसमें मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत और चीन (ब्रिक) शामिल था। बाद में इसमें सितंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका को पूर्ण सदस्य के तौर पर शामिल किया गया जिसके बाद इसे ब्रिक्स का नाम मिला। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने विकासशील देशों के समूह द्वारा नए देशों को शामिल करने के एक दिन बाद शुक्रवार रात को अपनी साप्ताहिक ब्रीफिंग का विवरण जारी किया। बलूच ने कहा, हम नवीनतम घटनाक्रम की जांच करेंगे और ब्रिक्स के साथ अपने भविष्य के जुड़ाव के बारे में निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान बहुपक्षवाद का प्रबल समर्थक है और कई बहुपक्षीय संगठनों के सदस्य के रूप में उसने हमेशा वैश्विक शांति और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# प्रतिबंधित संगठनों के आठ संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) और अल-कायदा समेत प्रतिबंधित संगठनों के आठ संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने शनिवार को कहा कि पंजाब के विभिन्न इलाकों में चलाए गए अभियानों के दौरान एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। सीटीडी के अनुसार, खुफिया सूचना के आधार पर प्रांत के विभिन्न जिलों में 74 अभियान चलाए गए और हथियारों, विस्फोटकों तथा अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ आठ कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। आतंकवादी, आईएसआईएस और अल-कायदा समेत प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े हैं। आतंकवादियों की पहचान लियाकत खान, मुहम्मद हसन, शान फराज, गुल करीम, आयुब खान, मुहम्मद उमीर, अमीर मुआविया और रिजवान सिद्दीक के रूप में हुई है। इसमें बताया गया है कि वे दाएश, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, सिपह-ए-सहाबा पाकिस्तान और लश्कर-ए-झांगवी से संबंधित हैं। सीटीडी ने बताया कि संदिग्धों को लाहौर, रावलपिंडी, मुलतान और गुजरांवाला से गिरफ्तार किया गया है। संदिग्धों के पास से विस्फोटक (1200 ग्राम), दो हथगोले, एक आईईडी बम, नौ डेटोनेटर, प्रतिबंधित साहित्य और आईएसआईएस का एक झंडा बरामद हुआ है। सीटीडी ने कहा, गिरफ्तार आतंकवादियों की योजना पूरे प्रांत में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों तथा धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने की थी। इसने बताया कि पुलिस ने इनके खिलाफ सात मामले दर्ज किए हैं और उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थानों पर ले गए हैं। सीटीडी ने बीते सप्ताह 13 संदिग्धों को गिरफ्तार किया था जिसमें तीन आईएसआईएस के कमांडर थे। सीटीडी अधिकारियों ने बताया कि इस सप्ताह 700 तलाशी अभियान चलाए गए और 135 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने बताया कि अभियानों के दौरान 16,784 लोगों से पूछताछ की गई।

# सिंगापुर किसी भी समय गैर-चीनी प्रधानमंत्री के लिए तैयार : षणमुगरत्नम

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर** में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार थरमन षणमुगरत्नम (66) ने एक सितंबर को होने वाले चुनाव से ठीक पहले कहा कि सिंगापुर किसी भी समय गैर-चीनी प्रधानमंत्री के लिए तैयार है।

षणमुगरत्नम ने इसे चीनी मूल की आबादी के प्रभुत्व वाले देश में समाज की प्रगति का प्रतीक बताया।

उन्होंने शुक्रवार को कहा कि नस्लवाद हर जगह राजनीति में एक कारक है। अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा भी इस बारे में बोल और लिख चुके हैं। हालांकि, 40 या 50 साल पहले के उलट आज सिंगापुर के लोग सभी कारकों को देखते हैं, न कि केवल नस्ल को।

उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करने के लिए एक चुनावी बैठक के दौरान कहा, "वे लोगों को समग्रता से देखते हैं... सिंगापुर किसी भी समय तैयार है। यदि कोई ऐसा व्यक्ति सामने आता है जो प्रधानमंत्री के लिए बेहतर उम्मीदवार है, तो उस व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाया जा सकता है। मेरा मानना है कि वे ऐसा कर सकते हैं"

पूर्व वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि यह एक समाज के रूप में सिंगापुर की प्रगति का प्रतीक है। थरमन ने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने के लिए जुलाई में सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

द स्ट्रेट्स टाइम्स ने थरमन के हवाले से कहा, सिंगापुर किसी गैर-चीनी प्रधानमंत्री के लिए किसी भी समय तैयार है।

सिंगापुर के लोगों को एक सितंबर को 9वें राष्ट्रपति के लिए मतदान करना है।

**RAM GOPAL COLLEGE OF PHARMACY**
RGCP
Sultanpur, Tehsil-Farrukhnagar, Near Sultanpur Bird Sanctuary, Distt. Gurgaon, Haryana
Affiliated to Pt. B.D.Sharma University of Health & Sciences, Rohtak & Pharmacy Council of India (PCI) and State Govt. Haryana

**ADMISSION NOTICE FOR SESSION 2023-24**
(For Management quota, Leftover seats, Vacant Seats for All Category)

**BACHELOR OF PHARMACY (4 Year)**
Admission Procedure: Candidates shall have passed 10+2 examination with PCM or PCB with English as one of the subjects.
Admission on merit based only.
Last date of submission of application form - 04/09/2023 till 1:00 pm
Display & merit list and deposition of fees - 05/09/2023 till 1:00 pm
Website - www.ramgopalcollege.com Mob. No - 8920418745

**LOST AND FOUND**

This Public at large is hereby notify that my client Mrs. Asha Mehta W/o Late Dr. Kulbhushan Mehta R/o G-108, Preet Vihar, Delhi-110092 and is the absolute and lawful owner of the entire property bearing No. G-108, Measuring Area 230.11 Sq. Yards., situated at Preet Vihar, Delhi-110092. That the Original Perpetual Sub Lease Deed duly executed by The President of India through Delhi Development Authority in the name of Smt. Savita W/o Late Bahadur Chand duly registered as Document No.2484 in Additional Book No.1, Volume No.1203 on pages 144 to 154, Dated: 20.06.1979 in the office of S.R., Delhi along with General Power of Attorney and Agreement to Sell dated: 10.11.1983 in the name of Dr. Kulbhushan Mehta S/o Late Dr. Iqbal Narain Mehta R/o G-108, Preet Vihar, Delhi-110092 duly registered/attested by Notary Public has been all original documents lost/misplaced by me and it is not traceable by my best efforts and for the same I have filed NCR videL.R. No.776829/2023,Dated: 15/08/2023 If anyone found or have any objection/Claim for any type such as any Loan, Mortgage, Surety, Security etc. over the said property regarding the above said original documents, then contact to the undersigned within 15 days of this Notice. Thereafter no body have any right on the said property.

**SAHIL ARORA**
**(ADVOCATE )**
Office No.107, F/F, M.S. Chambers, Aruna Park, Laxmi Nagar, Delh-110092

# उद्धव सरकार ने फडणवीस को जेल भेजने की योजना बनाई थी: शिंदे

भाषा। ठाणे

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को दावा किया कि पूर्व की महा विकास आघाड़ी सरकार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ झूठे आरोप लगाने और उन्हें अन्य के साथ जेल भेजने की योजना बनाई थी। शिंदे मुंबई की एक अदालत द्वारा कथित फोन टैपिंग मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार किए जाने के संबंध में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। यह मामला तत्कालीन महा विकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल के दौरान का है।

यह मामला महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की ओर से मार्च 2021 को संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने से जुड़ा है। फडणवीस उस वक्त विधानसभा में विपक्ष के नेता थे। शिंदे ने दावा किया, तत्कालीन एमवीए सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग किया था और वह भाजपा के नेताओं को विभिन्न आरोप लगाकर उन्हें जेल भेजना चाहती थी।



मुंबई में शिवसेना के दिग्गज नेता रहे आनंद दिघे की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

तत्कालीन सरकार ने (निर्दलीय सांसद) नवनीत राणा, (भाजपा सांसद) नारायण राणे आदि को जेल भेजने का सोचा समझा कदम उठाया था। उसने (एमवीए)यही योजना फडणवीस के लिए भी बनाई थी। उन्होंने कहा कि अब चीजें और स्पष्ट हो गईं हैं और महाराष्ट्र की जनता जानती है कि क्या सही है और क्या गलत।

शिंदे ने यह भी दावा किया कि मौजूदा भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल अजित पवार जिस बात पर सहमत होंगे, उस पर राकांपा प्रमुख शरद पवार जल्द ही सहमत हो जाएंगे ।मुख्यमंत्री ने यह बात राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार के एक दिन पहले दिए गए बयान पर पूछे गए सवाल पर कही। पवार ने कहा था कि राकांपा में कोई विभाजन नहीं है और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार इसके नेता हैं। लेकिन बाद में पवार इस बयान से मुकर गए थे। शिंदे ने कहा, शरद पवार पुराने नेता हैं। अजित पवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्य से सहमत हैं। वह इस काम का हिस्सा बनना चाहते थे, इसलिए वह राज्य सरकार (भाजपा-शिवसेना) में शामिल हो गए। जिस पर अजित पवार राजी होते हैं उस पर शरद पवार भी शीघ्र राजी हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का एक उदाहरण है। शिंदे ने मुंबई में विपक्षी गठबंधन की आगामी बैठक का भी जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी दलों का एक साथ आना इस बात का संकेत है कि प्रधानमंत्री मोदी फिर से (चुनाव में) सफल होंगे।

## जन संवाद यात्रा आयोजित करेगी महाराष्ट्र कांग्रेस

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार की विफलताओं को उजागर करने के लिए तीन सितंबर से 12 सितंबर तक जन संवाद यात्रा आयोजित करने की अपनी योजना की शनिवार को घोषणा की। कांग्रेस विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) की 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में बैठक के बाद कार्यक्रम की शुरुआत करेगी।

अगले साल के आम चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए इंडिया का गठन किया गया है। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी के नेता (भाजपा) सरकार की विफलताओं को उजागर करने और विपक्षी गठबंधन का संदेश फैलानै के लिए सभी क्षेत्रों में तालुका, गांव और शहर स्तर पर दौरे करेंगे। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और अशोक चव्हाण क्रमश: पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में यात्रा का नेतृत्व करेंगे।

# शिवराज ने विस चुनाव से कुछ महीने पहले मंत्रिपरिषद का विस्तार किया

भाषा। भोपाल

**मध्य प्रदेश के** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के तीन विधायकों को मंत्री के रूप में शामिल करके अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। मंत्रिमंडल के विस्तार के साथ भाजपा ने तीन महीने से भी कम समय में होने वाले चुनावों से पहले मध्य प्रदेश में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण को साधने की कोशिश की है। राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने सुबह करीब नौ बजे यहां राज भवन में तीन विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई।

पूर्व मंत्री, ब्राह्मण नेता और विंध्य क्षेत्र के रीवा से चार बार के विधायक राजेंद्र शुक्ला, महाकौशल क्षेत्र के बालाघाट से सात बार के विधायक एवं मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन और बुंदेलखंड क्षेत्र के टीकमगढ़ जिले के खरगापुर से विधायक राहुल लोधी ने मंत्री पद की शपथ ली। लोधी पहली बार विधायक बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह के बाद एक अन्य कार्यक्रम से इतर मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव से लगभग 75 दिन पहले मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल पर पत्रकारों से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने वाली है।

इसके साथ ही शिवराज के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में अब कुल 34 सदस्य हो गए हैं। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक यह संख्या 35 तक जा सकती है। राज भवन के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्ला (59) और बिसेन (71) ने कैबिनेट मंत्री के रूप में, जबकि लोधी (46) ने राज्य मंत्री के तौर पर शपथ ली। हालांकि, तीनों को अभी विभाग का आवंटन नहीं किया गया है। लोधी भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती के भतीजे हैं। वहीं, बिसेन और लोधी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय से ताल्लुक रखते हैं, जिसकी मध्य प्रदेश की आबादी में 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है।

शुक्ला के शामिल होने से मंत्रिमंडल में विंध्य क्षेत्र के मंत्रियों की संख्या चार हो जाएगी, जबकि बिसेन के आने से महाकौशल इलाके के मंत्रियों की संख्या दो और लोधी के जुड़ने से बुंदेलखंड के मंत्रियों की संख्या पांच हो जाएगी। भाजपा सूत्रों ने कहा कि सत्ता विरोधी लहर से निपटने, जातिगत समीकरणों को संतुलित करने और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की सिफारिश पर कैबिनेट विस्तार किया गया है। इससे पहले, शिवराज कैबिनेट का आखिरी विस्तार जनवरी 2021 में हुआ था। शनिवार को किए गए विस्तार के बाद भी, कैबिनेट में एक और मंत्री के लिए जगह बची है।

# दार्जिलिंग और कलिम्पोंग में बंद से जनजीवन प्रभावित

**दार्जिलिंग (प. बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एक स्कूली छात्रा की हत्या के विरोध में कई दलों द्वारा आहूत 24 घंटे के बंद के कारण दार्जिलिंग और कलिम्पोंग इलाकों में शनिवार को जनजीवन प्रभावित रहा। गोरखा जनमुक्ति मोर्चा, हमरो पार्टी और सीपीआरएम (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ रेवोल्यूशनरी मार्क[सिस्ट) द्वारा संयुक्त रूप से बंद का आह्वान किया गया था। इस बंद के मद्देनजर दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, कार्सियांग, मिरिक और अन्य इलाकों में दुकानें बंद रहीं तथा अधिकतर वाहन सड़कों से नदारद रहे। आवश्यक सेवाओं को बंद के दायरे से बाहर रखा गया था। इससे पहले, 2017 में गोरखालैंड राज्य की मांग को लेकर 105 दिनों के बंद के बाद उत्तरी पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में यह पहला बड़ा बंद है। भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) के प्रमुख अनित थापा ने कहा है कि उन्होंने न तो बंद का समर्थन किया और न ही विरोध किया। उन्होंने कहा कि जिन्होंने बंद बुलाया है उन्हें समझना होगा कि मामला अदालत में है। पुलिस ने बताया कि सोमवार की शाम माटीगाड़ा इलाके के एक जर्जर मकान में छात्रा का शव मिला था। उसने बताया कि आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने छात्रा का यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की थी, लेकिन जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि जिस पत्थर से लड़की पर हमला किया गया था उसे भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि लड़की एक नेपाली-माध्यम स्कूल में 11वीं कक्षा की छात्रा थी और वह स्कूल से घर लौट रही थी, तभी आरोपी ने उसे रास्ते में रोक लिया। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) द्वारा इस मामले को लेकर सिलीगुड़ी में बृहस्पतिवार को 12 घंटे के बंद का आह्वान किया गया था।

# धार्मिक इबादतों के लिए आवासीय घर का उपयोग करने पर कोई प्रतिबंध नहीं: कर्नाटक उच्च न्यायालय

भाषा। बेंगलुरु

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय ने बेंगलुरु के एचबीआर लेआउट के कुछ निवासियों की ओर से दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) खारिज कर दी है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि एक आवासीय संपत्ति का इस्तेमाल इबादत के लिए किया जा रहा था।

मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति एम. जी. एस कमल की खंडपीठ ने हाल ही में एक जनहित याचिका खारिज करते हुए कहा, हमारे बार-बार पूछने के बावजूद वकील कानून के शासन में ऐसा कोई निषेध, रोक के प्रावधान दिखाने में असमर्थ रहे, जो किसी निवासी को अपने आवासीय स्थान का इबादत के लिए इस्तेमाल करने से रोकता हो। फैसले की प्रति अभी अदालत द्वारा जारी नहीं की गई है। सैम पी फिलिप, कृष्णा एसके, जगैसन टीपी और एचबीआर लेआउट के पांच अन्य निवासियों ने इस मुद्दे पर आवास और शहरी विकास विभाग, बीबीएमपी



और मस्जिद ई-अशरफित के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था। बाद में उनकी याचिका को जनहित याचिका में तब्दील कर दिया गया। यह दलील दी गई थी कि एक आवासीय क्षेत्र का इस्तेमाल इबादतगाह के रूप में किया जा रहा है, जिससे पड़ोसियों को परेशानी हो रही है। यह मामला पहले भी एक बार अदालत तक पहुंचा था जब मस्जिद ट्रस्ट ने बीबीएमपी की मंजूरी के बिना एक इमारत का निर्माण किया था। अदालत ने निर्देश दिया था कि बीबीएमपी से आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के बाद ही मदरसे के लिए भवन का निर्माण किया जा सकता है। इसके बाद इस इमारत का निर्माण किया गया और इसे गरीब बच्चों के लिए मदरसे के रूप में इस्तेमाल किया जाने लगा। संपत्ति पर नई इमारत बनने के बाद यह जनहित याचिका दायर की गई थी।

# फिल्म बाजीगर और हम आपके हैं कौन के गीतकार देव कोहली का निधन

**मुंबई (भाषा)।** बाजीगर और हम आपके हैं कौन.. जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए मशहुर अनुभवी गीतकार देव कोहली का आयु संबंधी बीमारियों के कारण शनिवार सुबह निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उनके प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता प्रीतम शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कोहली का कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में उम्र संबंधी समस्याओं का इलाज चल रहा था और दस दिन पहले उन्हें अंधेरी स्थित उनके आवास पर वापस लाया गया था। वह लगभग तीन महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने बताया, आयु संबंधी समस्याओं के कारण आज सुबह चार बजे अंधेरी स्थित आवास पर उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम पांच बजे मुंबई के ओशिवारा श्मशान में किया जाएगा। पाकिस्तान में जन्में कोहली, विभाजन के बाद 1948 में भारत आ गए। उनका परिवार कुछ समय के लिए दिल्ली में रहा और बाद में वह देहरादून स्थानांतरित हो गए। कोहली 1964 में मुंबई आए और 1969 में रिलीज हुए फिल्म गुंडा से उन्होंने गीतकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की।

# चंद्रयान-3 मिशन के दो उद्देश्य हासिल किए गए: इसरो

**बेंगलुरु (भाषा)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के तीन में से दो उद्देश्य हासिल कर लिए गए हैं, जबकि तीसरे उद्देश्य के तहत वैज्ञानिक प्रयोग जारी हैं। इसने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के सभी पेलोड सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। इसरो ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, चंद्रयान-3 मिशन: मिशन के तीन उद्देश्यों में से, चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग का प्रदर्शन पूरा हो गया है। चंद्रमा पर रोवर के घूमने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। तीसरे उद्देश्य के तहत वैज्ञानिक प्रयोग जारी हैं। सभी पेलोड सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं।



## चंद्रयान-3 के रोवर से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ का पता चलने की उम्मीद: जॉनसन

**नई दिल्ली।** वैश्विक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की विशेषज्ञ और निवेशक कैंडेस जॉनसन ने शनिवार को कहा कि चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर से यह दिखाने की उम्मीद है कि क्या चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ है। उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित बी-20 सम्मेलन में जॉनसन ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष मिशन सिर्फ उसके युवाओं को नहीं बल्कि दुनियाभर के युवाओं को प्रेरित कर रहा है ।जॉनसन ने कहा, रोवर ने अब चंद्रमा पर चहल-कदमी शुरू कर दी है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि कल जो तस्वीरें जारी की जाएंगी, वे यह बताने लगेंगी कि क्या दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ मौजूद है और क्या उस बर्फ का उपयोग पानी, ऑक्सीजन या ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। जॉनसन उपग्रह कंपनी एसईएस की सह-संस्थापक हैं। इस कंपनी ने भारत में उपग्रह संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए जियो के साथ साझेदारी की है। वे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी नॉर्थस्टार की वाइस चेयरपर्सन भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकियों में प्रगति और लांचरों के सस्ते होने से अंतरिक्ष में जाने की लागत कम हो गई है, जिससे अंतरिक्ष का लोकतंत्रीकरण हो रहा है।

# ईडी ने फेमा जांच के तहत 12 करोड़ नकद, सोना जब्त किया

भाषा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने विदेशी मुद्रा प्रबंधन के कथित उल्लंघन की जांच के तहत हैदराबाद के एक ऑडिटर के परिसर से 12 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी और सोना जब्त किया है। यह कार्रवाई 23 अगस्त को ब्राइटकॉम ग्रुप लिमिटेड के कार्यालय, उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एम. सुरेश रेड्डी और मुख्य वित्तीय अधिकारी एस एल एन राजू के आवासों और उसके ऑडिटर पी मुरली मोहन राव के आवास एवं कार्यालय पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत छापेमारी के बाद की गई है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि ईडी की जांच ब्राइटकॉम समूह द्वारा विदेश में अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से 868.30 करोड़ रुपए की संपत्ति छुपाने के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की जांच से जुड़ी है। एजेंसी ने कहा, ऑडिटर पी. मुरली मोहन राव (पी. मुरली एंड कंपनी) के आवास से 3.30 करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी और 9.30 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण और सोना-चांदी सहित संबंधित दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। उसने कहा, एम. सुरेश रेड्डी के आवासीय परिसर को सील कर दिया गया है। ईडी ने आरोप लगाया, यह पाया गया कि सहायक कंपनियों को ऋण के रूप में दिए गए 300 करोड़ रुपए से अधिक की रकम आंशिक रूप से अन्यत्र इस्तेमाल की गई या उसका कोई हिसाब नहीं रखा गया।

# राज्यपाल, मुख्यमंत्री से हवाई अड्डा आने का कष्ट न करने को कहा था : मोदी

भाषा। बेंगलुरु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने कर्नाटक के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से उनके स्वागत के लिए हवाई अड्डा नहीं आने का आग्रह किया था, क्योंकि लंबी उड़ान के बाद वह अपने आगमन के समय को लेकर आश्वस्त नहीं थे और इसलिए नहीं चाहते थे कि इन्हें सुबह इतनी जल्दी आने का कष्ट उठाना पड़े। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों से मुलाकात के लिए मोदी के बेंगलुरु आने से पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को एचएएल हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के लिए आने से कथित रूप से रोका।

इस बीच, हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए प्रोटोकॉल की अनदेखी करने को लेकर भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री आर. अशोक और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के बीच वाकयुद्ध छिड़ गया। प्रधानमंत्री यूनान की राजधानी एथेंस से सुबह करीब छह बजे सीधे बेंगलुरु पहुंचे, ताकि वह चंद्रयान-3 मिशन में शामिल इसरो के वैज्ञानिकों से मिल सकें। मोदी ने एचएएल (हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) हवाई अड्डे के बाहर बड़ी संख्या में एकत्र लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह बहुत दूर (एथेंस) से आ रहे हैं और उन्हें यह नहीं पता था कि वह किस समय यहां पहुंचेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार से उनके स्वागत के लिए हवाई अड्डा आने का कष्ट नहीं करने को कहा था, क्योंकि वह इसरो के वैज्ञानिकों को धन्यवाद देने के तुरंत बाद लौट जाएंगे। मोदी ने कहा, इसलिए, मैंने उनसे अनुरोध किया था कि जब मैं औपचारिक दौरा करूं, तो वे निश्चित



ही प्रोटोकॉल का पालन करें। उन्होंने सहयोग किया और मैं उनका शुक्रगुजार एवं आभारी हूं। रमेश ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री इस बात को लेकर सिद्धरमैया और शिवकुमार से चिढ़ गए कि उनसे पहले उन दोनों ने इसरो के वैज्ञानिकों को सम्मानित किया। रमेश ने मोदी पर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को रोककर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया था। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने यहां इसरो के टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) का बृहस्पतिवार को दौरा किया था और चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ और उनकी टीम को बधाई दी थी।

सिद्धरमैया ने चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा था कि राज्य सरकार इसके लिए इसरो की टीम को आधिकारिक तौर पर सम्मानित करने के वास्ते एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी। सिद्धरमैया ने कहा था, सरकार विधान सौध के सभागार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करके इसरो के अध्यक्ष (एस) सोमनाथ और उनकी टीम को आधिकारिक तौर पर सम्मानित करेगी। कर्नाटक के लगभग 500 वैज्ञानिक इस मिशन का हिस्सा थे। प्रधानमंत्री की अगवानी के लिए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के हवाईअड्डे पर नहीं जाने से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए भाजपा नेता अशोक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं को प्रोटोकॉल की कोई समझ नहीं है। अशोक ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस नेता वैज्ञानिकों की अनदेखी करना चाहते हैं। उन्होंने ही चंद्रयान-2 को रोका

# राहुल चीन के लद्दाख में भूमि छीनने का बेबुनियाद दावा करके लोगों को भ्रमित कर रहे: भाजपा नेता चुघ

भाषा। जम्मू

भाजपा के वरिष्ठ नेता तरुण चुघ ने शनिवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वे चीन के लद्दाख में बड़ी मात्रा में भूमि छीनने का बेबुनियाद दावा करके लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घटिया राजनीतिक खेल खेलने के लिए राहुल भारत-चीन सीमा मुद्दे पर अनुचित विवाद खड़ा कर रहे हैं। भारत-चीन सीमा मुद्दे को उठाते हुए गांधी ने शुक्रवार को कहा था कि लद्दाख में हर कोई जानता है कि चीन ने हमारी जमीन छीन ली है और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कहना बिलकुल गलत है कि एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं किया गया है।

लद्दाख के अपने नौ दिवसीय दौरे के आखिरी दिन करगिल में एक सार्वजनिक बैठक में राहुल कहा, मैंने पिछले सप्ताह अपनी मोटरसाइकिल पर पूरे लद्दाख का दौरा किया...लद्दाख एक रणनीतिक स्थान है और जब मैं पैंगोंग झील पर था, तो एक बात स्पष्ट थी कि चीन ने हजारों किलोमीटर भारतीय भूमि पर कब्जा कर लिया है। दुर्भाग्य से, प्रधानमंत्री...ने बयान दिया कि हमारी एक इंच भी जमीन नहीं छीनी गई, जो बिल्कुल झूठ है। चुघ ने कहा कि गांधी का बयान बेहद गलत तरीके से पेश किया गया और यह राष्ट्र-विरोधी था। भाजपा नेता ने गांधी पर लद्दाख के लोगों के बीच निराधार भय पैदा करके उन्हें गुमराह करने का आरोप लगाया। चुघ ने कहा, मोदी के कार्यकाल में एक इंच भी जमीन चीन के अधिकार में नहीं गई। दरअसल, कांग्रेस के समय में ही चीन ने भारतीय क्षेत्र पर अतिक्रमण किया था, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार इस मामले पर चुपचाप बैठी रही। चुघ ने दावा किया, डोकलाम संकट के दौरान दिल्ली में चीनी राजनयिकों के साथ नाश्ते पर बैठक करने के बाद राहुल चीन के प्रति नरम रुख के लिए पूरे देश में जाने जाते हैं।



श्रीनगर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी

# वेंकैया नायडू ने हवादार, किफायती आवास बनाने पर दिया जोर

**हैदराबाद (भाषा)।** पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा डेवलपर्स से हवा-रोशनी की पहुंच वाले और किफायती आवास बनाने को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नारेडको) की 25वीं वर्षगांठ पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने हैपी हाउसिंग फॉर ऑल का नारा भी दिया। नायडू ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा डेवलपर्स से आग्रह किया कि आवास ऐसे बनाए जाएं जिनमें पर्याप्त हवा, सूरज की रोशनी और पानी उपलब्ध हो। इससे लोग इन आवास इकाइयों में बिना किसी शिकायत के रह सकेंगे और अपना समय खुशी से बिता सकेंगे। पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचा क्षेत्र देश के विकास के लिए इतने महत्वपूर्ण हैं कि इन्हें खुशहाल, किफायती और स्वस्थ आवास की नींव पर बनाया जाना चाहिए।

# शासन का आधार है मंत्रिमंडल : हिमंत विश्व शर्मा

भाषा। गुवाहाटी

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि मंत्रिमंडल प्रणाली शासन का आधार है और साथ ही दावा किया कि पिछले 27 महीनों में राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए 98 प्रतिशत निर्णयों को लागू किया गया है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब एक दिन पहले ही गुवाहाटी में राज्य मंत्रिमंडल की 100वीं बैठक आयोजित हुई थी।

हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, मंत्रिमंडल प्रणाली हमारी शासन संरचना का आधार और सामूहिक निर्णय लेने का प्रमुख बिंदु है। लगातार बैठकों का उद्देश्य विचारों के अधिक आदान-प्रदान को सक्षम बनाना और निर्णय लेने में सरकार का संपूर्ण दृष्टिकोण सुनिश्चित करना है। राज्य सरकार ने मई 2021 में हर सप्ताह मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित करने का फैसला किया था। उन्होंने कहा कि बैठकों की आवृत्ति बढ़ाने के अलावा राज्य



सरकार ने मंत्रिमंडल निर्णयों की पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आशीर्वाद से, असम की विकास यात्रा एक बहुत महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार कर गई है। कल हमारी मंत्रिमंडल की 100वीं बैठक हुई। उन्होंने यह भी दावा किया कि मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों और उनके कार्यान्वयन की स्थिति को पहली बार सार्वजनिक किया गया है।

शर्मा ने कहा, पिछले 27 महीनों में, असम के मंत्रिमंडल ने।,238 फैसलों को मंजूरी दी है, जिनमें से।,217 या 98 फीसदी पहले ही लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मंत्रिमंडल को जनता के समीप ले गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल से प्रेरणा लेते हुए, हम मंत्रिमंडल को लोगों के समीप ले गए हैं। हमने गुवाहाटी के बाहर मंत्रिमंडल की बैठक बुलाने की प्रथा शुरू की है। उन्होंने कहा, मंत्रिमंडल की इन 100 बैठकों में, हमने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, अपनी संस्कृति का उत्सव मनाने, प्रशासन में सुधार करने, समाज को मजबूत करने और विकसित भारत में योगदान देने के लिए व्यापक निर्णय लिए हैं। हम असम को देश के शीर्ष पांच राज्यों में शुमार करने के अपने लक्ष्य को साकार करेंगे।

# कांग्रेस नेता सोनिया गांधी निजी यात्रा पर श्रीनगर पहुंची

**श्रीनगर (भाषा)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी शनिवार को निजी यात्रा पर श्रीनगर पहुंचीं, जबकि उनके बेटे राहुल गांधी एक दिन पहले ही अपने एक सप्ताह के लद्दाख दौरे के बाद यहां पहुंचे थे। शनिवार दोपहर को हवाई अड्डे पर पहुंचने पर सोनिया का उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया, जिनमें जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वकार रसूल वानी भी शामिल थे। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि अपने आगमन के तुरंत बाद सोनिया ने यहां निगीन झील का दौरा किया और नाव की सवारी का आनंद लिया। लद्दाख दौरे के बाद शुक्रवार को यहां पहुंचे वायनाड के सांसद राहुल भी निगीन झील में एक हाउसबोट पर रुके और परिवार के शनिवार को रैनावाड़ी इलाके के एक होटल में रुकने की संभावना है।

# केसीआर ने विपक्षी दलों की एक भी बैठक में हिस्सा नहीं लिया, भाजपा से मिले हुए हैं: खरगे

भाषा। हैदराबाद

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार के खिलाफ लड़ने के लिए 26 विपक्षी दल एक साथ आए, लेकिन खुद को धर्मनिरपेक्ष कहने वाले तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) एक भी बैठक में शामिल नहीं हुए।

खरगे ने यहां के निकट चेवेल्ला में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केसीआर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए धर्मनिरपेक्ष दलों की एकता के बारे में कभी बात नहीं की। उन्होंने कहा, आप यहां खुद को धर्मनिरपेक्ष पार्टी कहते हैं। लेकिन, आप वहां अंदर से भाजपा से मिले हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री देश में कांग्रेस पार्टी के योगदान पर सवाल उठाते हैं। खरगे ने कांग्रेस के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के योगदान में आजादी के बाद रियासतों का एकीकरण और संविधान का निर्माण, नेहरू युग के दौरान शुरू की गई सिंचाई परियोजनाएं, बैंकों का राष्ट्रीयकरण और प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान कंप्यूटर को बढ़ावा देना आदि शामिल हैं। उन्होंने तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के एससी, एसटी घोषणापत्र का एक पोस्टर जारी किया। घोषणा पत्र में पार्टी के 12 वादों का उल्लेख है। खरगे ने कहा, जब कांग्रेस तेलंगाना की सत्ता में आएगी, तो 12-सूत्री एससीएसटी घोषणा पत्र को लागू किया जाएगा।

# चोपड़ा की नजरें विश्व चैम्पियनशिप के स्वर्ण पदक पर

## ● पाकिस्तान के नदीम से मिल सकती है चुनौती

भाषा। बुडापेस्ट




**भारत** के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा रविवार को विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के फाइनल में जब उतरेंगे तब उनकी कोशिश स्वर्ण पदक जीत कर इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ करने के साथ भारत के निराशाजनक अभियान को सकारात्मक तरीके से खत्म करने की होगी।

पिछले सत्र के रजत पदक विजेता चोपड़ा ने क्वालीफिकेशन में 88.77 के प्रयास के साथ फाइनल और पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का किया। यह मौजूदा सत्र का उनका सर्वश्रेष्ठ और करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल डायमंड लीग चैंपियन बनने के अलावा ओलंपिक (2021 में तोक्यो), एशियाई खेल (2018) और राष्ट्रमंडल खेल (2018) में स्वर्ण पदक जीते हैं।

चोपड़ा अपने पहले प्रयास में बड़ा थ्रो फेंकना पसंद करते हैं और क्वालीफिकेशन के बाद अब रविवार को फाइनल में भी उनसे ऐसी ही उम्मीद है। चोपड़ा ने बीते साल अमेरिका में हुए इसके पिछले सत्र के क्वालिफिकेशन राउंड में 88.39 मीटर की दूसरी हासिल की थी। वह हालांकि फाइनल में 89.91 मीटर के प्रयास के साथ ग्रेनाडा के चैंपियन एंडरसन पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने मौजूदा सत्र में केवल दो शीर्ष प्रतियोगिताओं (दोहा और लुसाने डायमंड लीग मीटिंग) में भाग लिया है और दोनों में खिताब जीता है, लेकिन शुक्रवार को यहां उनके शीर्ष श्रेणी के थ्रो ने दिखाया कि वह शानदार फॉर्म और लय में हैं, और पहली बार विश्व चैम्पियनशिप का पीला तमगा हासिल करने के लिए अच्छी स्थिति में है। फाइनल में गत चैंपियन पीटर्स की अनुपस्थिति भी चोपड़ा का काम थोड़ा आसान होगा। पीटर्स पिछले कुछ समय से संघर्ष कर रहे है और क्वालिफिकेशन में 80 मीटर की दूरी भी तय नहीं कर सके।

चोपड़ा को ऐसे में चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच और जर्मनी के जूलियन वेबर के साथ पाकिस्तान के नदीम से कड़ी चुनौती मिलेगी।

बत्तीस साल के वडलेज ने तोक्यो ओलंपिक और 2022 विश्व चैंपियनशिप में रजत और कांस्य जीता था। उन्होंने इस सत्र में 89.51 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। चोपड़ा ने हालांकि दोहा और लुसाने डायमंड लीग में वाडलेच और वेबर दोनों को हराया है। इस प्रतियोगिता में पाकिस्तान के अरशद नदीम भी स्वर्ण के दावेदार बन कर उभरे है। नदीम पे पिछले साल बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 90 मीटर से अधिक थ्रो के साथ पीटर्स को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। यहां क्वालिफिकेशन में वह 86.79 मीटर के सर्वश्रेष्ठ के साथ चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान थे। पाकिस्तान का यह 26 साल का खिलाड़ी चोट से वापसी कर रहा लेकिन वह भाला को 90 मीटर तक पहुंचने की दौड़ में चोपड़ा से आगे है। चोपड़ा ने अभी तक 90 मीटर की दूरी हासिल करने में सफल नहीं रहे है।

भारतीय ओलंपिक चैंपियन ने हालांकि 2016 के दक्षिण एशियाई खेलों से शुरू होने वाली सभी स्पर्धाओं में पाकिस्तान के इस खिलाड़ी को पछाड़ा है।

## नीरज चोपड़ा के साथ कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं : पाक खिलाड़ी अरशद नदीम

**कराची।** पाकिस्तान के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम ने कहा कि ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा के साथ उनकी कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है और इस भारतीय के जैसे शीर्ष खिलाड़ी से सीखने की हमेशा गुंजाइश रहती है।

चोपड़ा और नदीम दोनों ने अगले साल के पेरिस ओलंपिक और रविवार को खेले जाने वाले विश्व चैंपियनशिप पुरुष भाला फेंक फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। चोपड़ा ने शुक्रवार को यहां बुडापेस्ट में अपने करियर के चौथे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88.77 मीटर के साथ विश्व चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया तो वहीं नदीम ने 86.79 मीटर की दूरी के साथ सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नदीम ने फाइनल में जगह बनाने के बाद मीडिया से कहा, मैं किसी से प्रतिस्पर्धा नहीं करता। मैं हमेशा खुद से प्रतिस्पर्धा और प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करता हूं। नीरज के साथ कोई प्रतिद्वंद्विता नहीं है। आप हमेशा शीर्ष एथलीटों से सीख सकते हैं। नदीम कोहनी की चोट से उबरकर लगभग एक साल बाद प्रतियोगिता में वापसी कर रहे है। उन्होंने कहा कि उनके मन में चोपड़ा के लिए बहुत सम्मान है। उन्होंने कहा, मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं कि वह अच्छा प्रदर्शन करें और मेरा काम अपने देश के लिए बेहतर से बेहतर बनना है। चोपड़ा पिछले साल कमर की चोट के कारण बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों से हट गए थे जहां नदीम ने 90.18 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। यह 56 वर्षों में ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा में पाकिस्तान का पहला पदक था।

# प्रणय सेमीफाइनल में हारे, विश्व चैम्पियनशिप में पहला पदक जीता

भाषा। कोपनहेगन

**एच** एस प्रणय का शनिवार को यहां यहां विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में स्वप्निल सफर पुरुष एकल सेमीफाइनल में थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्ण से तीन गेम में हारकर समाप्त हो गया जिससे उन्होंने कांस्य पदक से अपना अभियान खत्म किया। इस तरह भारत ने 2011 के बाद से विश्व चैम्पियनशिप में कम से कम एक पदक जीतने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। प्रणय (31 वर्ष) दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआती गेम की बढ़त गंवा बैठे। दूसरे गेम में वह 5-। से बढ़त बनाए थे लेकिन तीन बार के पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियन ने बेहतर डिफेंस और अटैक के बूते 18-21 21-13 21-14 से जीत हासिल कर लगातार दूसरे फाइनल में प्रवेश किया।




इस हार के बावजूद प्रणय के लिए यह शानदार उपलब्धि रही क्योंकि वह विश्व चैम्पियनशिप का पदक जीतने वाले पांचवें भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए। किदाम्बी श्रीकांत (रजत), लक्ष्य सेन (कांस्य), बी साई प्रणीत (कांस्य) और प्रकाश पादुकोण (कांस्य) पुरुष एकल में पदक जीत चुके हैं।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक स्वर्ण (2019) सहित पांच एकल पदक जीते हैं। साइना नेहवाल (रजत और कांस्य) ने दो पदक जीते हैं जबकि ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने 2011 में कांस्य पदक जीता था। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और गत चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन को हराने के एक दिन बाद प्रणय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। मलेशिया मास्टर्स खिताब जीतने वाले प्रणय का डिफेंस कमजोर दिखा और वह 76 मिनट के मुकाबले के दौरान निरंतरता नहीं दिखा सके।

इस सत्र में आस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता प्रणय पिछले साल आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दो कड़े गेम में हार गए थे और थाईलैंड के इस खिलाड़ी के डिफेंस की ताकत और वापसी करने की काबिलियत से वाकिफ थे। भारत के शीर्ष रैंकिंग के पुरुष एकल खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन दूसरे गेम से उनके खेल में थकान का असर दिखने लगा जो शायद पिछले दो दिन में खेले गए तीन गेम के मैचों के कारण हो।

प्रणय ने अपने पसंदीदा स्ट्रेट स्मैश से शुरुआत की लेकिन तीसरे वरीय वितिदसर्ण ने दो विनर जमाकर 3-3 से वापसी की और दोनों 5-5 की बराबरी पर आ गए। भारतीय खिलाड़ी ने रैली बढ़ाने की कोशिश और प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी की गलतियों से 9-5 से बढ़त बना ली। एक और शानदार क्रॉस कोर्ट स्मैश से वह 11-5 से आगे थे। उन्होंने रैलियों पर नियंत्रण बनाते हुए 16-8 से बढ़त बना ली। वितिदसर्ण ने अपने घुटने में चोट के उपचार के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया और वापसी में नेट शॉट लगाकर भारतीय खिलाड़ी को पहला गेम दे दिया।

दूसरे गेम में प्रणय के शॉट में काफी तेजी दिखी, उन्होंने एक बैकहैंड स्मैश के बाद क्रॉस कोर्ट फोरहैंड लगाकर 4-0 से बढ़त बना ली। थाईलैंड के खिलाड़ी ने प्रणय की कुछ गलतियों से अंतर कम करते हुए स्कोर 4-5 से 5-5 कर दिया। पर इसके बाद भारतीय खिलाड़ी का खराब प्रदर्शन शुरु हुआ और वह कई गलतियां कर बैठे। उनके शॉट कई बार वाइड चले गए। प्रणय ने अंतर कम करने की कोशिश में स्कोर 12-15 किया लेकिन वितिदसर्ण जल्द ही 18-13 से आगे हो लिए।

प्रणय ने फिर नेट में शॉट से वितिदसर्ण को सात गेम प्वाइंट दे दिए और इस भारतीय के लंबे शॉट से वह दूसरा गेम हासिल करने में सफल रहे।

## एफसी गोवा ने चेन्नईयिन एफसी को हराकर डूरंड कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**गुवाहाटी।** पूर्व चैम्पियन एफसी गोवा ने शनिवार को यहां चेन्नईयिन एफसी को 4-1 से हराकर 132वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। कार्ल मैकह्यूग (30वें मिनट), कार्लोस मार्टिनेज (37वें मिनट), नोआ सादोई (90वें मिनट) और विक्टर रोड्रिग्स (93वें मिनट) में गोवा की टीम के लिए गोल दागे। चेन्नईयिन एफसी के लिए एकमात्र गोल बिकास युमनाम ने पांचवें मिनट मे दागा।

## वेनेजुएला की त्रिकूद खिलाड़ी यूलिमर रोजास ने जीता लगातार चौथा विश्व खिताब

**बुडापेस्ट (हंगरी)।** वेनेजुएला की त्रिकूद खिलाड़ी यूलिमर रोजस ने यहां विश्व चैम्पियनशिप त्रिकूद स्पर्धा में शुक्रवार को अपने छठे और अंतिम प्रयास मे 15.08 मीटर (49 फुट, 5 3/4 इंच) की कूद लगाकर लगातार चौथा विश्व खिताब जीत लिया।तोक्यो ओलंपिक मे उनके स्वर्ण पदक को जोड़ा जाए तो वर्ष 2017 के बाद से उन्होने प्रमुख पांच मुकाबलो में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया है। रोजस ने कहा, मैने शब्दो को तलाशने कोशिश नही की बल्कि उन सभी लम्हो के बारे में सोचा जहां मैने वास्तव मे अच्छा प्रदर्शन किया था। यह बहुत मुश्किल था। तथ्य यह है कि अपने आखिरी प्रयास मे प्रतियोगिता को जीतना इसे बहुत खास और यादगार बनाता है। इस स्पर्धा मे यूक्रेन की मरीना बेख-रोमनचुक ने दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होने अपने देश के लिए बुडापेस्ट में पहला पदक जीता है। बेख-रोमनचुक की शुरुआती छलांग 15 मीटर(49 फुट 2 1/2 इंच) की थी जिससे वह मुकाबले मे बढ़त मे थी। क्यूबा की लियानिस पेरेज हर्नांडिज ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शृंखला के लिए चोटिल टंग की जगह जोर्डन को शामिल किया

**लंदन।** इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी ट्वेंटी20 श्रृंखला के लिए सें के आल राउंडर क्रिस जोर्डन को टीम में शामिल किया है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शनिवार को कहा कि जोर्डन वारेस्टरशर के तेज गेंदबाज जोश टंग की जगह लेंगे जो चोटिल हो गए है। टी20 क्रिकेट में 34 वर्षीय जोर्डन इंग्लैंड के सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले खिलाड़ी है। चार मैचों की श्रृंखला बुधवार से शुरू हो रही है।

## भारत की दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम ने स्वर्ण पदक जीता

**बर्मिंघम।** भारत की दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को आईबीएसए विश्व खेलो के फाइनल मे आस्ट्रेलिया पर नौ विकेट की जीत से स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। भारत ने आस्ट्रेलिया को निर्धारित ओवर मे आठ विकेट पर 114 रन के स्कोर पर समेट दिया और फिर संशोधित लक्ष्य 3.3 ओवर मे 42 रन बनाकर हासिल कर लिया। दृष्टिबाधितो के लिए क्रिकेट ने इस साल अंतरराष्ट्रीय दृष्टिबाधित खेल महासंघ (आईबीएसए) विश्व खेलो में पदार्पण किया। विश्व खेलो मे यह पहला फाइनल था और भारत ने बारिश से प्रभावित मैच मे आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हरा दिया।

## एशिया कप से पहले पीसीबी के नए अनुबंध पर गतिरोध कायम

**कराची।** पाकिस्तान और श्रीलंका मे होने वाले एशिया कप से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के बीच नए केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर को लेकर गतिरोध अभी तक बरकरार है। बोर्ड के एक सूत्र ने शनिवार को पुष्टि की कि अब भी कई मुद्दो को सुलझाया जाना बाकी है।

# प्रज्ञानानंदा, गुकेश एशियाई खेलों के शिविर के लिए 30 अगस्त को कोलकाता आएंगे

भाषा। कोलकाता

**विश्व** कप के रजत पदक विजेता ग्रैंड मास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानानंदा की अगुवाई में एशियाई खेलों के लिए जाने वाली भारतीय पुरुष शतरंज टीम के सदस्य चार दिवसीय रणनीतिक शिविर के लिए 30 अगस्त को यहां पहुंचेंगे।

प्रज्ञानानंदा के साथ इस दौरान विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती, अर्जुन एरिगैसी और आर गुकेश के अलावा अनुभवी पेंटाला हरिकृष्णा शिविर में मौजूद रहेंगे।

टीम का नेतृत्व मुख्य कोच (पूर्व ग्रैंडमास्टर) बोरिस गेलफेंड कर रहे हैं और इसमें कोच श्रीनाथ नारायणन, सहायक कोच वैभव सूरी और अर्जुन कल्याण शामिल हैं।



महिलाओं का कोचिंग शिविर मंगलवार तक चलेगा जिसमें कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री बी प्रतिभागी हैं।

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष संजय कपूर ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, एआईसीएफ खिलाड़ियों के लिए अटूट समर्थन और अत्याधुनिक सुविधाओं को मुहैया करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा, यह कोचिंग शिविर उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हांगझोउ में होने वाले एशियाई खेलों के पहले इससे खिलाड़ियों को रणनीति बनाने का मौका मिलेगा।

यह शिविर 31 अगस्त से नौ सितंबर तक यहां होने वाले टाटा स्टील शतरंज इंडिया रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के पांचवें सत्र के मौके पर आयोजित किया जाएगा।

एशियाई खेलों के लिए जाने वाली भारतीय टीम के सभी सदस्य टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें पूर्व विश्व ब्लिट्ज चैंपियन मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव और मौजूदा विश्व चैंपियन वेनजुन जू भी भाग लेंगे।

# चौथे नंबर के लिए परफेक्ट हैं विराट कोहली : डिविलियर्स

भाषा। नई दिल्ली

**दक्षिण** अफ्रीका के महान क्रिकेटर एबी डिविलियर्स का मानना है कि विश्व कप में भारत के लिए चौथे नंबर पर विराट कोहली सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं क्योंकि वह मध्यक्रम में हर भूमिका निभाकर पारी के सूत्रधार बन सकते हैं। युवराज सिंह के क्रिकेट से संन्यास के बाद से भारत को चौथे नंबर के लिए सही विकल्प नहीं मिला है। दो महीने बाद भारत में वनडे विश्व कप होना है और इस क्रम को लेकर बहस जारी है।

डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा , हम अभी भी यह बात कर रहे हैं कि भारत के लिए चौथे नंबर पर कौन उतरेगा। मैने सुना है कि विराट उतर सकता है। मैं भी इसका समर्थक हूं। उन्होंने कहा , विराट चौथे नंबर के लिए परफेक्ट हैं। वह पारी का सूत्रधार बन सकता है और मध्यक्रम में हर भूमिका निभाने में सक्षम है।

उन्होंने कहा , हमें पता है कि उसे तीसरे नंबर पर उतरना पसंद है। उसने अपने सारे रन उसी क्रम पर बनाए हैं लेकिन आखिर में अगर टीम आपसे कोई विशेष भूमिका चाहती है तो आपको उसे निभाना होता है। कोहली ने चौथे नंबर पर भी 39 पारियों में 1767 रन बनाए हैं। वह हालांकि आखिरी बार चौथे नंबर पर जनवरी 2020 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में खेले थे। एशिया कप के लिए लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को भारतीय टीम से बाहर किए जाने से निराश डिविलियर्स ने कहा , चहल को बाहर किया गया है।

# रणनीति पर अमल नहीं कर सके, विश्व चैम्पियनशिप से बाहर होने के बाद : सात्विक

भाषा। कोपनहेगन

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी ने स्वीकार किया कि वह और उनके जोड़ीदार चिराग शेट्टी विश्व चैम्पियनशिप क्वार्टर फाइनल में रणनीति पर अमल नहीं कर सके लेकिन उन्होंने कहा कि कड़ी चुनौती देकर उन्होंने साबित कर दिया कि वे चैम्पियन की तरह खेल सकते हैं।



सात्विक और चिराग विश्व चैम्पियनशिप में दूसरे पदक से चूक गए और क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स एस रासमुस्सेन से हार गए। पिछली बार उन्होंने कांस्य पदक जीता था। सात्विक ने मैच के बाद कहा , मुझे लगता है कि रणनीति पर अमल नहीं कर सके। हमने खराब खेला लेकिन फिर भी मुकाबला करीबी था। हम सहज नहीं खेल पा रहे थे लेकिन मैच 21. 18, 21. 19 तक ले गए जो बताता है कि हम चैम्पियन की तरह खेल सकते हैं। चिराग ने कहा , मुझे लय नहीं मिल सकी। मैं अपने स्तर पर नहीं खेल पा रहा था। मैं इससे बेहतर खेल सकता था लेकिन ऐसा होता है। खेल में कई बार आप अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं खेल पाते लेकिन हम इस हार से सबक लेकर वापसी करेंगे। सात्विक ने कहा , अपना दिन होने पर हम जीतते हैं लेकिन जब हमें पता चला कि यह दिन हमारा नहीं है , ऐसे में रणनीति कैसे बनाना और अपनी ताकत पर कैसे खेलना है, हम इस पर काम करेंगे।

# अवनि ने स्वीडन में एलईटी एक्सेस टूर खिताब जीता

भाषा। हूर (स्वीडन)

**अमेच्योर** गोल्फर अवनि प्रशांत यहां एशसेल फाइनल में बैक नाइन होल में शानदार प्रदर्शन की बदौलत इस साल यूरोप में खिताब अपने नाम करने वाली तीसरी भारतीय बन गईं।



अवनि ने शुक्रवार को अंतिम सात होल में चार बर्डी और एक ईगल लगाकर लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) एक्सेस सीरीज का खिताब जीता। किसी भारतीय महिला गोल्फर ने इस टूर्नामेंट में पहली बार खिताब जीता है। हालांकि अदिति अशोक और दीक्षा डागर इस सत्र के शुरु में मुख्य लेडीज यूरोपीय टूर खिताब जीत चुकी हैं। अवनि (16 वर्ष) ने पहले दो दौर में 72 और 71 के कार्ड खेले थे जिससे वह 36 होल के बाद संयुक्त रूप से नौंवे स्थान पर चल रही थीं।

अंतिम दौर में उनकी शुरुआती अच्छी नहीं रही, वह पहले और चौथे होल में बोगी कर बैठीं। पर उन्होंने पांचवें और आठवें होल में बर्डी लगाकर इसकी भरपाई की। वह 11 होल के बाद इवन पार चल रही थीं जिससे शीर्ष 10 में उनका स्थान तय हो गया था। पर बैक नाइन पर शानदार प्रदर्शन करके वह पहले स्थान पर रहने में सफल रही जिसमें उन्होंने बर्डी और ईगल लगाए। अवनि ने खिताब जीतने के बाद कहा, मेरी शुरुआत जिस तरह से हुई, उसके बाद पांच अंडर पार में रहना शानदार होता लेकिन खिताब जीतना और भी शानदार है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेरा पहला पेशेवर खिताब है। उन्होंने कहा, हवा के कारण पहले चार होल खेलने में मुश्किल हुई। नौवें होल के बाद मैं पार पर थी और फिर बैक नाइन पर हवा थोड़ी कम थी जिसका मैंने पूरा फायदा उठाया। अवनि ने इस साल मनीला में क्वीन सिरिकिट कप जीता था और अब उनकी निगाहें अगले महीने हांगझोउ में एशियाई खेलों में खेलने वाली भारत सबसे युवा गोल्फर बनने पर लगी हैं। भारत की अस्मिता सतीश और विधात्री उर्स कट से चूक गई थीं।

# भारतीय टेनिस खिलाड़ियों को एकल पर फोकस करना चाहिए : पेस और भूपति

भाषा। मुंबई



**महान** टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और महेश भूपति का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को युगल की बजाय एकल पर फोकस करना चाहिए। यह पूछने पर कि क्या भारतीय खिलाड़ियों को युगल पर अधिक ध्यान देना चाहिए, भूपति ने कहा , नहीं। वे ऐसा क्यो करेंगे। रमेश कृष्णन (80 के दशक के मध्य में) के बाद से हमारा कोई खिलाड़ी किसी ग्रैंडस्लैम में एकल क्वार्टर फाइनल तक नहीं गया है। हमें उसी पर फोकस करना चाहिए। युगल में हमने इतने ऊंचे मानक कायम किए हैं कि उस तक पहुंचने में दशक लगेंगे। यूएस पोलो एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर पेस ने कहा , आपको हर वर्ग को अलग करके देखना होगा। एकल हो, युगल या मिश्रित युगल , सभी टेनिस है। एकल पर फोकस करना चाहिए क्योंकि सबसे ज्यादा शोहरत उसी में मिलती है। उन्होंने इस साल के विम्बलडन चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्काराज का उदाहरण दिया जो 20 वर्ष की उम्र में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने कहा , एकल के लिए युवाओं को तैयार करना सबसे कठिन है। अल्काराज को देखो जो सिर्फ 20 साल का है और दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी है।

# नीदरलैंड को अभ्यास मैचों से भरोसा

भाषा। बेंगलुरु

**नीदरलैंड** की टीम पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे एकदिवसीय विश्व कप के लिए सितंबर के मध्य में भारत में शिविर लगाने के साथ स्थानीय टीमों के साथ कुछ अभ्यास मैच खेल कर अपनी तैयारियों को पुख्ता करेगी।

विश्व कप के क्वालीफाइंग चरण में वेस्टइंडीज जैसी कुछ बड़ी टीमों को पछाडने वाले नीदरलैंड के कोच रेयान कुक को उम्मीद है कि भारत में पहले पहुंच कर अभ्यास शिविर लगाने से टीम को फायदे की स्थिति में रहेगी।

बेंगलुरु में शिविर लगाने के बाद यह टीम विश्व कप से पहले तिरुवनंतपुरम में अभ्यास मैचों में भारत और ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी।

कुक ने शनिवार को मीडिया से कहा, हम अपनी तरफ से पुरजोर तैयारी कर रहे है। भारत में खिलाड़ी शिविर में समय बिताएंगे और फिर कुछ अभ्यास मैच होंगे। हमें उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट के दौरान टीम के लिए मददगार होगा। विश्व कप शुरू होने के बाद हर खिलाड़ी का मकसद उसमें अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

नीदरलैंड की टीम ने जुलाई में क्वालीफाइंग मुकाबलों के बाद एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है जिससे बड़े टूर्नामेंट से पहले उनकी तैयारी प्रभावित हो रही है।

नीदरलैंड 1996 और 2011 में भारत में हुए विश्व कप का हिस्सा था लेकिन टीम इन दोनों सत्रों में एक भी मैच जीतने में सफल नहीं रही।



टीम के कप्तान स्कॉट एडवर्ड हालांकि इतिहास को ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते है।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि अतीत को याद करने की जरूरत है। आपके पास अब बिलकुल नई टीम है। हम इसे टीम के नजरिए से देख रहे है। हमें लगता है कि इस टीम ने पिछले दो साल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है।

विश्व कप लीग चरण में नीदरलैंड का मुकाबला भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान जैसे टीमों से होगा जिसमें विश्व स्तरीय स्पिन गेंदबाज है।

ऑरेंज आर्मी ने पिछले एक साल में श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों के खिलाफ खेला है और उसे इन दोनों टीमों के बारे में पता है।

कुक ने कहा कि पिछला अनुभव उनके काम आएगा, लेकिन बड़े टूर्नामेंट में टीम को खासकर स्पिनरों के खिलाफ और अधिक दमखम दिखाना होगा।

उन्होंने कहा, जाहिर है, उनकी टीम में शानदार स्पिन गेंदबाज है और स्पिन के खिलाफ हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। ऐसे में हमें अपने मौकों को भुनाने के लिए प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा करना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम मौके का फायदा उठाए। हमें प्रतिद्वंद्वी टीमों पर दबाव बनाना होगा। हम अभ्यास के दौरान इन सभी मुद्दों पर बात करते है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि हम उन्हें टक्कर देने और विश्व कप के कुछ मैचों को जीतने में सफल रहेंगे।

## भुल्लर संयुक्त 11वें स्थान पर पहुंचे, अहलावत और लाहिड़ी संयुक्त 15वें स्थान पर खिसके

**सेंट एंड्रयूज ( स्कॉटलैंड )।** एशियाई टूर पर भारत के सबसे सफल गोल्फर गगनजीत भुल्लर सेंट एंड्रयूज बे चैम्पियनशिप के दूसरे दिन पांच अंडर 67 के कार्ड के दम पर संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर पहुंच गए। भुल्लर दो दौर में 69 और 67 के कार्ड से कुल आठ अंडर के स्कोर बनाया है। लाहिड़ी ने दूसरे दौर के आखिरी दो होल में लगातार दो बोगी कर के एक ओवर 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में 66 का स्कोर किया था। लाहिड़ी की तरह ही पहले दौर में 66 का स्कोर करने वाले वीर अहलावत ने दूसरे दौर में एक ओवर 71 का स्कोर बनाया। दोनों खिलाड़ी संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर है। प्रतियोगिता में भाग ले रहे 14 भारतीयों में से आठ कट में जगह बनाने में सफल रहे जिसमें अजीतेश संधू (70-68), एसएसपी चौरसिया (69-71), राहिल गंगजी (70-70), विराज मदप्पा (67-73) और राशिद खान (70-71) शामिल है। एस चिक्कारंगप्पा (71-71), हनी बैसोया (73-69), करणदीप कोचर (77-70), ज्योति रंधावा (75-73), खलिन जोशी (74-74) और कार्तिक शर्मा (76-75) कट में प्रवेश पाने में नाकाम रहे।

# भारत का बड़ा नुकसान कराया तीन पहलवानों ने

भाषा। गोंडा

**कैसरगंज** से भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू से डब्ल्यूएफआई की सदस्यता रद्द होने के लिए तीन पहलवानों बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को जिम्मेदार ठहराया।



बृजभूषण ने शनिवार को एक निजी कालेज में आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि सदस्यता रद्द होने के लिए ए प्रदर्शन करने वाले पहलवान जिम्मेदार हैं, जिन्होंने कुश्ती और देश के पहलवानों के साथ मजाक किया है।

उन्होंने कहा, आज बहुत दुखद स्थिति है कि चुनाव न हो पाने के लिए भारत पहली बार यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) से प्रतिबंधित हुआ है। यदि इस समस्या का शीघ्र समाधान न हुआ तो भारत को बड़ा नुकसान होगा। एशियाई खेलों, ओलंपिक खेलों और विश्व चैम्पियनशिप में भारत के ध्वज तले कोई भी पहलवान कुश्ती नहीं लड़ सकेगा।

बृजभूषण ने कहा कि डब्लूएफआई का अध्यक्ष कौन होगा, यह कुश्ती महासंघ तय करेगा, न कि कोई खिलाड़ी। उन्होंने कहा, हरियाणा में आज मतदान करवा लीजिए, फिर देखिए कौन किसका समर्थन करता है? मैंने जनवरी में चुनाव कराने की कोशिश की थी। लेकिन, आपको पता है कि मेरे ऊपर क्या-क्या आरोप लगाए गए? इसके बाद सरकार ने मुझसे कुछ दिन तक कुश्ती से दूर रहने को कहा। इसके बाद भी मैंने चार बार चुनाव कराने की कोशिश की, लेकिन, हर बार कोई न कोई अवरोध उत्पन्न होता रहा।

बृजभूषण ने कहा, यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने इस बार स्पष्ट चेतावनी दी थी कि 45 दिन के अंदर अगर चुनाव नहीं होता है, तो भारत की सदस्यता रद्द कर दी जाएगी। अन्ततः यही हुआ।

उन्होंने कहा, पहले गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने स्थगन आदेश दिया। इसके बाद पंजाब उच्च न्यायालय ने ऐसा ही आदेश दिया। आप सबको पता होगा कि उत्तर प्रदेश से मैं और मेरा बेटा करण सिंह मतदाता थे, लेकिन खिलाड़ियों की मांग पर मैंने बेटे समेत स्वयं को इससे अलग कर लिया, लेकिन फिर भी चुनाव नहीं हो पाया। इसका परिणाम देश के सामने है।

सांसद ने कहा, खेल मंत्रालय के कहने पर मैंने खुद को कुश्ती से अलग कर दिया। अब न तो मैं और न मेरे परिवार का कोई भी सदस्य इसका हिस्सा है। अब वे यह मांग करने लगें कि मैं भारत की नागरिकता छोड़ दूं, तो यह मेरे लिए संभव नहीं है।